# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच

गुरुवार, 02 अप्रैल, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 88, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com




## सेंसेक्स में 1187 अंकों की उछाल

चालू वित्त वर्ष के पहले दिन शेयर बाजार में तेजी रही और सेंसक्स 1,187 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 348 अंक की बढ़त में रहा। } 10

## कांग्रेस खुलकर घुसपैठियों का समर्थन करती है : मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आरोप लगाया कि अगर कांग्रेस असम में सत्ता में आई तो वह घुसपैठियों की रक्षा के लिए कानून लाएगी, लेकिन भाजपा और उसके सहयोगी ऐसा होने नहीं देंगे। } 12

# जनता ने राजनीति से कचरा हटाकर विकास को चुना : योगी

❍ सीएम ने 250 इलेक्ट्रिक एवं सीएनजी वाहनों को किया फ्लैग ऑफ ❍ पूर्व सरकारों को पसंद था अंधेरा, रोशनी देने की नहीं थी सोच

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लखनऊ नगर निगम के बेहतर कूड़ा प्रबंधन के लिए पर्यावरण अनुकूल हरित ऊर्जा से संचालित 250 इलेक्ट्रिक एवं सीएनजी वाहनों को फ्लैग ऑफ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता ने जब राजनीतिक कचरे को हटाकर बदलाव की नींव रखी, उसी का परिणाम है कि स्वच्छता के क्षेत्र में डबल इंजन सरकार की ओर से शुरू किए गए प्रयास सफल रहे और रैंकिंग में उल्लेखनीय सुधार हुआ। मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा कि प्रदेश में 2017 के पहले सत्ताधारी दलों को अंधेरा पसंद था, लेकिन हम सूर्य के उपासक हैं और सूर्यवंशी श्रीराम के अनुज लक्ष्मण जी के नाम पर लक्ष्मणपुरी में विकास को आगे बढ़ा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नव निर्माण के 9 वर्षों में आज हमारा लखनऊ स्वच्छता



रैंकिंग में देश के टॉप-3 शहरों में शामिल हुआ है। अब इस उपलब्धि को नई ऊंचाई देने के लिए हम नेट जीरो लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हैं, जहां कार्बन उत्सर्जन न्यूनतम हो और प्रदूषण रहित व्यवस्था विकसित हो। इसी दिशा में इलेक्ट्रिक व्हीकल्स को बढ़ावा देना एक महत्वपूर्ण और सराहनीय पहल है, जो स्वच्छ और हरित भविष्य की नींव रखेगी। प्रधानमंत्री जी की ...शेष पृष्ठ 10 पर

## योगी ने बारिश से परेशान किसानों का जाना हाल

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के कई जनपदों में बुधवार को हुई बारिश से परेशान किसानों का हाल जाना। उन्होंने असमय बारिश के कारण किसानों को होने वाली परेशानी के बारे में जिलाधिकारियों से रिपोर्ट मांगी। अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मौसम की मार झेलने वाले किसानों को परेशानी न हो, किसान हित सरकार की प्राथमिकता है। किसानों की बर्बाद हुई फसल के नुकसान का आकलन कर संपूर्ण जानकारी एकत्र करें और उन्हें जल्द से जल्द राहत दिलाएं। सीएम योगी ने निर्देश दिया कि राजस्व, कृषि विभाग व बीमा कंपनी फसल नुकसान का तत्काल संयुक्त सर्वे कराकर शासन को अवगत कराएं, जिससे ...शेष पृष्ठ 10 पर

## डिजिटल भुगतान के लिए दो स्तरीय सत्यापन हुआ जरूरी

एजेंसी

नयी दिल्ली। ऑनलाइन भुगतान में धोखाधड़ी पर रोक लगाने के लिए यूपीआई समेत सभी डिजिटल मंचों से होने वाले लेनदेन के लिए दो-स्तरीय प्रमाणीकरण बुधवार से अनिवार्य हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के निर्देशों के तहत सभी तरह के डिजिटल लेनदेन के लिए अब दो-स्तरीय सत्यापन करना अनिवार्य हो गया है।

❍ धोखाधड़ी पर लगेगी रोक

नये नियम के तहत कोई भी डिजिटल लेनदेन पूरा करने के लिए उपयोगकर्ता का दो स्तरों पर सत्यापन करना होगा। इसका मतलब है कि अब केवल यूपीआई पिन डालने से ही भुगतान पूरा नहीं होगा बल्कि ओटीपी, अंगुली के निशान या चेहरे का सत्यापन जैसे कदम भी जरूरी होंगे। इस तरह यूपीआई पिन लीक होने की स्थिति में भी अनधिकृत भुगतान को रोका जा सकेगा। आरबीआई ने कहा है कि सभी डिजिटल भुगतान लेनदेन में दो-स्तरीय सत्यापन करना अनिवार्य है। हालांकि इसके लिए किसी विशेष तरीके को अनिवार्य नहीं किया गया है। लेकिन अधिकांश मामलों में एसएमएस के जरिये आने वाले वनटाइम पासवर्ड (ओटीपी) का अतिरिक्त सुरक्षा के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। केंद्रीय बैंक ने अपने निर्देश में कहा था कि बैंक और गैर-बैंकिंग संस्थाओं समेत सभी भुगतान प्रणाली प्रदाताओं और प्रतिभागियों को एक अप्रैल, ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### चंडीगढ़ में भाजपा कार्यालय के बाहर विस्फोट

चंडीगढ़। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पंजाब इकाई के कार्यालय के बाहर बुधवार शाम हुए विस्फोट से अफरा-तफरी मच गई और पुलिस ने इलाके को घेर लिया। किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। प्रदेश भाजपा के मीडिया प्रकोष्ठ के प्रमुख विनीत जोशी ने बताया कि शाम लगभग पांच बजे ये आवाजें सुनाई दीं। सेक्टर 37 में इमारत के बाहर खड़ा एक स्कूटर क्षतिग्रस्त हो गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कंवरदीप कौर सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और केंद्रीय फॉरेंसिक प्रयोगशाला की एक टीम मुआइना करने के लिए घटनास्थल पर पहुंची। जोशी ने पत्रकारों से कहा, हमने विस्फोट की आवाज सुनी।

### रूसी सेना का विमान दुर्घटनाग्रस्त, 29 मरे

मॉस्को। रूस का एक सैन्य विमान उसके कब्जे वाले क्रीमिया में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार चालक दल के छह सदस्य और 23 यात्री मारे गए। रूसी समाचार एजेंसियों ने देश के रक्षा मंत्रालय के हवाले से बुधवार तड़के यह जानकारी दी। खबरों के अनुसार, एएन-26 सैन्य परिवहन विमान क्रीमिया प्रायद्वीप के ऊपर एक निर्धारित उड़ान पर था और मंगलवार शाम लगभग छह बजे सेना का विमान से संपर्क टूट गया। क्रीमिया को रूस ने 2014 में यूक्रेन से अपने कब्जे में ले लिया था। रूस की शीर्ष जांच एजेंसी इन्वेस्टिगेटिव कमेटी ने बताया कि विमान में चालक दल के कुल सात सदस्य और 23 यात्री सवार थे। आधिकारिक बयानों से यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाया कि दुर्घटना में चालक दल का कोई सदस्य जीवित बचा या नहीं। रूसी समाचार एजेंसी इंटरफैक्स ने रक्षा मंत्रालय के हवाले से बताया कि प्रारंभिक तौर पर दुर्घटना का कारण तकनीकी खराबी माना जा रहा है। सरकारी समाचार एजेंसियों तास और आरआईए नोवोस्ती के अनुसार, घटनास्थल पर मौजूद सूत्रों ने बताया कि विमान एक चट्टान से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हुआ।

### बस की टक्कर से बाइक सवार तीन की मौत

मुजफ्फरनगर। जिले में बुधवार को एक तेज रफ्तार स्कूल बस ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे उस पर सवार 45 वर्षीय एक व्यक्ति और उसके दो बच्चों की मौत हो गई, जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। दुर्घटना तितावी थाना क्षेत्र के अंतर्गत हैदरनगर-जलालपुर मार्ग पर हुई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने कहा कि पीड़ितों की पहचान महिपाल (45), उनके बेटे अभि (8) और बेटी राधिका (12) के रूप में हुई, जिनकी मौके पर ही मौत हो गई। महिपाल की पत्नी पूनम (40) गंभीर रूप से घायल हो गईं और उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।


# विमान ईंधन और वाणिज्यिक सिलेंडर के दाम बढ़े

❍ एटीएफ की कीमतें हुईं दोगुनी ❍ घरेलू एयरलाइंस में 8.5 प्रतिशत वृद्धि ❍ वाणिज्यिक सिलेंडर 195.50 रुपये तक हुआ महंगा

एजेंसी

नयी दिल्ली। वैश्विक स्तर पर तेल कीमतों में आए उछाल के कारण एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) या विमान ईंधन की कीमत बुधवार को बढ़ाकर रिकॉर्ड 2.07 लाख रुपये प्रति किलोलीटर से अधिक कर दी गई। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों ने घरेलू विमानन कंपनियों के लिए इसे 8.5 प्रतिशत तक सीमित रखा गया। इसी के साथ 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक सिलेंडर (होटल-रेस्तरां में इस्तेमाल होने वाला) की कीमत भी 195.50 रुपये बढ़ा दी गई है। दिल्ली में अब इसकी कीमत 2,078.50 रुपये हो गई है। घरेलू रसोई गैस (14.2 किलोग्राम) की कीमत में हालांकि कोई बदलाव नहीं किया गया है और दिल्ली में यह 913 रुपये प्रति सिलेंडर बनी हुई है।

ऊर्जा क्षेत्र में मजबूत रुझानों के बीच वाणिज्यिक एलपीजी और प्रीमियम पेट्रोल की दरों में भी वृद्धि की गई। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों के अनुसार, घरेलू एयरलाइन





कंपनियों के लिए एटीएफ की कीमत में 8,289.04 रुपये प्रति किलोलीटर या 8.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। उन्हें विमान ईंधन 104,927.18 रुपये प्रति किलोलीटर की कीमत पर मिलेगा। पिछले महीने यह 96,638.14 रुपये प्रति किलोलीटर थी। इसके साथ ही, व्यावसायिक एलपीजी की कीमत में 195.50 रुपये प्रति सिलेंडर (19 किलोग्राम) की वृद्धि की गई। देश में बिकने वाले चुनिंदा प्रीमियम या ब्रांडेड पेट्रोल और डीजल के दाम भी बढ़ाए गए हैं। इस प्रकार के ईंधन का इस्तेमाल दो से पांच प्रतिशत तक है। इससे एक्स्ट्रा ग्रीन डीजल की कीमत 1.50 रुपये बढ़कर 92.99 रुपये प्रति लीटर हो गई है। वहीं 100 ऑक्टेन पेट्रोल (एक्सपी100) की कीमत 11 रुपये प्रति लीटर बढ़कर 160 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है सामान्य या बिना ब्रांड वाले पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित हैं। साथ ही घरेलू खाना पकाने वाली गैस एलपीजी की दरें भी यथावत हैं। पेट्रोलियम मंत्रालय ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय तेल कीमतें एक महीने में 100 डॉलर प्रति बैरल से अधिक हो जाने के बावजूद केवल 25 प्रतिशत (यानी 15 रुपये प्रति लीटर या 15,000 रुपये प्रति किलोलीटर) की आंशिक एवं चरणबद्ध बढ़ोतरी का भार ही विमानन कंपनियों पर डाला जा रहा है। नागर विमानन मंत्रालय ने भी इस आंकड़े का समर्थन किया। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने दोनों आंकड़ों के बीच अंतर को यह कहते हुए स्पष्ट किया कि एक आंकड़ा सभी उपकर व करों सहित अंतिम दर को दर्शाता है, जबकि 25 प्रतिशत का आंकड़ा एटीएफ के आधार...शेष पृष्ठ 10 पर

## विधवा महिला ससुर से गुजारा भत्ता पाने की हकदार : कोर्ट

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा है कि कोई महिला अपने पति की मृत्यु के बाद ससुर से गुजारा भत्ता पाने की हकदार है। न्यायमूर्ति अरिंदम सिन्हा और न्यायमूर्ति सत्यवीर सिंह की पीठ ने हाल ही में दिए गए निर्णय में कहा यह सुस्थापित नियम है कि पति पर पत्नी के भरण पोषण का दायित्व होता है।

अदालत ने कहा यह स्थिति उन परिस्थितियों से उपजी है जहां पति-पत्नी अलग हो गए हों और पत्नी ने गुजारा भत्ता की मांग की हो। अदालत ने कहा इसी प्रकार पत्नी का भरण पोषण करने का यह दायित्व, पति की मृत्यु के बाद भी लागू रहता है और कानून विधवा को अपने ससुर से भरण पोषण करने का दावा करने की अनुमति देता है। अदालत ने अकुल रस्तोगी नाम के व्यक्ति की प्रथम अपील खारिज करते हुए उक्त टिप्पणी की। हिंदू दत्तक ग्रहण एवं भरण पोषण अधिनियम के मुताबिक, एक विधवा बहू अपने ससुर से गुजारा भत्ता की मांग कर सकती है, बशर्ते वह अपनी कमाई से या अपनी स्वयं की संपत्ति से खुद का भरण पोषण करने मे असमर्थ हो। कानून के अनुसार विधवा बहू अपने ...शेष पृष्ठ 10 पर

# ईरान ने बहरीन में अमेजन ऑफिस पर किया हमला

❍ माइक्रोसॉफ्ट-एपल, गूगल भी निशाने पर ❍ 2-3 हफ्ते में खत्म हो जायेगा युद्ध : ट्रंप

एजेंसी

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी। ईरान ने बहरीन में आज अमेरिकी कंपनी अमेजन वेब सर्विस के एक डेटा सेंटर पर हमला किया। फाइनेंशियल टाइम्स के मुताबिक, हमले के बाद उस जगह पर आग लग गई। इससे पहले बहरीन के गृह मंत्रालय ने भी बताया था कि एक कंपनी की इमारत में आग लगी है, जिसे फायर ब्रिगेड की टीम बुझा रही थी। हालांकि उस समय कंपनी का नाम नहीं बताया गया था। यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब एक दिन पहले ईरान की रिवोल्यूशनरी गाड्र्स ने मिडिल ईस्ट में काम कर रही 18 अमेरिकी कंपनियों को निशाना बनाने की धमकी दी थी।



इनमें माइक्रोसॉफ्ट, एपल, गूगल, मेटा जैसी कंपनियां शामिल हैं। वहीं डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के साथ युद्ध खत्म करने के लिए किसी समझौते (डील) की जरूरत नहीं है। अमेरिका यह युद्ध 2 से 3 हफ्तों में खत्म कर सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि उनके द्वारा अमेरिकी जनता को संबोधित करने से पहले ईरान के राष्ट्रपति युद्धविराम चाहते हैं। ट्रंप ने यह दावा अपनी ट्रुथ सोशल...शेष पृष्ठ 10 पर

## ईरान को व्यवस्थित तरीके से कुचला जा रहा है : नेतन्याहू

यरुशलम। ईरान के खिलाफ युद्ध में बड़ी उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार शाम कहा कि इजराइल-अमेरिका का संयुक्त अभियान इस्लामी शासन को व्यवस्थित तरीके से कुचल रहा है और इस यहूदी राष्ट्र के सामने मौजूद अस्तित्वगत खतरों को खत्म कर रहा है। यहूदी पर्व पेसाच (पासओवर) से पहले हिब्रू में राष्ट्र को संबोधित करते हुए नेतन्याहू ...शेष पृष्ठ 10 पर

# वोकल फॉर लोकल की भावना को किया मजबूत : धामी

आईटीबीपी और उत्तराखंड औद्योगिक परिषद के बीच हुआ समझौता

एजेंसी

देहरादून। वोकल फॉर लोकल की भावना को मजबूत करने की दिशा में बुधवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की मौजूदगी में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) और उत्तराखंड औद्यानिक परिषद के बीच हुए समझौता सम्पन्न हुआ।

वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के अंतर्गत हुआ समझौता राज्य के सीमावर्ती इलाकों के विकास और किसानों की आर्थिक सुदृढ़ता की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हो सकता है। इस पहल ने न केवल स्थानीय उत्पादों को एक बड़ा बाजार उपलब्ध कराने का मार्ग प्रशस्त किया है, बल्कि सीमांत क्षेत्रों में





आत्मनिर्भरता को भी नई गति देने की उम्मीद जगाई है। इस समझौते के उपरांत चमोली, उत्तरकाशी, पिथौरागढ़ और चंपावत जैसे दुर्गम और सीमावर्ती जनपदों के किसानों को अब अपनी उपज के लिए दूर-दराज के बाजारों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। वहीं देहरादून जैसे प्रमुख केंद्रों तक भी इन उत्पादों की आपूर्ति को सुव्यवस्थित किया जाएगा, जिससे मांग और आपूर्ति के बीच संतुलन स्थापित होगा। मुख्यमंत्री धामी ...शेष पृष्ठ 10 पर



**आज का मौसम**

अधिकतम : 34.06 डिसे.
न्यूनतम : 23.00 डिसे.


**भीतर पढ़ें**

- ❍ टाटा की लखनऊ यूनिट में 15 से बनेंगे इलेक्ट्रिक व्हीकल (पृष्ठ-02)
- ❍ लोक निर्माण विभाग ने बजट खर्च में रचा इतिहास (पृष्ठ-02)
- ❍ बिजली की खपत मार्च में बढकर 150 अरब यूनिट पर (पृष्ठ-14)
- ❍ कच्चा तेल 3 प्रतिशत टूटकर 9,265 रुपये बैरल (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** सीमापार हैकिंग, एआई-जनित फिशिंग, डीपफेक के खतरे से निपटने में सक्षम होगा यूपी

# वैश्विक साइबर सुरक्षा का कवच बनेगा यूपी का फॉरेंसिक इंस्टीट्यूट

विशेष संवाददाता

लखनऊ। बदलते साइबर अपराध के तौर-तरीकों पर लगाम कसने के लिए योगी सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। राजधानी लखनऊ स्थित उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस में 500 से ज्यादा साइबर फॉरेंसिक वारियर तैयार किए जा रहे हैं,

❍ वन स्टॉप सेंटर में होगा क्वांटम कंप्यूटिंग के हर अत्याधुनिक विषय का समाधान : डॉ. गोस्वामी

जो भविष्य में सीमापार हैकिंग, एआई जनित फिशिंग, डीपफेक और उभरते डिजिटल खतरों से मुकाबला करने में अहम भूमिका निभाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर साइबर सुरक्षा को लेकर विशेष कार्य किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में आयोजित मीट माई मेन्टोर कार्यक्रम में साइबर सुरक्षा और क्वांटम तकनीक के विशेषज्ञों ने स्पष्ट किया कि आने वाले समय में साइबर अपराध का स्वरूप और अधिक जटिल होगा, लेकिन यूपी की यह पहल इसे रोकने में निर्णायक साबित



होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और राष्ट्रीय क्वांटम मिशन, भारत सरकार के सदस्य डॉ. अजय सिंह ने संस्थान की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्थान विश्वस्तरीय बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और नए साइबर खतरों से निपटने में अत्यंत कारगर साबित होगा। उन्होंने कहा कि आज साइबर खतरे केवल ईमेल या एसएमएस तक सीमित नहीं हैं, बल्कि अब वॉइस क्लोनिंग, डीपफेक वीडियो और फर्जी वीडियो कॉल के जरिए भी बड़े पैमाने पर अपराध किए जा रहे हैं। यूपी स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस के जरिए इन खतरों से निपटना आसान हो जाएगा। डॉ. अजय सिंह ने चेताया कि अब ऐसे मालवेयर सामने आ रहे हैं जो खुद सीख सकते हैं और अपने आप विकसित होकर सुरक्षा तंत्र को

❍ नये साइबर खतरों से निपटने में कारगर साबित होगा इंस्टीट्यूट : डॉ. अजय सिंह

भी चकमा दे सकते हैं। क्लाउड कंप्यूटिंग की सीमाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि डेटा पर हमला कई संगठनों को प्रभावित करता है। ऐसे में फॉरेंसिक विशेषज्ञों की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। संस्थान के संस्थापक निदेशक डॉ. जी.के. गोस्वामी ने कहा कि क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी तकनीकें हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनने वाली हैं और यही समय है जब युवाओं को इसके लिए तैयार किया जाए। उन्होंने छात्रों को कानूनी, फॉरेंसिक और तकनीकी ज्ञान को एक साथ जोड़कर ...शेष पृष्ठ 10 पर

## कोडीन युक्त कफ सिरप तस्करी का सरगना शुभम भगोड़ा घोषित

जिला संवाददाता

वाराणसी। स्थानीय अदालत ने कोडीन युक्त कफ सिरप तस्करी मामले के सरगना शुभम जायसवाल को नोटिस मिलने के बावजूद तय समय सीमा के अंदर अदालत में पेश नहीं होने पर भगोड़ा घोषित कर दिया है।

रोहनिया थाने के प्रभारी राजू सिंह ने बताया कि फास्ट ट्रैक अदालत ने 27 फरवरी को एक नोटिस जारी किया था जिसमें जायसवाल को 30 दिन में पेश होने का निर्देश दिया गया था। सिंह ने कहा कि चूंकि उसने तय समय सीमा में आदेश का पालन नहीं किया इसलिए मंगलवार देर रात जांच अधिकारी दिनेश त्रिपाठी की शिकायत पर उसके खिलाफ एक मामला दर्ज किया गया और अब उसे फरार घोषित कर दिया गया है। जायसवाल पिछले साल 19 नवंबर को वाराणसी के भधवार इलाके में लगभग दो करोड़ रुपये मूल्य के कोडीन युक्त कफ सिरप को नष्ट किए जाने से जुड़े एक मामले में आरोपी है।

सिंह ने बताया कि रोहनिया थाने में जायसवाल, उसके पिता भोला जायसवाल, आजाद जायसवाल और गाजियाबाद के सौरभ त्यागी समेत कई लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। हालांकि जायसवाल अब भी फरार है। यह घटनाक्रम राज्य में कोडीन-युक्त कफ सिरप के अवैध व्यापार के खिलाफ जारी व्यापक कार्रवाई के बीच हुआ है। पुलिस ...शेष पृष्ठ 10 पर



# बाबू बनारसी दास कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज में सिल्वर जुबिली एलमुनाई रीकनेक्ट 2026

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** 25 वर्षों की शैक्षणिक उत्कृष्टता का जश्न मनाते हुए बाबू बनारसी दास कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज,बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय,लखनऊ द्वारा 29 मार्च 2026 को सिल्वर जुबिली 'एलमुनाई रीकनेक्ट - रीयूनाइटिंग स्माइल्स, रिवाइविंग मेमोरीजऱ का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन बीबीडीयू की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता, प्रो-चांसलर विराज सागर दास तथा बीबीडी ग्रुप की वाइस प्रेसिडेंट सुश्री सोनाक्षी दास के मार्गदर्शन और सहयोग से किया गया। डॉ. अखिलेश दास गुप्ता ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम में 100 से अधिक पूर्व छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने प्रिय संस्थान में लौटकर पुरानी यादों को ताजा किया तथा संस्थान की गौरवशाली यात्रा का उत्सव मनाया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के हार्दिक स्वागत एवं पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन से हुआ जिसके पश्चात छात्रों द्वारा प्रस्तुत मंगलमय गणेश वंदना ने वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। इसके बाद संस्थान की उपलब्धियों, विकास और अत्याधुनिक सुविधाओं को दशोर्ती एक वीडियो प्रस्तुति ने कार्यक्रम की दिशा निर्धारित की। कॉलेज की प्राचार्या प्रोफेसर (डॉ.) नीता पसरीचा ने सभी का स्वागत करते हुए विभिन्न बैचों के पूर्व छात्रों के पुनर्मिलन पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने पूर्व छात्रों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने शैक्षणिक एवं क्लिनिकल उत्कृष्टता के माध्यम से संस्थान की विरासत को और सशक्त बनाया है। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर श्री कृष्ण श्रीवास्तव एवं प्रो वाइस चांसलर प्रोफेसर (डॉ) एस सी शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रहीं। कुलपति महोदय ने संस्थान की 25 वर्षों की सफल यात्रा पर बधाई दी तथा कॉलेज की पहचान निर्माण में पूर्व छात्रों के योगदान की सराहना की। कुलपति द्वारा उन्हें उनके उत्कृष्ट योगदान एवं उपलब्धियों के लिए स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। उदघाटन सत्र के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आरंभ हुआ। इसमें छात्रों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक नृत्य एवं मित्रता पर आधारित मधुर समूह गीत ने सभी को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम के उत्साहपूर्ण वातावरण को और अधिक जीवंत बनाते हुए पूर्व छात्रों ने भी स्वतःस्फूर्त प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें भावपूर्ण शायरी, मधुर गिटार वादन एवं गायन शमिल था। शिक्षकगणों द्वारा प्रस्तुत एक विशेष समूह गीत, जो पूर्व छात्रों को समर्पित था, को सभी ने सराहा।

एलुमनाई संवाद सत्र के दौरान पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए, आपसी जुड़ाव को मजबूत किया और एक-दूसरें की जीवन यात्राओं से प्रेरणा ली। एक विशेष वीडियो प्रस्तुति के माध्यम से 25 वर्षों की यादगार तस्वीरों ने सभी को अतीत की स्मृतियों में ले गया। कार्यक्रम के अंत में पूर्व डीनों के संदेशों ने अपने अनुभव, स्नेह और संस्थान के प्रति गहरे लगाव को व्यक्त किया। उनके शब्दों में अब तक की यात्रा पर गर्व तथा भंविष्य के लिए आशा और प्रेरणा सूपष्ट झलक रही थी। एलुमनाई समिति की अध्यक्षा डॉ., जिजी जॉर्ज, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल पैथोलॉजी एवं माइक्रोबायोलॉजी विभाग द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया, जिसमें कार्यक्रम की सफलता में योगदान देने वाले सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर एक स्मरणीय समूह छायाचित्र लिया गया, जिसने इस पुनर्मिलन की भावना को साकार किया और स्थायीं सबधों का प्रतीक बना। इसके पश्चात हाई-टी सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व छात्रों ने शिक्षकों एव वर्तमान छात्रों के साथ संवाद स्थापित कर अपने अनुभव साझा किए और नए संबंधों को और मजबूत किया परिसर भ्रमण के दौरान पूर्व छात्रों को पिछले 25 वर्षों में हुए विकास एवं प्रगति की झलक दिखाईं गईं।

सिल्वर जुबिली 'एलुमनाई रीकनेक्ट - रीयूनाइटिंग स्माइल्स, रिवाइविंग मेमोरीजऱ हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। पूर्व छात्रों ने संस्थान के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करते हुए इस पुनर्मिलन को प्रतिवर्ष आयोजित करने का संकल्प लिया। यह आयोजन संस्थान की समृद्ध विरासत एव उसके शैक्षणिक परिवार के बीच मजबूत संबंधों का सशक्त प्रतीक बनकर उभरा।

# फार्मर रजिस्ट्री के आधार पर आसानी से मिलेगा किसान हितैषी योजनाओं का लाभ : सीएम

## फार्मर रजिस्ट्री के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर लगेंगे विशेष शिविर

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में फार्मर रजिस्ट्री को व्यापक स्तर पर लागू करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी किसानों का पंजीकरण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि यथाशीघ्र प्रत्येक ग्राम पंचायत में विशेष शिविर आयोजित कर किसानों को फार्मर रजिस्ट्री से जोड़ा जाए, ताकि कोई भी पात्र किसान इस व्यवस्था से वंचित न रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार फार्मर रजिस्ट्री को कृषि क्षेत्र में एकीकृत लाभ वितरण प्रणाली के रूप में विकसित कर रही है। इसके अंतर्गत कृषि विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों की सभी लाभार्थीपरक योजनाओं को फार्मर रजिस्ट्री से जोड़ा जा रहा है, जिससे किसान को विभिन्न योजनाओं का लाभ एक ही पहचान के आधार पर सरल और व्यवस्थित तरीके से प्राप्त हो सके। उन्होंने निर्देश

- **नाम या अभिलेखों में त्रुटि, आधार से लिंक कर प्राथमिकता के आधार पर संशोधित किया जाये**

दिए कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना सहित अन्य योजनाओं में यदि लाभार्थियों के नाम या अभिलेखों में कोई त्रुटि अथवा असंगति है तो उसे आधार से लिंक कर प्राथमिकता के आधार पर संशोधित किया जाए।

साथ ही प्रत्येक पात्र किसान का किसान पहचान पत्र बनवाना सुनिश्चित किया जाए, जिससे योजनाओं के लाभ वितरण में किसी प्रकार की बाधा न आए और पात्रता का सत्यापन सुगम हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि विभाग अपनी सभी योजनाओं को फार्मर रजिस्ट्री से जोड़ने के लिए आवश्यक तकनीकी व्यवस्था निर्धारित समयसीमा में तैयार करे और विभागीय पोर्टल को 01 मई 2026 तक पूर्ण रूप से क्रियाशील बनाया जाए। इसके माध्यम से लाभार्थियों के चयन और लाभ वितरण की प्रक्रिया को डिजिटल एवं एकीकृत रूप में संचालित किया जा सकेगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता एवं लघु सिंचाई जैसे सहयोगी विभाग भी अपनी योजनाओं में किसान पहचान पत्र के उपयोग के लिए कृषि विभाग के साथ समन्वय स्थापित करें और 31 मई 2026 तक आवश्यक तैयारियां पूरी कर लें, ताकि सभी विभागों में एक समान व्यवस्था लागू हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से किसानों को योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया अधिक प्रभावी होगी और लाभ प्राप्त करने में अनावश्यक जटिलताएं समाप्त होंगी। इससे संसाधनों का लक्षित उपयोग संभव होगा तथा विशेष परिस्थितियों में आवश्यक कृषि इनपुट का वितरण अधिक व्यवस्थित तरीके से किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था के लागू होने से योजनाओं का लाभ पारदर्शी ढंग से किसानों तक पहुंचेगा और एक ही लाभार्थी को बार-बार लाभ मिलने की स्थिति की समीक्षा भी सहज रूप से की जा सकेगी।

# टाटा की लखनऊ यूनिट में 15 से बनेंगे इलेक्ट्रिक व्हीकल

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को राजधानी के कूड़ा प्रबंधन के लिए 250 इलेक्ट्रिक एवं सीएनजी वाहनों को फ्लैग ऑफ कार्यक्रम के दौरान कहा कि आज उत्तर प्रदेश देश में पब्लिक ट्रांसपोर्ट, विशेषकर मेट्रो संचालन में अग्रणी बनकर उभरा है। लखनऊ, कानपुर, आगरा, मेरठ, गाजियाबाद, नोएडा-ग्रेटर नोएडा सहित 7 शहरों में मेट्रो सेवा शुरू हो चुकी है। बेहतर पब्लिक ट्रांसपोर्ट के कारण यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। केवल लखनऊ में ही प्रतिदिन लगभग एक लाख लोग मेट्रो से यात्रा कर रहे हैं। यह स्पष्ट करता है कि जनता को सुविधा चाहिए और उसे उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी है, जिसे सरकार प्रभावी ढंग से निभा रही है।

सीएम ने कहा इलेक्ट्रिक बस सेवा का तेजी से विस्तार किया जा रहा है और सिटी बस सेवाओं को चरणबद्ध तरीके से इलेक्ट्रिक बसों में बदला जा रहा है। शहरों को आपस में जोड़ने और

- **अशोक लीलैंड के बाद अब टाटा की इलेक्ट्रिक बस मैन्युफैक्चरिंग यूनिट भी शुरू होगी**
- **लखनऊ बन रहा क्लीन सिटी और ग्रीन सिटी**

सैटेलाइट सिटी को कनेक्ट करने के लिए भी इलेक्ट्रिक बस नेटवर्क विकसित किया जा रहा है। लखनऊ में अशोक लीलैंड की इलेक्ट्रिक बस मैन्युफैक्चरिंग यूनिट शुरू हो चुकी है। साथ ही 15 अप्रैल से टाटा की लखनऊ स्थित ऑटोमोबाइल यूनिट में भी इलेक्ट्रिक व्हीकल निर्माण को आगे बढ़ाया जाएगा। यह दर्शाता है कि सही दिशा में पहल होने पर निवेशक स्वतः आकर्षित होते हैं और विकास को गति मिलती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन जैसी व्यवस्था सामान्य लगती है, लेकिन 2017 से पहले इसकी सोच भी नहीं थी। सत्ता में बैठे लोगों के कारनामे भी कूड़े से भरे थे। अव्यवस्था और गंदगी का परिणाम इंसेफेलाइटिस, डेंगू, मलेरिया और फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारियों के रूप में सामने आता था, जिसने उत्तर प्रदेश को बुरी तरह प्रभावित किया। जो राज्य विकास और विरासत का नेतृत्व कर सकता था, वह खुद बीमारू बन गया था, जहां मासूमों की असमय मौतें होती थीं। उस दौर में संवेदनहीनता और उपेक्षा हावी थी, लेकिन आज स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। आज उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य नहीं, बल्कि भारत की अर्थव्यवस्था का एक मजबूत ग्रोथ इंजन बनकर उभरा है और देश की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में अपनी जगह बना रहा है। हमने बीमारियों पर प्रभावी नियंत्रण के साथ कूड़े से उत्पन्न समस्याओं का भी समाधान किया है। जहां स्वच्छता होगी, समृद्धि भी वहीं आएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए इलेक्ट्रिक व्हीकल इस अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। पिछले दिनों लखनऊ के लोकप्रिय सांसद राजनाथ सिंह की ओर से 200 से अधिक ऐसे वाहनों को हरी झंडी दिखाई गई थी, अब 250 नए वाहन लखनऊ के हर वार्ड में लगाए जा रहे हैं, जिससे घर-घर कूड़ा प्रबंधन को और सशक्त किया जाएगा और शहर को क्लीन सिटी, ग्रीन सिटी बनाने की दिशा में गति मिलेगी। इसी क्रम में गोमती नदी के पुनरुद्धार और कुकरैल क्षेत्र से अतिक्रमण हटाकर सौमित्र वन का विकास किया गया है। जो पहले उपेक्षित क्षेत्र था, आज वहां का परिवर्तित स्वरूप लोगों को आकर्षित कर रहा है और लखनऊ के सकारात्मक बदलाव की पहचान बन चुका है। सीएम योगी ने कहा कि हाल में बाहर से आए कुछ लोगों ने सौमित्र वन के बारे में पूछा, तो मैंने बताया कि पहले की सरकारों ने नदी पर अवैध कब्जे कराए थे, उसे हटाकर यह सिटी वन विकसित किया गया है। सौमित्र नाम भगवान लक्ष्मण जी के नाम पर रखा गया है, जो उनके प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है। आज यह स्थान लखनऊ की शान बन चुका है।

# लोकसभा अध्यक्ष ने पूर्वांचल की सांस्कृतिक विरासत को सराहा

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को पूर्वांचल महोत्सव 'माटी-9' में एक विशिष्ट सभा को संबोधित किया। यह महोत्सव पूर्वांचल क्षेत्र की कला, खान-पान, पर्यटन और विरासत के जश्न को समर्पित है।

माटी (मिट्टी) विषय पर आधारित यह कार्यक्रम इस क्षेत्र के लोगों और उनकी पैतृक जड़ों के बीच के गहरे संबंध का रेखांकित करता है। इस अवसर पर श्री बिरला ने भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान में पूर्वांचल के योगदान की सराहना की। उन्होंने जोर देकर कहा कि पूर्वांचल की माटी केवल मिट्टी नहीं है; यह लचीलेपन, परंपरा और जीवंत सामुदायिक भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा, हमारी मिट्टी की खुशबू ही हमारी पहचान को परिभाषित करती है। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि 'माटी 9' जैसे उत्सव यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक हैं कि युवा वैश्विक सफलता प्राप्त करने के बाद भी अपनी जड़ों से जुड़े रहें।

सांस्कृतिक संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए, श्री बिरला ने स्थानीय बोलियों, लोक कलाओं और पारंपरिक व्यंजनों को सुरक्षित रखने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ये तत्व न केवल इतिहास को सहेजते हैं, बल्कि भारत के राष्ट्रीय ताने-बाने को भी मजबूत करते हैं। इसके अलावा, उन्होंने पूर्वांचल के सांस्कृतिक पर्यटन के केंद्र के रूप में उभरने पर बधाई दी और विश्वास व्यक्त किया कि यहाँ की अनूठी विरासत स्थानीय उद्यमिता और आर्थिक विकास को बढ़ावा देगी। उन्होंने पूर्वांचल के प्रवासियों की भी प्रशंसा की और कहा कि विदेशों में रहने वाले यहां के लोग अपनी मातृभूमि के मूल्यों को बनाए रखे हुए हैं और वैश्विक प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

श्री बिरला ने कहा, आज पूर्वांचल के लोगों ने देश और दुनिया भर में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। उन्होंने उल्लेख किया कि संसद के गलियारों से लेकर ग्रामीण समाज के जमीनी स्तर तक और स्थानीय गांवों से लेकर अंतरराष्ट्रीय मंचों तक - पूर्वांचल के लोगों की प्रतिभा और प्रतिबद्धता राष्ट्र के लिए एक प्रेरक शक्ति बनी हुई है।

# रबी फसलों की खरीद के लक्ष्यों का आवंटन जारी

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने रबी विपणन वर्ष 2026-27 में मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत विभिन्न फसलों की खरीद के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश और लक्ष्यों का आवंटन जारी कर दिया गया है। शासन की ओर से जारी आदेश के अनुसार, तूर (अरहर-खरीफ), चना, मसूर एवं लाही-सरसों की अधिकतम अनुमन्य मात्रा के क्रय हेतु केंद्रीय और राज्य स्तरीय एजेंसियों के मध्य लक्ष्यों का विभाजन सुनिश्चित कर दिया गया है। इस वर्ष इन फसलों की खरीद की कार्यवाही 07 अप्रैल से प्रारंभ की जाएगी। इस संबंध में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही की अध्यक्षता में बुधवार को कृषि भवन के समीक्षा कक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कृषि मंत्री ने स्पष्ट किया कि मूल्य समर्थन योजना का लाभ फार्मर रजिस्ट्री कराने के बाद ही किसानों को मिल सकेगा।

# भाजपा की नकारात्मक नीतियों की वजह से देश में असंतुलन : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने व्यापार जगत से अपील की है कि भाजपा के पक्षपात की वजह से देश के व्यापार जगत में भूचाल आ गया है। किसी को वैध तरीके से हासिल किये गये सौदे से वंचित किया जा रहा है। जिसकी वजह से वे खुलकर-लिखकर विरोध कर रहे हैं और उनके विरोध को देश के दूसरे बड़े कारोबारी लिखा-पढ़ी में आगे बढ़ा रहे हैं।

भाजपा की एकतरफा नकारात्मक नीतियों की वजह से एक तो देश में असंतुलन हो रहा है, दूसरी तरफ विदेशी निवेशक विश्वास खो रहे हैं क्योंकि उनको लगता है कि जब भारतीय कारोबारियों के बीच ही इतने बड़े स्तर पर भेदभाव किया जा रहा है, तो हम तो विदेशी हैं, हमको न जाने कब इन का सामना करना पड़े। इन हालातों में भारतीय व्यापार जगत के बीच कटुता का माहौल बनने की आशंका जन्म ले रही है, जो भारत जैसी विकासशील अर्थव्यवस्था के लिए हर तरह से बेहद हानिकारक है। सच्चाई तो ये है कि ऐसे में हमें डॉ. लोहिया जी की वो बात याद करनी चाहिए जिसका मर्म यह था कि पक्षपात के कारण उपजे असमान अवसरों की वजह से जो व्यापारिक प्रतिस्पर्धा, प्रतिद्वंद्विता में बदल जाती है, उसकी वजह से पूंजीपति ही पूंजीपति को खत्म करने लगता है। जिसका नुकसान न सिर्फ. पूँजीपतियों, कारोबारियों, व्यापारियों को होता है बल्कि देश की जनता को भी होता है क्योंकि ऐसे में संसाधन एक-दूसरे को खत्म करने में लगने लगते हैं; न कि विकास-तरक्की के लिए उद्योग-धंधों को आगे बढ़ाने में। इससे कच्चे माल की खपत घटती है और काम के अवसर भी।

संबंधित छोटे उद्योग भी इससे प्रभावित होते हैं और सबसे ज्यादा रोजगार देनेवाले टरटए का भट्ठा बैठ जाता है। साथ ही देश की इंटरनेशनल इमेज पर बहुत बुरा असर पड़ता है। इससे मंदी, बेरोजगारी और बेकारी का संकटकाल और भी गहरा जाता है, आजकल ऐसा ही दौर चल रहा है।

ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी दो-तीन लोगों का पक्षपात करने से नहीं बनेगी। हम पक्षपात झेल रहे व्यापार-जगत से कहते हैं कि वो निराश न हों क्योंकि बुरे दिन जाने वाले हैं। भाजपा जाए तो समान अवसर आए।

## कुशल अधिकारियों की भाजपा सरकार में कोई अहमियत नहीं : अखिलेश यादव

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि कुशल अधिकारियों की भाजपा सरकार में कोई अहमियत नहीं है। भाजपा में तो उनकी पूछ है जिनकी चोरी के पैसों की ही चोरी हो जाती है या जो निवेश तक में 5 प्रतिशत का प्रवेश शुल्क वसूल लेते हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि हर अच्छे अधिकारी से हमारी माँग है कि भावावेश में आकर कोई फैसला न करें, बुरे दिन जाने वाले हैं। पीडीए सरकार आएगी और सबको उचित मान-सम्मान-स्थान देगी क्योंकि पीडीए की सरकार जनता की सरकार होगी, जो समस्याओं के समाधान व असमानताओं को दूर करने के लिए सच में विकास के काम करेगी। क्वॉलिटी वर्क और तय समय सीमा के अंदर काम को पूरा करने के लिए हमेशा ही बेहतरीन ऑफिसर्स की जरूरत पड़ती है। अपने काम में पारंगत अधिकारियों की हमने हमेशा कद्र की है और आगे भी करेंगे। अखिलेश यादव ने कहा कि पीड़ित अधिकारी हो या कर्मचारी सभी भाजपा को हटाने के लिए पीडीए के साथ हैं। पीड़ा बढ़ रही है, इसीलिए पीडीए बढ़ रहा है क्योंकि जो पीड़ित, वो पीडीए। उन्होंने कहा कि बुरे-दिन-जाने वाले-हैं।

# लोक निर्माण विभाग ने बजट खर्च करने में रचा इतिहास

## 36,293.95 करोड़ के बजट का 84.26 प्रतिशत किया खर्च

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में बजट व्यय के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उपलब्ध वित्तीय आंकड़ों के अनुसार विभाग ने स्वीकृत बजट के सापेक्ष अभूतपूर्व व्यय सुनिश्चित कर राज्य के विकास कार्यों को नई गति प्रदान की है। लोक निर्माण विभाग की यह उपलब्धि राज्य सरकार की विकासोन्मुखी नीतियों, सुदृढ़ वित्तीय अनुशासन तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समर्पित प्रयासों का परिणाम है। विभाग द्वारा आगामी वर्षों में भी इसी प्रकार जनहित एवं आधारभूत संरचना विकास के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए नई ऊंचाइयों को प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभाग को कुल लगभग 36,293.95 करोड़ (स्थापना सहित) का बजट प्राप्त हुआ, जिसके सापेक्ष 30,581.98 करोड़ का व्यय किया गया, जो कुल बजट का 84.26 प्रतिशत है। वहीं स्थापना व्यय

- **बेहतर प्लानिंग, नियमित समीक्षा जवाबदेही से मिली बड़ी उपलब्धि**




को छोड़कर विभाग द्वारा 32,676.49 करोड़ के बजट के सापेक्ष 28,086.82 करोड़ का व्यय करते हुए 85.95 प्रतिशत की उच्चतम उपलब्धि दर्ज की गई। विशेष रूप से, विभाग ने 28,000 करोड़ के निर्धारित लक्ष्य को पार करते हुए 28,087 करोड़ का व्यय कर लक्ष्य से अधिक उपलब्धि हासिल की है। यह उपलब्धि विभाग की कार्यकुशलता, प्रभावी वित्तीय प्रबंधन एवं समयबद्ध क्रियान्वयन का प्रत्यक्ष प्रमाण है। पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 की तुलना में भी विभाग ने उल्लेखनीय प्रगति की है, जिसमें 23,850 करोड़ के व्यय के मुकाबले इस वर्ष 28,086.82 करोड़ का व्यय दर्ज किया गया है, जो स्पष्ट रूप से विकास कार्यों में तीव्रता को दशार्ता है।

यह भी उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष के अंतिम दिनों में विभाग द्वारा निरंतर प्रगति करते हुए 31 मार्च 2026 तक व्यय को निर्धारित लक्ष्य से आगे बढ़ाया गया। विभाग द्वारा सभी प्रमुख लक्ष्यों—23,000 करोड़ से लेकर 28,000 करोड़ तक—को सफलतापूर्वक प्राप्त कर लिया गया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के पीछे मुख्यमंत्री के निदेर्शों के अनुरूप प्रमुख सचिव अजय चौहान और प्रमुख अभियंता ए.के. द्विवेदी का कुशल नेतृत्व और रणनीतिक प्रबंधन अहम माना जा रहा है।

पिछले दो महीनों से लगातार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बजट खर्च की मॉनिटरिंग की वजह से कार्यों में तेजी आई और धनराशि का समयबद्ध उपयोग सुनिश्चित हुआ। इससे न केवल विकास कार्यों को गति मिली है, बल्कि विभाग की कार्यशैली में भी सकारात्मक बदलाव देखने को मिला है।

# दूर-दराज क्षेत्रों में बनें अतिरिक्त गेहूँ क्रय केन्द्र

**लखनऊ।** मुख्य सचिव एस.पी. गोयल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों के साथ बैठक कर जनकल्याणकारी एवं कृषि से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए। बैठक में गेहूँ खरीद व्यवस्था, पीएम किसान पंजीकरण और उर्वरक वितरण प्रणाली की समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में गेहूँ खरीद 30 मार्च से शुरू हो चुकी है, इसलिए सभी जनपदों में शेष क्रय केन्द्रों को तत्काल सक्रिय किया जाए। उन्होंने सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों की सुविधा के लिए अतिरिक्त गेहूँ क्रय केन्द्र स्थापित करने के निर्देश दिए। साथ ही बिना पंजीकरण के आने वाले किसानों का मौके पर ही पंजीकरण कर खरीद सुनिश्चित करने को कहा गया। उन्होंने निर्देश दिए कि 30 अप्रैल तक प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के सभी पात्र किसानों का पंजीकरण अनिवार्य रूप से पूरा कराया जाए।

## योगी सरकार में कौशल विकास मिशन का बड़ा कदम

# पहले दिन 99,075 प्रशिक्षण लक्ष्य आवंटित

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** योगी सरकार प्रदेश में कौशल विकास को नई गति देते हुए उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ने वित्तीय वर्ष के पहले ही दिन 99,075 प्रशिक्षण लक्ष्यों का आवंटन 957 ट्रेनिंग पार्टनर्स को जारी कर दिया।

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल के निर्देशन में इस वर्ष पहली बार ग्रेडिंग नीति को सार्वजनिक कर प्रशिक्षण केंद्रों का मूल्यांकन किया गया। इसी आधार पर प्राइवेट, इंडस्ट्रियल और सरकारी पार्टनर्स को लक्ष्य आवंटित किए गए, जिससे जवाबदेही और गुणवत्ता सुनिश्चित हुई है। मिशन निदेशक पुलकित खरे की पहल पर इस प्रक्रिया को पारदर्शी, तेज और प्रभावी बनाया गया है।

प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना की समय सीमा 90 दिन से घटाकर 30

- **मंत्री कपिल देव अग्रवाल के निर्देशन में ग्रेडिंग आधारित पारदर्शी व्यवस्था लागू**

दिन कर दी गई है। साथ ही स्मार्ट टॉप-अप व्यवस्था लागू की गई है, जिसके तहत बेहतर प्रदर्शन करने वाले संस्थान बैच समाप्ति से पहले अतिरिक्त लक्ष्य प्राप्त कर सकेंगे। पूरी प्रक्रिया को डिजिटल कर दिया गया है। अब इम्पैनलमेंट, लक्ष्य आवंटन और भुगतान पूरी तरह ऑनलाइन होंगे।

23 फरवरी 2026 के नए नियमों के तहत संस्थाओं को उनकी ग्रेडिंग और प्रशिक्षण गुणवत्ता के आधार पर भुगतान किया जाएगा, जिससे पारदर्शिता और दक्षता दोनों में वृद्धि होगी। मिशन निदेशक पुलकित खरे ने कहा कि अकसहित आधुनिक कौशल प्रशिक्षण, हर वर्ग को प्राथमिकता प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सॉफ्ट स्किल्स, लाइव क्लास और इंडस्ट्रियल विजिट को अनिवार्य किया गया है। साथ ही

- **मिशन निदेशक पुलकित खरे की पहल से तेज हुई प्रक्रिया, 90 दिन की जगह 30 दिन में तैयारी**

33% महिलाओं, 5% दिव्यांगजनों और वंचित वर्ग के युवाओं को प्राथमिकता देना सुनिश्चित किया गया है, जिससे समावेशी विकास को बढ़ावा मिलेगा। मिशन अब क्वांटिटी से क्वालिटी की ओर बढ़ रहा है। डिजिटल पारदर्शिता और समयबद्ध रणनीति से युवाओं को विश्वस्तरीय कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें सम्मानजनक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। विगत वर्ष जहाँ ट्रेनिंग पार्टनर्स को पूरे वर्ष के लिए 1.10 लाख प्रशिक्षणार्थियों का एकमुश्त लक्ष्य आवंटित किया गया था, वहीं इस वर्ष रणनीति में सुधार करते क्वार्टरली यानी कि तीन महीने में लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। प्रथम तीन माह के लिए 99,075 प्रशिक्षणार्थियों का लक्ष्य जारी किया गया है।

संक्षेप

## सिपाही की तहरीर पर आठ के खिलाफ दर्ज हुआ केस

**प्रतापगढ़।** सिपाही की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आठ आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली में तैनात सिपाही अजीत कुमार को बीती इक्तीस मार्च को पूरे खरगू कैथौला में रास्ते के विवाद को लेकर मारपीट की सूचना मिली। जांच में एक पक्ष के कृपाशंकर तिवारी, बृजेश तिवारी पुत्रगण लालता तिवारी व पुष्पा पत्नी कृपाशंकर, माधुरी पत्नी बृजेश, गुड़िया पुत्री बृजेश तथा दूसरे पक्ष की आशा शुक्ला पत्नी स्व. रामलखन शुक्ल, आरती पुत्री स्व0 रामपाल, कौशल पुत्र रामलखन के बीच गालीगलौज मारपीट व धमकी की बात सही पायी गयी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि तहरीर के आधार पर आठ आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## रंजिश में मारपीट, पांच पर केस

प्रतापगढ़। पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे चौरिहन का पुरवा भटनी निवासी राजेश तिवारी पुत्र मणिराम तिवारी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती इक्तीस मार्च की शाम करीब साढ़े छः बजे वह अपने खाद के गडढे से खाद निकाल रहा था। आरोप है कि इसी बीच पुरानी रंजिश को लेकर गांव के विशाल तिवारी उर्फ गुडडू, विवेक तिवारी उर्फ प्रदुम पुत्रगण अंजनी कुमार तिवारी, नागेंद्र तिवारी पुत्र श्यामबिहारी, आदर्श तिवारी पुत्र कृष्णकांत उर्फ सुनील तथा अंजनी तिवारी पुत्र रामकृष्ण तिवारी एकराय होकर वहां पहुंचे और गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़ित व उसके पुत्र विपुल को मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा किया गया है।

## आग से अधेड़ झुलसा, गृहस्थी राख

प्रतापगढ़। संदिग्ध दशा में लगी आग से अधेड़ झुलस गया। वही आगजनी में गृहस्थी के सामान राख हो गये। आगजनी में कई मवेशी भी झुलस गये। ग्रामीणों ने बड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया। लालगंज कोतवाली के मेढ़ावां गांव निवासी पूर्व प्रधान भागीरथी यादव के रिहायशी छप्पर में मंगलवार की रात संदिग्ध दशा में आग लग गयी। इससे उसमें रखे खाद्यान्न व कीमती सामान आदि जलकर नष्ट हो गये। वहीं आग की तेज लपटें बगल स्थित पशुशाला तक पहुंच गयी। जिससे आग की चपेट में आने से दो मवेशी भी झुलस गये। मवेशियों को बचाने में पीड़ित पूर्व प्रधान भागीरथी यादव भी आग की चपेट में आने से झुलस गये। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया गया। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड टीम ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## अतिक्रमण हटाओ अभियान तेज

श्रावस्ती। जनपद में सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया। यह अभियान पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में विभिन्न थाना क्षेत्रों में चलाया गया। थाना सोनवा क्षेत्र में लक्ष्मण नगर तिराहे पर पुलिस ने पैदल गश्त कर सड़क किनारे लगे ठेले, रेहड़ी और अन्य अतिक्रमण हटवाए। वहीं नवीन मॉडर्न थाना क्षेत्र में भी कस्बे में अभियान चलाकर अवैध कब्जे हटाए गए। इस दौरान सड़क किनारे खड़े वाहनों को भी हटवाया गया, जिससे यातायात व्यवस्था सुचारु हो सके। पुलिस ने अतिक्रमण करने वालों को सख्त चेतावनी दी और दुकानदारों व आम लोगों से अपील की कि वे सड़क और सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण न करें, ताकि सभी को आने-जाने में सुविधा मिल सके।

## रिहायशी इलाके में प्रस्तावित शराब की दुकान का विरोध

एटा। कासगंज जिले के एक इलाके में बुधवार को उस समय तनाव पैदा हो गया जब रिहायशी इलाके में देशी शराब की दुकान खोलने के प्रस्ताव के खिलाफ बड़ी संख्या में महिलाओं ने विरोध-प्रदर्शन किया और सड़क अवरुद्ध कर दी। विरोध-प्रदर्शन सरस्वती शिशु मंदिर रोड के पास स्थित गंगेश्वर कॉलोनी क्षेत्र में हुआ जहां निवासी विशेषकर महिलाएं बड़ी संख्या में एकत्र हुईं और प्रशासन के खिलाफ नारे लगाए। सड़क जाम होने से कई घंटों तक यातायात बाधित रहा।

### शोहरतगढ़ में बिना अनुमति मदरसा संचालन की तैयारी पर प्रशासन सख्त

# भवन अस्थायी रूप से सील



जिला संवाददाता

शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर। जिले के शोहरत गढ़ तहसील के आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ़ के वार्ड संख्या 7 सुभाष नगर में एक मकान में बिना अनुमति मदरसा संचालन की तैयारी का मामला सामने आने से प्रशासन में हड़कंप मच गया। सोशल मीडिया पर सूचना वायरल होते ही स्थानीय प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर जांच की और भवन को अस्थायी रूप से सील कर दिया। जानकारी के अनुसार, सेठ राम कुमार खेतान बालिका इंटर कॉलेज के पश्चिम-उत्तर दिशा में चकरोड मार्ग के आगे एक एकांत स्थान पर स्थित मकान में मदरसा शुरू करने की तैयारी की जा रही थी।

इस संबंध में मौलाना मुमताज अहमद (निवासी डबरा, थाना मिश्रौलिया), मोहम्मद अल्ताफ हुसैन (निवासी जुगडिहवा, थाना शोहरतगढ़) और जहीर शाह के नाम सामने आए हैं। बताया जा रहा है कि बुधवार शाम करीब चार बजे उद्घाटन की योजना भी बनाई गई थी। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, लगभग तीन वर्ष पूर्व भी इसी स्थान पर मदरसा निर्माण का प्रयास किया गया था, जिसे बिना अनुमति अवैध मानते हुए तत्कालीन जिलाधिकारी दीपक मीणा के निर्देश पर रुकवा दिया गया था। उस समय संबंधित पक्षों ने लिखित रूप से आश्वासन दिया था कि भवन का उपयोग केवल आवासीय उद्देश्य के लिए किया जाएगा। ताजा मामले में उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ विवेकानंद मिश्रा ने बताया कि पूरे प्रकरण की जांच कराई जा रही है और तथ्यों के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। तहसीलदार प्रकाश सिंह यादव एवं थाना प्रभारी निरीक्षक शोहरतगढ़ नवीन कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच की। जांच के दौरान भवन में मौजूद महिलाओं से महिला पुलिसकर्मियों द्वारा पूछताछ की गई तथा संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया। दस्तावेज उपलब्ध न कराए जाने पर प्रशासन ने एहतियातन भवन को अस्थायी रूप से बंद करा दिया और संबंधित पक्षों को आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## स्कूल चलो अभियान 2026-27 का शुभारम्भ



सिद्धार्थनगर- शैक्षिक सत्र 2026-27 के तहत स्कूल चलो अभियान का शुभारम्भ अम्बेडकर सभागार में भव्य कार्यक्रम के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, विधायक डुमरियागंज सैय्यदा खातून, विधान परिषद सदस्य ध्रुव कुमार त्रिपाठी, सांसद प्रतिनिधि एस.पी. अग्रवाल, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन तथा मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर तथा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इस दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार ने सभी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों का बुके देकर स्वागत किया। वहीं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को आकर्षक बना दिया। इस अवसर पर विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए स्कूल चलो अभियान चला रही है। इसका उद्देश्य है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे और सभी बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ा जाए। उन्होंने अधिकारियों, शिक्षकों और आंगनबाड़ी कार्यकताओं से घर-घर जाकर अभिभावकों को जागरूक करने और अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन सुनिश्चित कराने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा कायाकल्प योजना के तहत विद्यालयों में फर्नीचर, स्मार्ट क्लास, शौचालय और पेयजल जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, साथ ही बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, बैग, जूता-मोजा और मध्यान्ह भोजन भी दिया जा रहा है, ताकि शिक्षा प्राप्त करने में किसी प्रकार की बाधा न आए।

## दो शातिर चोर गिरफ्तार, सामान बरामद



सिद्धार्थनगर- जनपद में अपराध व चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली बांसी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। कोतवाल मृत्युंजय पाठक के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी के 03 पंपिंग सेट इंजन और 02 ई-रिक्शा लोडर बरामद किए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के आदेश, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेन्दु सिंह के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। बताया जा रहा है कि 31 मार्च 2026 की रात को कोतवाली बांसी पुलिस और जनपदीय एंटी थेफ्ट टीम संयुक्त रूप से काजी रुधौली चौराहे के पास चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर एक संदिग्ध ई-रिक्शा लोडर को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान वाहन से 03 पंपिंग सेट इंजन बरामद हुए। पूछताछ में दोनों अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि उन्होंने ये इंजन 29/30 मार्च की रात ग्राम भावपुर के खेतों से चोरी किए थे और इन्हें बेचने के लिए नेपाल ले जा रहे थे। पुलिस ने इस मामले में रविचन्द पुत्र हरीश निवासी बसडिलिया और मेराज मलिक पुत्र मलिक मोहम्मद जाफरी निवासी भावपुर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी और बरामदगी के आधार पर मुकदमा संख्या 47/2026 में धाराएं बढ़ाते हुए कार्रवाई की गई और बरामद वाहन को एमवी एक्ट की धारा 207 के तहत सीज कर दिया गया। दोनों आरोपियों को आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय भेज दिया गया। इस पूरी कार्रवाई में कोतवाल बांसी मृत्युंजय पाठक की सक्रियता, सख्त निगरानी और रणनीतिक नेतृत्व की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# स्वास्थ्य टीम ने किया ग्रामीणों से संवाद

## परिवार नियोजन की दी जानकारी

**श्रावस्ती।** जनपद के भंगहा ब्लॉक क्षेत्र में स्वास्थ्य एवं परिवार नियोजन सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से मोबियस फाउंडेशन और पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया की संयुक्त टीम द्वारा क्षेत्र का भ्रमण किया गया। इस दौरान टीम ने स्थानीय समुदाय, आशा कार्यकताओं तथा स्वास्थ्य कर्मियों के साथ संवाद स्थापित कर परिवार नियोजन के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। भ्रमण के पश्चात टीम ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार सिंह से मुलाकात कर क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं, उपलब्ध संसाधनों तथा परिवार नियोजन कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी ली। बैठक के दौरान विभिन्न चुनौतियों और उनके समाधान पर भी विचार-विमर्श किया गया। टीम ने ग्रामीणों को परिवार नियोजन के आधुनिक साधनों के उपयोग के प्रति जागरूक किया और सीमित परिवार के सामाजिक, आर्थिक एवं स्वास्थ्य संबंधी लाभों को सरल भाषा में समझाया। उन्होंने बताया कि छोटा परिवार न केवल बेहतर जीवन स्तर सुनिश्चित करता है, बल्कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को भी मजबूत बनाता है। इसके अलावा, स्वास्थ्य कर्मियों को भी जागरूकता अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए प्रेरित किया गया। टीम ने सुझाव दिया कि समुदाय स्तर पर नियमित संवाद और शिविरों के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ा जाए। इस पहल से क्षेत्र में परिवार नियोजन के प्रति सकारात्मक सोच विकसित होने की उम्मीद जताई जा रही है।



## प्रदेश सरकार बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध

- स्कूल चलो अभियान 2026-27 का भव्य शुभारम्भ



श्रावस्ती। जिले में स्कूल चलो अभियान-2026-27 का शुभारम्भ जूनियर हाईस्कूल भिनगा में भव्य तरीके से किया गया। इस मौके पर विधायक रामफेरन पाण्डेय, जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय, मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद और अन्य जनप्रतिनिधियों ने दीप जलाकर और हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली जूनियर हाईस्कूल भिनगा से ईदगाह तिराहा तक निकाली गई, जिसमें सभी अधिकारी और जनप्रतिनिधि पैदल शामिल हुए।

विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में काफी सुधार हुआ है।

अब स्कूलों में साफ-सफाई, पीने का पानी और शौचालय की अच्छी व्यवस्था की जा रही है। साथ ही ड्रेस, जूता-मोजा आदि के लिए पैसे सीधे अभिभावकों के खाते में भेजे जा रहे हैं, ताकि बच्चों की पढ़ाई में कोई दिक्कत न हो। जिलाधिकारी ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों को जागरूक करना है, ताकि 6 साल या उससे अधिक उम्र के सभी बच्चों का स्कूल में नामांकन कराया जा सके। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन कायाकल्प के तहत स्कूलों में पानी, टॉयलेट, स्मार्ट क्लास और फर्नीचर की व्यवस्था बेहतर की जा रही है। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि इस अभियान के जरिए ज्यादा से ज्यादा बच्चों का स्कूल में नाम लिखवाकर उनका प्रवेश कराया जाएगा। कार्यक्रम में अच्छा काम करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया और नए बच्चों को स्कूल किट दी गई। इस दौरान अपर जिलाधिकारी अमरेन्द्र कुमार वर्मा, आशुतोष पाण्डेय, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि गिलौला प्रकाश चन्द्र, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजय कुमार, सभी खंड शिक्षा अधिकारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं और अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## पुलिस ने की पैदल गश्त



बांसी सिद्धार्थनगर- क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेंदु सिंह ने को0 बांसी मृत्युंजय पाठक के साथ मय फोर्स बांसी कस्बा परिक्षेत्र में पैदल गश्त कर आम जनमानस को सतर्कता एवं पुलिस सुरक्षा का यहशास कराया गया। जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता और सुरक्षा को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्रों में पैदल गश्त अभियान चलाया गया। इस दौरान बाजारों, मुख्य मार्गों और संवेदनशील स्थानों पर भ्रमण कर आमजन को सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ. अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार प्रसाद के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेंदु सिंह ने प्रभारी निरीक्षक कोतवाली बांसी मृत्युंजय पाठक और पुलिस बल के साथ बांसी कस्बा क्षेत्र में पैदल गश्त की। गश्त के दौरान पुलिस टीम ने लोगों से संवाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षा का एहसास कराया। इसी क्रम में जनपद के अन्य थाना प्रभारियों और थानाध्यक्षों द्वारा भी अपने-अपने क्षेत्रों में चिन्हित हॉटस्पॉट और आसपास के इलाकों में पैदल गश्त और चेकिंग की जा रही है। पुलिस टीम ने बाजारों और प्रमुख मार्गों का निरीक्षण कर लोगों से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और बिना प्रमाणित स्रोत के किसी खबर को प्रसारित न करें। साथ ही किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को देने के लिए कहा गया है।

# लालगंज में विधायक ने करोड़ों की लागत से बने अस्पताल का किया लोकार्पण

- रामपुरखास में स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगी बुनियादी मजबूती: मोना

जिला संवाददाता



**प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने बुधवार को स्वयं तथा सांसद प्रमोद तिवारी की ओर से लालगंज में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजनान्तर्गत सात करोड़ सैंतालिस लाख की लागत से नव निर्मित महिला एवं बाल चिकित्सालय की क्षेत्रवासियों को सौगात सौंपी। पचास शैय्याओं के महिला एवं बाल चिकित्सालय में विधायक मोना की मौजूदगी में ओपीडी सेवा का भी शुभारंभ हुआ। स्वास्थ्य सेवा की आवश्यक सेवा की सौगात पाकर कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मौजूद महिलाओं में खुशी भी देखी गयी। अस्पताल भवन के सामने आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि जिले में पचास बेड के इस पहले अस्पताल के संचालन से अब यहां प्रसव पूर्व जांच, परामर्श, महिलाओं के खून की जांच, नार्मल एवं सिजेरियन डिलेवरी सुविधा के साथ बच्चों के लिए एनआईसीयू व बेंटीलेटर एवं ब्लड बैंक की सुविधा मिल सकेगी। उन्होने कहा कि महिलाओं तथा बच्चों के स्वास्थ्य संरक्षा को लेकर यह अस्पताल स्वास्थ्य सुविधा के क्षेत्र में क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है। विधायक आराधना मिश्रा ने कहा कि रामपुरखास में स्वास्थ्य सेवाओं को बुनियादी मजबूती प्रदान कर गरीब तथा संसाधनविहीन वर्ग को सहूलियत मिलती रहेगी। सांसद प्रमोद तिवारी ने भी अपने वर्चुअल संबोधन में पचास बेड के महिला बाल चिकित्सालय को क्रियाशील कराए जाने में विधायक मोना की सराहना की। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि ट्रामा सेण्टर, ऑक्सीजन प्लांट और अब महिला एवं बाल चिकित्सालय के संचालन से लोगों की जीवनरेखा को सुरक्षित बनाए रखने में बेहतर मदद मिल सकेगी। इसके पहले विधायक मोना ने वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य अस्पताल भवन का समारोहपूर्वक लोकार्पण किया। विशिष्ट अतिथि तहसीलदार गरिमा वर्मा व उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 श्याम भार्गव व ईओ इन्द्र प्रताप ने भी स्वास्थ्य से जुडी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। अधीक्षक डा0 अरविन्द गुप्ता ने यहां संचालित स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारियां प्रदान की। विधायक पुत्र राघव मिश्र ने स्वागत भाषण में जन सहयोग का आभार जताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता द्विवेदी व संचालन अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने अतिथियों के प्रति आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में महिला रोग विशेषज्ञ डा0 किरन सिंह व डा0 प्रीतिका श्रीवास्तव एवं बाल रोग विशेषज्ञ डा0 ओमप्रकाश को आयोजन समिति द्वारा सम्मानित भी किया गया। समारोह को संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, पूर्व स्वास्थ्य निदेशक डा0 वकील अहमद, डॉ0 शिवमूर्ति शास्त्री, डॉ0 डीपी ओझा, डॉ0 राजकुमार पाण्डेय, डॉ0 ज्ञानेन्द्रनाथ त्रिपाठी, प्रकाशचंद्र मिश्र, देवी प्रसाद मिश्र, उदयशंकर दुबे, शत्रुघ्न शुक्ल ने संबोधित करते हुए उपलब्धि के लिए सांसद प्रमोद तिवारी व विधायक मोना को क्षेत्रीय लोगों की ओर से आभार जताया। वहीं विधायक मोना ने लालगंज कैम्प कार्यालय पर जनसमस्याओं की सुनवाई भी की। कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठन सृजन अभियान की समीक्षा किया। बाबा घुइसरनाथ धाम में दर्शन पूजन कर विधायक मोना ने लोकमंगल की प्रार्थना की।

## वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य नौ कुण्डीय महायज्ञ में हुई लोकमंगल की प्रार्थना



प्रतापगढ़। नगर स्थित कमला नेहरू बालिका विद्यालय में बुधवार को नौ कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में लोकमंगल की प्रार्थना को लेकर सामूहिक हवन पूजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी एवं प्रबन्धक डॉ0 पूर्णिमा मिश्रा व प्रधानाचार्या शोभा श्रीवास्तव ने मां गायत्री व मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया। गायत्री परिवार की ओर से वेदी पूजन व हवन में श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से आहुति देकर लोक कल्याण की प्रार्थना भी किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना पुत्र राघव के साथ शामिल हुई। यहां विद्यालय प्रबन्ध समिति की ओर से विधायक आराधना मिश्रा को श्रीफल व चुनरी व मान पत्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन प्रधानाचार्य सत्येन्द्र श्रीवास्तव व प्राचार्य डॉ0 ऋचासुकुमार एवं माधुरी ओझा, डॉ0 नीलम ओझा, डॉ0 पूजा, डॉ0 वर्तिका, सुनीता मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया। संचालन डॉ0 अंजनी अमोघ व स्वागत गायत्री परिवार की ओर से डॉ0 वीरेश सिंह ने किया। गायत्री परिवार के राजेश मिश्र व जयप्रकाश, राजेश पाण्डेय ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को जागरूकता प्रदान की। विद्यालय की छात्राओं ने वैदिक मंत्रों व भजन संकीर्तन से महायज्ञ में नैतिक वचनों के पालन का सामूहिक संकल्प ग्रहण किया। इस मौके पर डॉ0 डीपी ओझा, इं0 जितेन्द्र त्रिपाठी, इं. सिद्धार्थ त्रिपाठी, नरेन्द्र त्रिपाठी, इं. सुनील पाण्डेय, घनश्याम मौर्या, कीर्ति पाण्डेय, राघवेन्द्र तिवारी, बीएन तिवारी, श्वेता शुक्ला, सलमा खातून, सीमा, कुसुम यादव, उषा शुक्ला, संतोष ओझा, सुभाष वर्मा, पवन कुमार, शैलेन्द्र श्रीवास्तव आदि रहे।

## डीएम ने सुनी जनफरियाद, दिये निर्देश



श्रावस्ती। जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय ने बुधवार को कलेक्ट्रेट में जनता दर्शन लगाकर लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान कुल 6 शिकायतें मिलीं, जिन्हें संबंधित अधिकारियों को तुरंत निस्तारण के लिए भेजा गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि सभी शिकायतों को गंभीरता से लेकर जल्द समाधान करें। उन्होंने निर्देश दिया कि शिकायतों को रजिस्टर में दर्ज किया जाए और निस्तारण के बाद फरियादियों को फोन पर जानकारी भी दी जाए, ताकि उन्हें बार-बार चक्कर न लगाना पड़े। उन्होंने साफ कहा कि शिकायतों का समाधान केवल कागजों पर नहीं, बल्कि जमीन पर दिखना चाहिए। लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## जनता से बेहतर संवाद बनायें पुलिसः एसपी



श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान जमीन विवाद, मारपीट, पारिवारिक मामले, पैसों के लेनदेन और महिला संबंधी शिकायतें सामने आईं। एसपी ने सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को जल्द, निष्पक्ष और सही तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता दर्शन के माध्यम से लोगों को त्वरित न्याय दिलाने और पुलिस व जनता के बीच बेहतर संवाद बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

## हत्या के प्रयास में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



पथरा बाजार सिद्धार्थनगर। जनपद के पथरा थानाध्यक्ष अमित कुमार के नेतृत्व में थाना पथरा बाजार पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक अदद आला कुंद (चाकू) भी बरामद किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ. अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार प्रसाद के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज बृजेश कुमार वर्मा के पर्यवेक्षण में थाना पथरा बाजार पुलिस ने कार्रवाई की। थानाध्यक्ष अमित कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाना पथरा बाजार में पंजीकृत मु0अ0सं0 20/26 धारा 109(1) बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त समीर अहमद अंसारी पुत्र नूर मोहम्मद, निवासी बसडीला मोदी नानकार थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर को 01 अप्रैल 2026 को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त के पास से घटना में प्रयुक्त एक अदद आला कुंद (चाकू) बरामद किया गया है। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए आरोपी को माननीय न्यायालय भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष अमित कुमार, उपनिरीक्षक उदयनाथ मिश्रा, कांस्टेबल अनुपम मौर्या तथा कांस्टेबल अमरनाथ यादव शामिल रहे।

## चोर को पकड़ने के प्रयास में जीआरपी सिपाही ट्रेन की चपेट में आया

गोंडा। गोंडा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर पुलिस हिरासत से भाग रहे एक संदिग्ध चोर को पकड़ने के प्रयास में राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) का एक सिपाही चलती ट्रेन की चपेट में आ गया। मऊजिले के मूलनिवासी व 2018 बैच के सिपाही आकाश सिंह (29) को गंभीर हालत में लखनऊ के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। जीआरपी के प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार पांडेय ने बुधवार को बताया कि घटना मंगलवार रात करीब 12 बजे प्लेटफॉर्म संख्या एक पर हुई जब सिंह ने मारपीट और कथित चोरी के आरोप में सुनील कुमार (35) नामक व्यक्ति को हिरासत में लिया। पूछताछ के लिए ले जाते समय आरोपी पुलिसकर्मियों से हाथ छुड़ाकर भागने लगा। उसी समय डिब्रूगढ़-चंडीगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन प्लेटफॉर्म पर आ रही थी और आरोपी चलती ट्रेन में चढ़कर भागने की कोशिश करने लगा। जीआरपी के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आकाश उसे पकड़ने के लिए दौड़े और ट्रेन से नीचे खींच लिया, इस दौरान वह ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच के खाली स्थान में गिर गए और ट्रेन की चपेट में आ गए, जिसकी वजह से उनके दोनों पैर गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गए। पुलिसकर्मियों की मदद से घायल सिपाही को तत्काल रेलवे अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें मेडिकल कॉलेज भेजा गया। अधिकारी ने बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें लखनऊ ट्रामा सेंटर भेज दिया गया है, फिलहाल उनका उपचार किया जा रहा है और गहन चिकित्सा इकाई में रखा गया है। आरोपी सुनील कुमार को भी पकड़ लिया गया है, घटना के दौरान वह भी घायल हो गया था। उसका मेडिकल कालेज में उपचार किया जा रहा है। उसके खिलाफ मारपीट, चोरी तथा पुलिस हिरासत से भागने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है।

## ग्रामीण जरूरतमंदों का सपना साकार कर रही सीएम आवास योजना

# जरूरतमंदों के लिए योगी सरकार का बड़ा उपहार

घनश्याम कुमार




गोरखपुर। मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण, गांवों में रहने वाले निर्धन और वंचित परिवारों के लिए अपने पक्के घर का सपना साकार कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में यह योजना उन वर्गों के लिए बड़ा सहारा बनी है जो किन्हीं तकनीकी कारणों से प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण का लाभ नहीं ले पाए। गोरखपुर मंडल के चार जिलों में अब तक 19 हजार से अधिक जरूरतमंद मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण से आच्छादित हुए हैं। इनमें से 17 हजार से अधिक खुद के पक्के मकान में रहने लगे हैं। इन आवासों के लिए सरकार करीब 219 करोड़ रुपये व्यय कर चुकी है। सरकार ने राज्य के प्रत्येक निराश्रित और पात्र परिवार को पक्की छत उपलब्ध कराने के लिए गंभीर प्रयास किए हैं। इसके लिए प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का धरातल पर क्रियान्वयन परिणामजन्य नजर आता है। गोरखपुर मंडल में 199984 जरूरतों को पीएम आवास योजना ग्रामीण के तहत पक्के आवास स्वीकृत हुए और इनमें से 199103 के आवास बनकर पूर्ण भी हो गए। पीएम आवास योजना ग्रामीण को जमीनी स्तर पर क्रियान्वित करने के साथ ही राज्य में सीएम योगी के विजन से मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण भी संचालित है। ऐसे जरूरतमंद जिन्हें पीएम आवास योजना का लाभ नहीं मिल सका, उन्हें सीएम आवास योजना में कवर किया जा रहा है। इसमें दैवीय आपदा से प्रभावित परिवारों और वनटांगिया, मुसहर जैसे विशेष पिछड़े समुदायों को प्राथमिकता पर रखा गया।

योगी सरकार सरकार की तरफ से मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत लाभार्थियों को न केवल आवास निर्माण के लिए धनराशि दी जा रही है, बल्कि उन्हें एक गरिमापूर्ण जीवन जीने के लिए आवश्यक अन्य सुविधाएं भी प्रदान की जा रही हैं। आवास निर्माण के लिए प्रति लाभार्थी 1.20 लाख रुपये देने के अलावा उन्हें स्वच्छ भारत मिशन के तहत व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के लिए 12 हजार रुपये दिए जाते हैं। साथ ही सौभाग्य योजना के तहत मुफ्त बिजली कनेक्शन और उज्ज्वला योजना के तहत निशुल्क रसोई गैस कनेक्शन। गोरखपुर के मंडलायुक्त अनिल ढींगरा का कहना है कि मुख्यमंत्री जी मंशा के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्रों में हर जरूरतमंद को पीएम आवास योजना और सीएम आवास योजना के तहत पक्का मकान उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।

### गोरखपुर मंडल में मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण की प्रगति

| जिला | स्वीकृत | पूर्ण | व्यय |
|---|---|---|---|
| गोरखपुर | 2888 | 2728 | 34.28 |
| देवरिया | 2093 | 1655 | 22.89 |
| कुशीनगर | 9936 | 8609 | 112.10 |
| महाराजगंज | 4159 | 4139 | 49.64 |

(व्यय करोड़ रुपये में है)

## एसपी नार्थ ने किया मुंडेरा बाजार पुलिस चौकी का फीता काट कर लोकार्पण

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के मुंडेरा बाजार स्थित पुलिस चौकी का आज एसपी नार्थ ज्ञानेंद्रनाथ प्रसाद ने फीता काट कर लोकार्पण किया। बताते चलें कि गत 05 अप्रैल 2025 को थाना प्रभारी राहुलशुक्ला व मुंडेरा बाजार चौकी प्रभारी कृष्ण कुमार सिंह ने भूमि पूजन कर शिलान्यास किया था। कृष्ण कुमार सिंह को 17 दिसंबर 2024 को मुंडेरा बाजार का चौकी प्रभारी नियुक्त किया गया था। कृष्ण कुमार सिंह ने मुंडेरा बाजार पुलिस चौकी का चार्ज पाने के बाद से ही पुलिस चौकी भवन का निर्माण कराने का जैसे संकल्प लें लिया हो, इसके लिए जमीन की तलाशना शुरू कर दिया। और कुछ ही समय के प्रयास से नगर पंचायत प्रशासन द्वारा 800 वर्ग फीट जमीन मुंडेरा बाजार व भोपा बाजार की सीमा पर पुलिस चौकी के लिए मिल गई मुंडेरा बाजार चौकी प्रभारी कृष्ण कुमार सिंह ने मात्र एक माह के भीतर ही पुलिस चौकी का निर्माण कार्य पूर्ण करा दिया ।जिसका लोकार्पण किया गया। उक्त अवसर पर सीओ रत्नेश्वर सिंह, थाना प्रभारी वेद प्रकाश शर्मा, चेयरमैन सन्नी जायसवाल, पूर्व चेयरमैन ज्योति प्रकाश गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष तारकेश्वर जायसवाल, सभासद मुन्ना कुमार भुज, जितेंद्र कुमार, अजय पासवान, हरि शंकर, पौरुष कुमार, माखन यादव, मोहित जायसवाल, संदीप गुप्ता, देव अमृतराज जायसवाल, नरेंद्र सिंह उर्फ पिंटु, राजन जायसवाल सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।



## समिति का द्विवार्षिक चुनाव सर्वसम्मति से सम्पन्न



भरथना, इटावा। पालिकाध्यक्ष अजय यादव गुल्लू की प्रेरणा व मार्गदर्शन के चलते जरूरतमंदों को सहयोग प्रदान करने के लिए बनायी गई निराश्रित एवं असहाय सेवा समिति भरथना का द्विवार्षिक चुनाव सर्वसम्मति से सम्पन्न हुआ। बुधवार को कस्बा के मुहल्ला महावीर नगर स्थित माँ अम्बे पब्लिक स्कूल में आयोजित बैठक के दौरान चुनाव अधिकारी सुधा पाण्डेय की देखरेख में सम्पन्न हुए नई कार्यकारिणी के निर्वाचन में अध्यक्ष सहित अनिल कुमार श्रीवास्तव को उपाध्यक्ष, रामप्रकाश पाल को सचिव, अजय कुमार को उपसचिव, कृष्ण कुमार गुप्ता बबलू को कोषाध्यक्ष, श्यामजी पोरवाल नेक्से को उपकोषाध्यक्ष सर्वसम्मति से चुना गया। समिति के अन्य सदस्यों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत सम्मान किया तथा जरूरतमंद, निराश्रित, असहाय लोगों को सहयोग प्रदान करने के लिए विचार विमर्श किया गया। इस मौके पर सुशील चौधरी, राजेन्द्र दीक्षित पप्पू, वीरेन्द्र सिंह चैहान, डा. सुरेश चन्द्र, रज्जू पोरवाल, निशान्त पोरवाल एड., अरविन्द कुमार चैरसिया, सचिन कौशल आदि मौजूद रहे।

## कार चालकों ने बैरियर तोड़ा, पुलिस ने तीन को पकड़ा



इटावा। टोल प्लाजा पर बैरियर क्षतिग्रस्त करने व जान से मारने की धमकी देने की घटना में त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस द्वारा 3 अभियुक्त गिरफ्तार। थाना चैबिया पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही। वादी हिमांशु चैहान टोल इंचार्ज निवासी ग्राम चैराईपुर, थाना किशनी, मैनपुरी द्वारा थाना चैबिया पर लिखित सूचना दी गई कि 31 मार्च की रात को चालक अज्ञात द्वारा बख्तयारपुर टोल प्लाजा पर स्वयं को स्थानीय बताते हुए बैरियर को क्षतिग्रस्त कर दिया तथा विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। तहरीर के आधार पर थाना चैबिया पर मामला दर्ज किया गया। चैबिया पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष चैबिया महेन्द्र सिंह ने बताया कि वाहन स्वामी संजय सिंह पुत्र दफेदार सिंह निवासी ग्राम मसनाई थाना चैबिया, चालक गौरव यादव पुत्र शिवराम सिंह निवासी ग्राम मसनाई, थाना चैबिया, दीप कुमार उर्फ दीपू पुत्र मेहरबान सिंह निवासी ग्राम नगला धौकल, थाना चैबिया आदि शामिल है।

# पूर्व विधायक शीतल पांडेय के पुत्र को मुख्यमंत्री ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

## सीएम योगी ने मृतक मनु पांडेय के चित्र पर पुष्प चढ़ाया



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को सहजनवा के पूर्व विधायक शीतल पांडेय के रामगढ़ताल/तारामंडल क्षेत्र स्थित आवास पर जाकर उनके पुत्र मानवेंद्र पांडेय ह्यमनुह्न को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मानवेंद्र का मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया था। बुधवार शाम मुख्यमंत्री लखनऊ से गोरखपुर आए। एयरपोर्ट से वह सीधे पूर्व विधायक शीतल पांडेय के आवास पर पहुंचे। उन्होंने पूर्व विधायक के पुत्र मानवेंद्र पांडेय के चित्र पर पुष्प चढ़ाया और भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने दिवंगत की आत्मा की चिर शांति के लिए महायोगी गुरु गोरखनाथ से प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने पूर्व विधायक शीतल पांडेय और अन्य परिजनों से आत्मीयता से बातचीत कर उन्हें ढांढस बंधाया। इस अवसर पर महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, एमएलसी एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक विपिन सिंह, महानगर संयोजक राजेश गुप्ता, भाजपा नेता अश्विनी त्रिपाठी, डॉ. विभ्राट चंद कौशिक, पुष्पदंत जैन आदि भी मौजूद रहे। गुरुवार सुबह पिपराइच के लुहसी जाएंगे सीएम योगी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार सुबह पिपराइच क्षेत्र के लुहसी गांव जाएंगे। वह यहां के निवासी और गोरक्षपीठ के अनन्य भक्त मारकंडेय यादव के आवास पर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि देंगे। मारकंडेय यादव का बुधवार को निधन हो गया।

# स्थापना दिवस धूम धाम से मनायेगी भाजपा

## पार्टी का झंडा कार्यकर्ता अपने घरों में फहरायेंगे

गोरखपुर। भारतीय जनता पार्टी के रानीडीहा स्थित क्षेत्रीय कार्यालय पर बुधवार को जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी की अध्यक्षता में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर तैयारी बैठक की गयी। जहां पर जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी ने आगामी 6 अप्रैल को पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा कार्यकताओं के बीच साझा की। कहा कि जिला के सभी बूथों पर स्थापना दिवस पूरे उत्साह एवं संगठनात्मक सक्रियता के साथ मनाया जायेगा।



जिलाध्यक्ष श्री तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि 5, 6 एवं 7 अप्रैल को पार्टी के सभी मण्डल, जिला एवं अन्य कार्यालयों को फूलों, स्वदेशी लाइटिंग एवं रंगोली से सजाया जायेगा।6 अप्रैल को सभी कार्यालयों पर पार्टी का ध्वज फहराया जाएगा तथा मिष्ठान वितरण किया जाएगा। साथ ही कार्यकर्ता अपने-अपने घरों पर भी पार्टी का ध्वज लगाकर स्थापना दिवस को उत्सव के रूप में मनायेंगे। उन्होंने बताया कि प्रत्येक बूथ पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी तथा भाजपा की विचारधारा और केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा की जाएगी। कार्यकर्ता घर-घर जाकर ध्वज लगाने का अभियान भी चलाएंगे।

श्री तिवारी जी ने बताया कि स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके अंतर्गत 6 व 7 अप्रैल को बूथ स्तर पर संगोष्ठियों का आयोजन होगा। वहीं 7 से 12 अप्रैल तक गाँव-बस्ती संपर्क अभियानह्व चलाया जायेगा, जिसके तहत जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी गाँवों में स्वच्छता अभियान चलायेंगे, लाभार्थियों से संपर्क करेंगे। केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करेंगे तथा बुद्धिजीवियों एवं वरिष्ठ कार्यकताओं का सम्मान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 8 व 9 अप्रैल को जिला स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें संगठन विस्तार, भाजपा की विचारधारा तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम को निवर्तमान जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष वंश बहादुर सिंह ने भी संबोधित किया। संचालन जिला उपाध्यक्ष जगदीश चौरसिया ने किया।

इस अवसर पर पिपराइच विधायक महेंद्रपाल सिंह, चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार शुक्ला, छोटेलाल मौर्य, संजय सिंह, जिला महामंत्री ब्रह्मानंद शुक्ल, डॉ. आर.डी. सिंह, महंत सिंह, सबल सिंह, राजाराम कनौजिया, चंचला शुक्ला, दुर्गेश दुबे, विनय सिंह, स्वतंत्र सिंह, डा सदानन्द शर्मा, रामानंद यादव, ओम प्रकाश धर द्विवेदी, राम उजागिर शुक्ल, नरेंद्र सिंह, केबी सिंह, उपेन्द्र गौड़ सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों को नई सीख देता है दीक्षांत समारोह : शिवप्रसाद



इटावा। ज्ञानस्थली विद्यालय में दीक्षांत समारोह दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ज्ञानस्थली विद्यालय समिति के अध्यक्ष चेयरमैन शिवप्रसाद यादव ने मॉ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्पहार किया। इसके बाद विद्यालय की सभी कक्षाओं 1-11वीं तक के विद्यार्थियों का दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन किया गया। अध्यक्ष शिवप्रसाद यादव कार्यक्रम की भूमिका के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दीक्षांत समारोह किसी भी शिक्षण संस्थान का एक महत्वपूर्ण और गौरवपूर्ण कार्यक्रम होता है। इस दिन छात्रों को उनकी शिक्षा पूर्ण करने पर प्रमाण पत्र प्रदान किए जाते हैं। यह समारोह छात्रों के जीवन में एक नई शुरूआत का प्रतीक होता है। दीक्षांत समारोह छात्रों के परिश्रम, अनुशासन और सफलता का उत्सव है। यह दिन विद्यार्थियों के लिए बहुत खास होता है क्योंकि वे अपने वर्षों की मेहनत का फल प्राप्त करते हैं। साथ ही यह दिन उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को शील्ड व प्रगति पत्र दिए गए। पूरे कार्यक्रम में उत्साह और खुशी का माहौल रहा। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति प्रमुख शिवमंगल, ज्ञानस्थली ग्रुप ऑफ स्कूल्स के स्पोर्ट डायरेक्टर खेल वासिफ खान, वित्त विभाग प्रमुख नीरज त्रिपाठी व विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

## पुलिस ने लाखों की अवैध शराब के साथ कार सवार दो तस्करों को किया गिरफ्तार

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा पुलिस ने तस्करी कर बिहार ले जा रहे हरियाणा निर्मित 1611 शीशी अवैध शराब को बरामद कर दो तस्करों को वाहन सहित गिरफ्तार किया है। दोनो तस्करों को विधिक कार्रवाई कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान दीपक पुत्र सुभाष निवासी पीपलू, थाना खरगोदा जिला सोनीपत हरियाणा और दूसरे कई पहचान धीरज अहलावत पुत्र बलराज अहलावत निवासी ग्राम सुसाना थाना खरगोदा जिला सोनीपत हरियाणा बताया। जामातलाशी में दीपक के पास से 470 रुपये और एक मोबाइल व धीरज के पास से 270 रुपये बरामद हुआ। उक्त गिरफ्तारी चौरीचौरा पुलिस के एसआई राजू रंजन सिंह, एसआई सौरभ झा, एसआई रजनीश मिश्रा और कांस्टेबल सरवर आलम मय टीम शामिल रहे।

## कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय पर वार्षिकोत्सव का आयोजन

गोला, गोरखपुर। गोला ब्लॉक के कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय खदरा में बुधवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम बड़े ही धूम धाम के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों को पुस्तक एवं अंक पत्र वितरण के साथ कक्षा 8 के छात्र छात्राओं का विदाई भी किया गया। कार्यक्रम में अभिभावक तथा ग्रामीणों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख कुसुमावती देवी तथा विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी उदय शंकर राय एवं संचालन एआरपी विपिन मिश्रा ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी श्री राय ने अभिभावकों को जागरूक करते हुए कहा कि आप लोग जैसे प्राइवेट कान्वेंट में बच्चों को तैयार करके भेजते हैं उसी रूप में प्राथमिक विद्यालय में भी भेजने का कार्य करें। अपने दायित्वों का निर्वहन करें। जिससे आपका बच्चा भविष्य में ऊंचाइयों पर जा सके। कार्यक्रम को गोला ब्लॉक प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष काशी नाथ तिवारी एवं मंत्री प्रेम प्रकाश सिंह ने भी संबोधित किया। बच्चों में पुरस्कार स्वरूप स्मृति चिन्ह रिजल्ट कार्ड पुस्तक वितरण किया गया। सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत स्कूल चलो रैली निकाली गई।

# वॉयस ऑफ लखनऊ की खबर का असर, सहायक विकास अधिकारी का स्थानांतरण

- **आदेश जारी कर बदली गई तैनाती, मिल रही शिकायतों के बाद संबद्धीकरण हुआ**

उन्नाव। वॉयस ऑफ लखनऊ में प्रमुखता से प्रकाशित खबर का बड़ा असर देखने को मिला है। मामले को संज्ञान में लेते हुए विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) अनिल राणा की तैनाती में बदलाव कर दिया है। जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार, अनिल कुमार राणा, जो अब तक विकास खंड सुमेरपुर में तैनात थे, उन्हें तत्काल वहां से हटाकर जिला पंचायत राज कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया है। वहीं दूसरी ओर, ग्राम पंचायत अधिकारी/प्रभारी सहायक विकास अधिकारी के कार्यों में भी बदलाव किया गया है। नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। गौरतलब हो कि खबर प्रकाशित होने के बाद विभागीय स्तर पर चर्चा तेज हुयी। परिणामतः जांच की प्रक्रिया तेज कर दी गई, जिसके बाद यह निर्णय लिया गया। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। वॉयस ऑफ लखनऊ द्वारा उठाए गए इस मामले के बाद हुई इस कार्रवाई से एक बात तो स्पष्ट है कि अब जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जा रही है और विभाग लापरवाही के मामलों में कडा नजरिया अपना रहा है।

# ऋषि मिश्रा ने किए चंद्रिका धाम में दर्शन

पाटन, उन्नाव। भारतीय किसान क्रांति यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि मिश्रा ने जिले के किसानों से मिलकर उनकी समस्या जानी। पुरवा में पदाधिकारियों नें फूल माला अंग वस्त्र से स्वागत किया। वही संगठन के युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष कार्तिकेय दीक्षित ओंसिया में फूल माला अंग वस्त्र से स्वागत किया। इसके बाद ग्राम धानी खेडा में यूनियन के पदाधिकारियों ने फूल माला अंग वस्त्र से स्वागत किया। वही ऊँच गाँव में संगठन के पदाधिकारियो ने फूल माला अंग वस्त्र से स्वागत किया। उन्होंने प्रसिद्ध माँ चंद्रिका देवी मंदिर में दर्शन-पूजन कर माता का आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश की खुशहाली और किसानों की तरक्की के लिए प्रार्थना की। मंदिर दर्शन के पश्चात आयोजित यूनियन की बैठक में कार्यकताओं का भारी हुजूम उमड़ा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पदाधिकारी बृजेंद्र प्रताप सिंह राजू और जिला अध्यक्ष अभिषेक पांडे ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का पुष्पहार पहनाकर और अंगवस्त्र भेंट कर भव्य नागरिक अभिनंदन किया। पदाधिकारियों ने पूरी यूनियन टीम के जोश और समर्पण की भी सराहना की। बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि मिश्रा ने कहा कि संगठन किसानों के स्वाभिमान और उनके हक की लड़ाई लड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। गांव-गांव जाकर किसानों को एकजुट किया जाएगा ताकि उनकी समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता पर हो सके। इस अवसर पर डॉ बृजेंद्र प्रताप सिंह राजू महासचिव उत्तर प्रदेश लखनऊ जिला अध्यक्ष अभिषेक पाण्डेय वीरेंद्र सिंह फौजी मुकेश सिंह जिला उपाध्यक्ष शंभू सिंहजिला अध्यक्ष एक सविता मंडल सचिव प्रधान ऊँचगांव सानी अंबुज सिंह चैहान जिला अध्यक्ष सहित जिले के समस्त पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष और भारी संख्या में क्षेत्र के सम्मानित किसान एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## सुघर सिंह वर्ल्ड स्कूल में आधुनिक शिक्षा प्रणाली लागू



जसवंतनगर, इटावा। चै. सुघर सिंह वर्ल्ड स्कूल ने फिनलैंड आधारित शिक्षा प्रणाली के साथ अपनी अकादमिक साझेदारी की घोषणा की है। इस पहल के अंतर्गत विद्यालय में प्री-प्राइमरी कक्षाओं प्री-नर्सरी, नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी में आधुनिक शिक्षण पद्धति को लागू किया जाएगा। विद्यालय में इस साझेदारी के तहत बच्चों को खेल-आधारित, गतिविधि-आधारित एवं अनुभवात्मक शिक्षा प्रदान की जाएगी, जिससे उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके और वे प्रारंभिक स्तर से ही रचनात्मक एवं आत्मविश्वासी बन सकें। प्रवेश हेतु आयु सीमाकृप्री-नर्सरीः 2 से 3 वर्ष, नर्सरीः 3 से 4 वर्ष, एलकेजीः 4 से 5 वर्ष तथा यूकेजीः 5 से 6 वर्ष निर्धारित की गई है। संस्था के प्रबंध निदेशक अनुज मोंटी यादव ने बताया कि इस अकादमिक साझेदारी का उद्देश्य बच्चों को प्रारंभिक स्तर से ही अंतरराष्ट्रीय स्तर की आधुनिक, गुणवत्तापूर्ण एवं तनावमुक्त शिक्षा प्रदान करना है, जिससे उनमें तार्किक सोच, रचनात्मकता तथा सामाजिक एवं व्यवहारिक कौशल का विकास हो सके। विद्यालय में योग्य एवं प्रशिक्षित शिक्षकों की टीम, स्मार्ट एवं वातानुकूलित एसी कक्षाएं, सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण, सीसीटीवी युक्त परिसर तथा सुरक्षित परिवहन सुविधा उपलब्ध है। अंत में इस अवसर पर स्वधा हॉस्पिटल की निदेशक डॉ. अंजलि यादव, समूह के निदेशक डॉ. संदीप पांडेय, प्रधानाचार्या मनराज कौर नामधारी तथा मनीष चैधरी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# डीएम ने स्कूल चलो अभियान वैन को हरी झंडी दिखायी

**उन्नाव।** जिलाधिकारी गौरांग राठी ने जिला चिकित्सालय उन्नाव से 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलने वाले संचारी रोग अभियान व 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलने वाले दस्तक अभियान व 01 अप्रैल 2026 से शुरू हुए स्कूल चलो अभियान से संबंधित जागरूकता वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिलाधिकारी ने कहा कि संचारी रोग अभियान को गंभीरता से लेकर सभी संबंधित अधिकारी कार्य करेंगे इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही ना हो यह वैन जनपद के प्रत्येक ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में पहुँच कर जन सामान्य को संचारी रोगों के संबंध में बेहतर तरीके से जागरूक कर सके इसके लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कर लिया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि संचारी रोग अभियान 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलेगा साथ ही दस्तक अभियान जो 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलेगा। दस्तक अभियान में आशा व



आंगनबाड़ी घर-घर जाकर जन सामान्य को संचारी रोगों से बचाव के संबंध में जागरूक करें। कोई भी घर न छूटे इसकी विभागीय नोडल अधिकारी गहन समीक्षा प्रतिदिन करें। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने 01 अप्रैल 2026 से शुरू हुए स्कूल चलो अभियान से सम्बंधित जागरूकता वैन को जिला चिकित्सालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना। इस अवसर पर जिलाधिकारी मुख्य विकास अधिकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और बड़ी संख्या में उपस्थित बच्चों शिक्षकों ने जिला चिकित्सा लय मार्ग में पैदल चलकर स्कूल चलो का संदेश दिया गया। जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया है कि स्कूल चलो अभियान के तहत अधिक से अधिक बच्चों का पंजीकरण कराया जाए। कहा कि 6 से 14 वर्ष के सभी बच्चों को शतप्रतिशत नामांकन सुनिश्चित कराया जाए इस अभियान के तहत घर-घर सर्वे रैलियां और मिड डे मील यूनी फॉर्म जैसी सुविधाओं के माध्यम से अभिभावकों को प्रेरित किया जाए। कहा 6 से 14 वर्ष के सभी बच्चों को इस अभियान के तहत जोड़ा जाए। शिक्षकों की टीम घर-घर जाकर सर्वे करें और बच्चों का नामांकन सुनिश्चित कराया जाए। कहा कोई भी बच्चा जो स्कूल जाने योग्य है वह शिक्षा से वंचित न रहे अभिभावकों से संपर्क कर संबंधित विद्यालयों में पंजीकरण प्राथमिकता से कराया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी कृतिराज, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सत्य प्रकाश अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एच एनसिंह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी बेसिक स्कूल की बड़ी संख्या में बच्चे व शिक्षक गण मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य शिविर, ओपीडी व जांच की रहेगी सुविधा

पुरवा, उन्नाव (वीओएल)। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर आगामी 04 अप्रैल शनिवार को एसडीएम पुरवा प्रमेश श्रीवास्तव के निर्देशन में गरीबों के हित मेंएक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पुरवा के माध्यम से मरीजों के लिए ओपीडी, विभिन्न जांचें तथा आवश्यक उपचार की समुचित व्यवस्था की जाएगी। अधीक्षक, ने बताया शिविर का उद्देश्य अधिक से अधिक रोगियों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराना है। इसके लिए क्षेत्र के लोगों से अपील की गई है कि वे इस शिविर में पहुंचकर अपनी स्वास्थ्य जांच अवश्य कराएं। इस मौके पर चिकित्सकीय टीम में डॉ. विनीत प्रताप सिंह, डॉ. शिखा गौतम सहित फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन, स्टाफ नर्स, एएनएम व अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहेंगे।

## सीएमओ ने विशेष संचारी रोग का शुभारंभ किया

इटावा। मेडिकल केयर यूनिट कोतवाली चैराहा से विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बीके सिंह ने फीता काटकर शुभारंभ किया। रैली पचराहा से राजागंज चैराहा, नगर पालिका चैराहा से कहारनपुर तिकोनिया से वापस होती हुई मेडिकल केयर यूनिट पर जाकर समाप्त हुई संचारी रैली में नगरी क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के छात्र छात्राएं एवं एएनएमटीसी ट्रेनिंग सेंटर की प्रशिक्षित छात्राएं एवं नगरीय क्षेत्र की आशा, आंगनबाड़ी ने भी रैली में सहयोग करते हुए भाग लिया। इसके साथ ही डॉक्टर सत्येंद्र यादव, नोडल बीबीडी, डॉक्टर कुणाल सिंह एसएमओ, जिला मलेरिया अधिकारी एसएन. सिंह, सहायक मलेरिया अधिकारी आशीष राणा, श्याम वीर सिंह यादव, डा. गोपाल गुप्ता डा. नवीन सक्सेना, नेहा यादव डा. पूनम, नीतू कश्यप यूडीसी एवं समस्त अधिकारी कर्मचारियों ने रैली में सहयोग करते हुए प्रतिभाग किया।

### सूचना

सूचित हो कि मेरे हाईस्कूल प्रमाणपत्र में मेरे पिता का नाम नन्द राम वर्मा दर्ज है जबकि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस नं.- UP-3120070028961 में मेरे पिता का नाम नन्द राम दर्ज है। दोनों एक ही व्यक्ति के नाम हैं। मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरे पिता का नाम नन्द राम वर्मा ही दर्ज किया जाये। **मनोज कुमार पुत्र नन्द राम वर्मा नि.- मो. मुन्नूगंज वार्ड नं.-9 गांधी विद्यालय के पीछे कस्बा व थाना व तह. गोला गोकर्णनाथ जिला लखीमपुर खीरी।**

उत्तर रेलवे
निविदा सूचना

| निविदा सं० | खुलने की तिथि | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | वेबसाइट |
|---|---|---|---|---|
| 96256651A | 20.04.2026 | सप्लाई, इंस्टालेशन, कमीशनिंग एंड परीक्षण आफ स्नक्रोनाईजड ईलेक्ट्रीकली ओपरेटेड स्क्रू जैक | 02 नं. | www.ireps.gov.in |

पत्रांक– Sr.DMM/NR/TENDER/AT/LKO/25-26 दिनांक:-01.04.2026 1087/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

संक्षेप

## ट्रेन से कटकर बाघिन की मौत

लखीमपुर खीरी। मैलानी बफर जोन में बाघिन की दर्दनाक मौत हो गई। बुधवार को मैलानी बफर जोन के मैरीना बीट में भीखमपुर हाल्ट के पास एक करीब 5 वर्ष की मादा बाघिन की ट्रेन से टकराकर मौत हो गई। सुबह करीब 9 बजे पेट्रोलिंग टीम से सूचना मिलने के बाद वन विभाग के आलाधिकारियों को सूचना दी। सूचना मौके पर पहुंचे वन विभाग के अधिकारी बघिन का शव भेज दिया गया। बाघिन की हुई मौत के मामले में वन विभाग आगे की कार्रवाई कर रहा है।

## हनुमान जन्मोत्सव पर आज निकलेगी पदयात्रा

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर नगर में बुधवार को भव्य पदयात्रा निकाली जाएगी। पदयात्रा सुबह 6 बजे संकट मोचन हनुमान मंदिर, मिल डाइवर्जन रोड से प्रारंभ होकर मोहम्मदी रोड स्थित कंजा बाबा स्थान तक जाएगी और पुनः मंदिर परिसर में आकर समाप्त होगी। आयोजकों के अनुसार पदयात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। मार्ग में जगह-जगह भक्तों द्वारा स्वागत की भी तैयारियां की गई हैं, जिससे धार्मिक वातावरण बना रहेगा कार्यक्रम के तहत दोपहर 3 बजे से 4 बजे तक हनुमत अर्चन किया जाएगा। इसके बाद सायं 4 बजे से कथावाचक पं. मुनेन्द्र शुक्ल द्वारा सुमधुर सुंदरकाण्ड पाठ किया जाएगा, जिसमें भक्तगण सहभागिता करेंगे। संकट मोचन हनुमान मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने और भगवान हनुमान की कृपा प्राप्त करने की अपील की है।

## युवक की गला रेत कर हत्या

रेउसा /सीतापुर। थाना क्षेत्र के ग्राम खरौहा में मंगलवार रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां 20 वर्षीय युवक हसीन की निर्मम हत्या कर दी गई। युवक का शव घर के कमरे में चारपाई के नीचे खून से लथपथ हालत में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार, हसीन रात में खाना खाकर अपने कमरे में सोने चला गया था। उसकी मां और भाभी रेश्मा पास ही दूसरी चारपाई पर लेटी थीं, जबकि पिता बशीर घर के बाहर सो रहे थे। देर रात करीब 11 बजे गर्मी के कारण बशीर कमरे में पंखा लेने पहुंचे। जैसे ही उन्होंने दरवाजा खोला, अंदर का मंजर देख उनके होश उड़ गए। बेटे का शव चारपाई के नीचे पड़ा था और गर्दन किसी धारदार हथियार से रेती हुई प्रतीत हो रही थी।यह दृश्य देखते ही बशीर जोर-जोर से चिल्लाने लगे। आवाज सुनकर परिवार और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। बेटे की हालत देखकर माता-पिता सदमे में बेहोश हो गए। घटना की सूचना मिलते ही रेउसा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए, वहीं सुबह पुलिस अधीक्षक उत्तरी, क्षेत्राधिकारी अमन सिंह और क्राइम ब्रांच की टीम ने भी मौके का निरीक्षण कर परिजनों से पूछताछ की। थानाध्यक्ष हनुमंत लाल तिवारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मृतक के पिता ने अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर दी है और किसी पर स्पष्ट शक नहीं जताया है।

# डीएम ने की संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरुआत



जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। बुधवार को जिले में संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ जिलाधिकारी द्वारा किया गया ।कलेक्ट्रेट से डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने रैली में मौजूद प्रशिक्षु एएनएम शिल्पी को कैंची सौंपकर देकर फीता कटवाया। इसके बाद उन्होंने सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता और एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह की उपस्थिति में जन जागरूकता रैली और वेक्टर कंट्रोल वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण तथा उक्त का त्वरित एवं सही उपचार राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। जिले में स्वास्थ्य से जुड़े दोनों प्रमुख अभियानो के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन हो, भविष्य में उनके अच्छे परिणाम प्राप्त हो, इसके लिए पूरी टीम को शुभकामनाएं देती हूं। स्वास्थ्य के क्षेत्र में संवेदनशीलता के साथ केंद्र व प्रदेश सरकार काम कर रही है। उन्होंने स्वास्थ्य के क्षेत्र में ना केवल सरकार की ओर से किए गए प्रयासों का जिक्र किया बल्कि सकारात्मक परिणाम भी गिनाएं। दस्तक अभियान (10 से 30 अप्रैल) के तहत आशा कार्यकर्त्रियां घर-घर जाकर संचारी रोगों से बचाव, लक्षण और उपचार की जानकारी देंगी। डेंगू, मलेरिया, दिमागी बुखार समेत अन्य रोगों के लक्षणयुक्त मरीजों की पहचान कर सूची बनाई जाएगी। बच्चों में बुखार होने पर तुरंत सरकारी अस्पताल में दिखाने की सलाह दी गई है। अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन 1800-180-5145 जारी की गई है। जागरूकता रैली में आशा, आंगनबाड़ी, एएनएम, स्वच्छता दूत भी बड़ी संख्या में शामिल रहे ।इस मौके पर एसीएमओ डॉ सत्यप्रकाश मिश्र, डिप्टी सीएमओ डॉ धनीराम, जिला मलेरिया अधिकारी, जिला पशु चिकित्सा अधिकारी डाक्टर सचान मौजूद रहे।

## स्कूल चलो अभियान के साथ शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन

जिला संवाददाता(vol)

मोहम्मदी खीरी। ब्लॉक क्षेत्र के गांव बैदा के सिविलियन विद्यालय में स्कूल चलो अभियान एवं शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि मजिस्ट्रेट बालक राम और विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी शशांक सिंह मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन संगीता ने किया है।

सिविलियन विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम अतिथियों के स्वागत में सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर प्रतिभा का प्रदर्शन किया मुख्य अतिथि ने अभिभावक और छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा शिक्षा रूपी दीपक को प्रकाशित करने में अभिभावकों का सहयोग सराहनीय है। शिक्षा से देश और समाज का विकास होता है। मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि ने संयुक्त रूप से रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्राप्त छात्राओं को प्रमाण पत्र के साथ आगामी सत्र की पाठ्य पुस्तकें वितरित की उन्होंने विद्यालय में सर्वाधिक उपस्थित देने वाले बच्चों को प्रोत्साहित किया आयोजन में आए दिलीप यादव, सच्चिदानंद राय, अनूपकुमार, विश्वास सिंह, ज्ञान प्रकाश सिंह, संगीता, नरेंद्र, उर्मिला, मंजू, हुमा और इल्मा समेत तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई, पांच ट्रक सीज



सीतापुर। जनपद की सिधौली तहसील में ओवरलोड वाहनों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए विशेष अभियान चलाया। यह अभियान उप जिलाधिकारीराखी वर्मा और एआरटीओ प्रशासन सर्वेश चतुर्वेदी की संयुक्त टीम द्वारा संचालित किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़कों पर ओवरलोड वाहनों पर नियंत्रण करना और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना रहा। अभियान के दौरान परिवहन विभाग की टीम ने विभिन्न मार्गों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान कई संदिग्ध वाहनों को रोककर जांच की गई। जांच में पांच ट्रकों में निर्धारित सीमा से अधिक मौरंग लदी पाई गई, जो नियमों का स्पष्ट उल्लंघन था। नियमों के तहत सभी ट्रकों को तत्काल प्रभाव से सिधौली में सीज कर दिया गया ।एआरटीओ प्रशासन सर्वेश चतुर्वेदी ने बताया कि ओवरलोडिंग से सड़कों को नुकसान पहुंचता है और दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे, ताकि नियमों का कड़ाई से पालन कराया जा सके ।कार्रवाई के तहत पकड़े गए पांचों ट्रकों पर कुल 5,06,500 रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

## गुरुकुल एकेडमी में परीक्षाफल वितरित



पलियाकलां खीरी। गुरुकुल एकेडमी पलिया सत्र 2025 26 का परीक्षा फल आज वितरित किया है बच्चेओं ने अपने परिश्रम से अच्छे अंक लाकर कक्षा तथा विद्यालय में विशेष स्थान प्राप्त किया। विशेष स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों में प्ले ग्रुप से प्रिया निषाद, अथर्व वर्मा तथा आरव राणा क्रमशः पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे।

नर्सरी एवं बी से अथर्व कश्यप, रेयांश सिंह राणा ने पहला स्थान, मिशिका वर्मा व आद्या शर्मा ने दूसरा स्थान बीरा साहू व सरफरोश ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। केजी ए व बी से अवलीन कौर, गुरनूर कौर, मानवी बंसल, अभिनंदन सिंह व आदित्य ने पहला, अक्षत नाग, गुनकीरत कौर, मिशिका व शिवांशी अरोड़ा ने दूसरा, आरुष गुप्ता अवनी गौतम व अमरिंदर सिंह ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा एक अ व ब वर्गों से नेहमत गिल, दिव्यांश गुप्ता व विधान बंसल प्रथम; आश्विक बंसल, अभिजीत, आरुष जिंदल सारांश गुप्ता व निमरत कौर द्वितीय; अर्निमा शुक्ला, दिव्यांशु राणा, कैरव अग्रवाल, पारस मौर्य, रितेश कुमार व वियान सिंह तृतीय स्थान पर रहे। सभी विशेष स्थान प्राप्त बच्चों को मैडल, ट्राफी व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधक मुकेश अग्रवाल व अध्यक्ष वीरेन्द्र शुक्ला ने कहा कि पूरे वर्ष की मेहनत के बाद बच्चों के शैक्षिक मूल्यांकन के लिए आयोजित वार्षिक परीक्षाओं के परीक्षाफल का? वितरण किसी पर्व से कम नहीं होता है। विद्यालय आज इस पर्व को मनाते हुए गौरवान्वित है। श्री अग्रवाल ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता को लेकर उनके माता-पिता तथा अभिभावकों को संतुष्ट तथा प्रसन्नचित देखना विद्यालय के लिए सबसे बड़ी उपलब्धि है।

## चैती मेले में लोकगीत-लोकनृत्य की धूम सांस्कृतिक मंच पर सजी रंगारंग संध्या




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल ।ऐतिहासिक चैती मेले के सांस्कृतिक मंच पर सांस्कृतिक विभाग उत्तर प्रदेश के कलाकारों द्वारा लोकगीत और लोकनृत्य की शानदार प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम में भजन संध्या के साथ लोक संस्कृति की झलक देखने को मिली, जिससे देर रात तक दर्शक मंत्रमुग्ध रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि नगर पंचायत निघासन अध्यक्ष बद्री प्रसाद मौर्य, कार्यक्रम अध्यक्ष देवीदयाल वर्मा तथा विशिष्ट अतिथि दयाशंकर मौर्य, दिलीप जायसवाल, विजय आनंद, विमलेश गुप्ता, ललित शर्मा, राजेश तिवारी और विपिन मौर्य मौजूद रहे। इस दौरान अतिथियों का स्वागत स्मृति चिन्ह और पुष्पमालाओं से किया गया। मुख्य अतिथि बद्री प्रसाद मौर्य ने कहा कि ऐतिहासिक चैती मेला क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान है और इस तरह के आयोजन भारतीय संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। विशिष्ट अतिथि दयाशंकर मौर्य ने आयोजन की सराहना करते हुए आभार जताया। कार्यक्रम में कलाकारों ने लोकनृत्य ह्यहमार दिसवा सोने की चिरैयाह्ण और ह्यरेलियां बैरन पिया को लिए जाए रेह्ण पर समूह प्रस्तुति देकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। लोकगायक सतीश तिवारी ने ह्यहे शंभू इच्छा तिहारीह्ण भजन प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया, वहीं लोकगायिका निरी मुस्कान ने अपने गीतों से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। विशाल और काजल कनौजिया ने शिव-पार्वती की झांकी प्रस्तुत कर आकर्षण बढ़ाया। इसके अलावा सेजल साहू, अंशी कश्यप, आरजू शर्मा, नेहा कश्यप, नव्या श्रीवास्तव, अंशिका वर्मा और जाह्नवी मिश्रा ने लोकनृत्य प्रस्तुत कर सराहना बटोरी। विशाल ने भी लोकनृत्य के माध्यम से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का समापन कलाकारों द्वारा शक्ति आराधना ह्यआई गिरि नंदिनीह्ण की प्रस्तुति के साथ हुआ। सांस्कृतिक विभाग के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति, परंपरा और सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर नानक चन्द्र वर्मा, इजरान अहमद, धर्मेन्द्र बाल्मीकि, रियासुद्दीन , दानिश राइन, अनिल गुप्ता, मोहित कनौजिया, सुरेश जायसवाल, साहिद अंसारी, सुफियान खान,हर्ष अवस्थी, राजेश वर्मा, कफील अहमद ,धर्मेन्द्र जायसवाल, आनंद सोनी,गीता विश्वकर्मा, राम चन्द्र राठौर, शत्रोहन मिश्रा ,पूर्व मण्डल अध्यक्ष रविन्द्र कटियार, विकास मिश्रा, हिमांशु सिंह, विजय प्रकाश मिश्रा, राजन शुक्ला, प्रदीप खतौलिया, मनोज बाथम,सुनील मिश्रा, डा०राम औतार यादव सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## हनुमान जन्मोत्सव पर निकलेगी शोभा यात्रा

हरगांव/सीतापुर। हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर हरगांव क्षेत्र में भव्य कीर्तनमयी शोभा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह पदयात्रा सूर्यकुंड तीर्थ स्थल स्थित हनुमान मंदिर से लखीमपुर के ओयल के आगे स्थित गुलरीपुरवा श्री बालाजी हनुमान मंदिर तक निकलेगी। यात्रा बृहस्पतिवार प्रातः छह बजे गाजे-बाजे और भक्ति गीतों के साथ प्रारंभ होगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है ।शोभायात्रा में आगे-आगे गौरीशंकर बाबा, बालाजी महाराज सहित विभिन्न देवी-देवताओं की सजीव झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में इस आयोजन को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। हनुमान सेवा समिति के अध्यक्ष राजेंद्र शुक्ला ने बताया कि यात्रा के समापन पर गुलरीपुरवा स्थित बालाजी मंदिर में विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया जाएगा तथा महाभोग का प्रसाद वितरित होगा ।उन्होंने बताया कि शाम को गौरीशंकर मंदिर परिसर स्थित पूर्वी हनुमान मंदिर में भव्य महाआरती का आयोजन भी किया जाएगा।

## महोठेरानी मेला आज से , आस्था में डूबेगा कमलापुर

सीतापुर। कमलापुर कस्बे के रेलवे स्टेशन के निकट स्थित मां महोठेरानी मंदिर में चैत्र पूर्णिमा से प्रारंभ होने वाला प्रसिद्ध 30 दिवसीय मेला 2 अप्रैल से शुरू हो रहा है। मेले को लेकर पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बन गया है और श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है ।चैत्र पूर्णिमा के दिन हजारों श्रद्धालु मां महोठेरानी के दरबार में पहुंचकर मिट्टी की मटकी चढ़ाते हैं और मनौती पूरी होने पर दंडवत करते हुए अपनी हाजिरी लगाते हैं। मंदिर परिसर जयकारों से गूंज उठता है और भक्ति की अद्भुत छटा देखने को मिलती है। इस दौरान जागरण, कन्या भोज और भंडारे जैसे धार्मिक आयोजन निरंतर चलते रहते हैं ।कसमंडा स्टेट से जुड़ा यह ऐतिहासिक मेला वर्षों से आस्था का केंद्र बना हुआ है। ग्रामीणों का मानना है कि मां महोठेरानी सभी मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। मेला प्रबंधक अनुज तिवारी के अनुसार, एक माह तक चलने वाले इस मेले में लकड़ी, लोहे और मिट्टी से बने सामानों की दुकानें सजती हैं, जिनकी काफी मांग रहती है ।इस बार मेला समिति ने विशेष निर्णय लेते हुए मनोरंजन के साधनों पर कोई शुल्क न लेने का फैसला किया है। श्रद्धालु अपनी मन्नत पूरी होने पर मंदिर में ईंट और मटकी चढ़ाकर मां का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। दूर-दराज से आए दुकानदारों ने भी अपनी दुकानें सजानी शुरू कर दी हैं, जिससे मेले की रौनक और बढ़ गई है।

## विद्या मंदिर के पूर्व छात्र का पीसीएस में चयन



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के पूर्व छात्र का उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (पीसीएस) परीक्षा में चयन होने पर विद्यालय परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकुमार कन्नौजिया ने बताया कि पूर्व छात्र धीरज वर्मा, जो अलीगंज क्षेत्र के आलियापुर का निवासी है, का चयन पीसीएस 2024 में हुआ है। वह वर्ष 2014 के इंटरमीडिएट बैच का छात्र रहा है। प्रधानाचार्य ने कहा कि धीरज वर्मा प्रारंभ से ही मेधावी छात्र रहा है और उसकी इस सफलता से विद्यालय का नाम रोशन हुआ है। उन्होंने इसे अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बताया। धीरज वर्मा के चयन पर विद्यालय प्रबंध समिति के प्रबंधक डॉ. आदित्य कुमार पुरवार, उपाध्यक्ष रामदयाल वर्मा, कोषाध्यक्ष ईश्वरदीन वर्मा और सह प्रबंधक बृजेश राठी सहित अन्य लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## मेले में बिछड़ी मासूम को पुलिस ने चंद मिनटों में मिलाया परिवार से

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। ऐतिहासिक चैती मेला में एक मासूम बच्ची के लापता होने से अफरा-तफरी मच गई, लेकिन पुलिस की तत्परता से उसे सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया गया। घटना के बाद मेला परिसर में कुछ देर के लिए हलचल का माहौल रहा। जानकारी के अनुसार मैगलगंज निवासी जसकरन अपने परिवार के साथ गोला में मुंडन संस्कार के लिए आए थे। उनकी पांच वर्षीय पुत्री सिद्धि भी उनके साथ थी। संस्कार के बाद परिजन मेला घूमने लगे, इसी दौरान बच्ची अचानक भीड़ में बिछड़ गई। परिजनों ने तत्काल मेला मंच पर पहुंचकर सूचना दी, जिस पर मंच संचालक संजीव दीक्षित ने माइक से बच्ची के गुम होने की घोषणा की। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया और पूरे मेला क्षेत्र में खोजबीन शुरू कर दी गई। सीओ रमेश तिवारी, कोतवाल अम्बर सिंह और पूर्व क्राइम इंस्पेक्टर अरविन्द पांडे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सघन तलाशी अभियान चलाया। पुलिस की मुस्तैदी का परिणाम रहा कि कुछ ही देर में बच्ची को सकुशल ढूंढ लिया गया। इसके बाद पुलिस ने बच्ची को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। अपनी बेटी को सुरक्षित पाकर परिजनों के चेहरे खिल उठे और मेला स्थल पर मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली।

## पुलिस अभिरक्षा में छेड़छाड़ का आरोपी फरार

सीतापुर। सकरन थाना क्षेत्र में पुलिस की बड़ी लापरवाही सामने आई है, जहां छेड़छाड़ के आरोपी को जेल भेजने से पहले मेडिकल कराने ले जाया गया, लेकिन वह पुलिस अभिरक्षा से ही फरार हो गया। आरोपी के भागने से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार, सकरन थाना क्षेत्र के सुकेठा गांव निवासी 22 वर्षीय इस्तियाक पुत्र निसार पर एक 17 वर्षीय नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप है। इस मामले में परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। इसके बाद 30 मार्च को पुलिस ने लखनऊ से आरोपी और लड़की को बरामद कर लिया था ।बुधवार को पुलिस आरोपी को जेल भेजने से पहले चिकित्सीय परीक्षण के लिए सीएचसी सांडा लेकर गई थी। इसी दौरान भीड़ का फायदा उठाकर आरोपी अस्पताल परिसर की दीवार फांदकर फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में कई टीमों को आरोपी की तलाश में लगा दिया गया ।आरोपी के फरार होने के बाद गांव में भी तनाव का माहौल बना हुआ है। क्षेत्र में पुलिस लगातार दबिश दे रही है, लेकिन अभी तक आरोपी का कोई सुराग नहीं लग सका है। क्षेत्राधिकारी बिसवां अमन सिंह ने बताया कि मेडिकल के दौरान आरोपी भीड़ का फायदा उठाकर भाग गया है। उसकी गिरफ्तारी के लिए कई टीमें गठित की गई हैं और जल्द ही उसे पकड़ लिया जाएगा। इस घटना के बाद पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

## ट्रक ने युवक को कुचला, मौके पर मौत

सीतापुर। महोली कोतवाली क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। थाना क्षेत्र के कारीपाकर गांव के पास नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रक ने युवक को टक्कर मार दी और कुचलते हुए फरार हो गया ।मृतक की पहचान 28 वर्षीय प्रियांशु पाण्डेय पुत्र प्रकाशनाथ पांडे निवासी कारीपाकर गांव के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि प्रियांशु घर पर चल रहे निर्माण कार्य के लिए चौराहे से मजदूर लेने बाइक से जा रहा था, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी ।हादसा इतना भीषण था कि युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है ।घटना के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची महोली पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए फरार चालक की तलाश तेज कर दी है।

## एक हफ्ते से हैंडपंप खराब, बूंद-बूंद को तरसे ग्रामीण: प्रशासन बेखबर

सदना । विकासखंड गोंदलामऊ अंतर्गत ग्राम पंचायत सरोसा के मजरा उमरापुर गांव में पेयजल संकट विकराल रूप ले चुका है। गांव का सरकारी हैंडपंप पिछले एक सप्ताह से खराब पड़ा है, जिससे ग्रामीणों को पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। हालात यह हैं कि महिलाएं और बच्चे दूर-दराज के इलाकों से पानी ढोने को मजबूर हैं। ग्रामीण रामसागर, गुड्डू, रामसागर यादव, जगमोहन, शिवांशु, रज्जन और प्रमोद यादव का कहना है कि रोजाना पानी के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। कई बार ग्राम प्रधान को मौखिक सूचना दी गई, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। स्थानीय लोगों में प्रशासन और पंचायत के प्रति गहरा आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही हैंडपंप की मरम्मत नहीं कराई गई तो हालात और बिगड़ सकते हैं। सवाल यह है कि आखिर जिम्मेदार कब जागेंगे?

## कृषक गोष्ठी में उन्नत गन्ना प्रजातियों पर जोर



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। बजाज चीनी मिल द्वारा परिक्षेत्र के ग्राम पड़सर में वृहद कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें पड़सर, मूडानिजाम, सहजनियां समेत आसपास के गांवों के सैकड़ों किसानों ने भाग लिया। गोष्ठी में किसानों को उन्नत गन्ना प्रजातियों की बुवाई और आधुनिक कृषि तकनीकों की विस्तार से जानकारी दी गई।

वरिष्ठ महाप्रबंधक (गन्ना) पीएस चतुर्वेदी ने बसंतकालीन गन्ना बुवाई के लिए उन्नत प्रजातियों के चयन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने बताया कि चीनी मिल द्वारा कोलख 14201, को 0118 व 15023 प्रजातियों का शुद्ध एवं निरोग बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही उन्होंने हरियाणा 119, कोशा 91269 व पीबी 95 जैसी अनामित एवं अस्वीकृत प्रजातियों की बुवाई से बचने की सलाह दी। उन्होंने भूमि उपचार के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि ट्राइकोडर्मा व बीज उपचार के लिए फफूंदीनाशक थायोफिनेट मिथाइल अनुदान पर उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे मृदा में हानिकारक फफूंद नष्ट होते हैं और भूमि की उर्वरता बढ़ती है। उत्तर प्रदेश गन्ना किसान संस्थान, शाहजहांपुर के सहायक निदेशक एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. पीके कपिल ने गन्ना प्रजाति को 0238 में रेड रॉट रोग के खतरे को देखते हुए सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने किसानों को उन्नत प्रजातियां को 0118, 15023 व कोलख 14201 के साथ निचले क्षेत्रों के लिए को 98014 व कोलख 94184 की बुवाई करने को प्रेरित किया। डॉ. कपिल ने ट्रेंच विधि से चार फीट की दूरी पर गन्ना बुवाई करने, बीज के रूप में गन्ने के ऊपरी दो-तिहाई भाग के उपयोग तथा उचित बीज चयन के फायदे भी बताए। गोष्ठी में समिति सचिव बलवंत चौधरी ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए फार्म मशीनरी बैंक में उपलब्ध एमबी प्लाऊ, ट्रैक्टर, रोटावेटर आदि कृषि यंत्रों के उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि गहरी जुताई से मिट्टी की जलधारण क्षमता व वायु संचार बढ़ता है, जिससे पैदावार में वृद्धि होती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रगतिशील किसान महेंद्र सिंह ने की, जबकि संचालन सहायक महाप्रबंधक ओडी शर्मा ने किया। इस दौरान संजीव चौधरी सहित मिल व समिति के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## सीतापुर में गरजा बुलडोजर, कई दुकानों पर चला प्रशासन का डंडा



सीतापुर। सीतापुर में चौराहा सौंदर्यीकरण अभियान के तहत बुधवार सुबह प्रशासन ने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए चार बुलडोजर चलाए।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मंडी चौराहे पर सुबह करीब 6 बजे शुरू हुई इस कार्रवाई में मंडी पुलिस चौकी समेत आसपास के कई भवनों के आंशिक हिस्सों को ध्वस्त किया गया, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह और अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पीएसी और भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। प्रशासन ने पहले ही अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी कर स्वयं अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे, लेकिन समयसीमा समाप्त होने के बाद यह सख्त कदम उठाया गया ।प्रशासन के अनुसार कैप्टन मनोज पांडे चौक के आसपास करीब 150 मीटर क्षेत्र में फैले अवैध कब्जों को हटाया जाएगा, जिससे वर्षों से बनी जाम की समस्या से निजात मिल सके। साथ ही, यहां आधुनिक आईटीएमएस प्रणाली लागू करने की योजना भी है, जिससे ट्रैफिक व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सके ।कार्रवाई को लेकर स्थानीय लोगों की मिली-जुली प्रतिक्रिया सामने आई है—कुछ ने इसे जरूरी बताया, जबकि प्रभावित दुकानदारों ने नाराजगी जताई है। प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि शहर को व्यवस्थित और सुंदर बनाने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### उजड़ते ठेले-खोमचे टूटती उम्मीदें

मंडी चौराहे पर वर्षों से फुटपाथ पर छोटे-मोटे धंधे कर परिवार पालने वाले दुकानदारों के सामने अब रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। चाय बेचने वाले रामू कश्यप की आंखें नम हैं—यही ठेला ही हमारा सहारा था, अब घर कैसे चलेगा? वहीं पान की दुकान लगाने वाले सदीप कश्यप कहते हैं, 20 साल से यही काम कर रहे थे, अचानक सब खत्म हो गया ।ह्वगोलगप्पे बेचने वाले मुन्ना और सब्जी विक्रेता गीता देवी भी बेघर कारोबार के दर्द से जूझ रहे हैं। उनका कहना है कि बिना वैकल्पिक व्यवस्था के हटाए जाने से परिवार के सामने भूख का संकट खड़ा हो गया है। प्रशासन की कार्रवाई शहर के विकास के लिए भले जरूरी हो, लेकिन इन छोटे दुकानदारों के लिए यह किसी सदमे से कम नहीं। अब उनके सामने सबसे बड़ा सवाल यही है—ह्वकल चूल्हा कैसे जलेगा?ह्व

### तालाब व चकमार्ग की जमीन से हटाया अवैध कब्जा

सीतापुर। महमूदाबाद में प्रशासन ने अवैध कब्जों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए बुधवार शाम बुलडोजर चलाकर सरकारी जमीन को कब्जामुक्त कराया। नगर पालिका टीम ने अधिशासी अधिकारी और लेखपाल की मौजूदगी में पुरानी बाजार क्षेत्र स्थित गाटा संख्या 748 के तालाब पर बनी रिजवान की अवैध दीवार को ध्वस्त कर दिया। साथ ही चकमार्ग की भूमि पर सद्दन द्वारा किए जा रहे निर्माण को भी गिराया गया ।प्रशासन के अनुसार, पहले नोटिस दिए गए थे, लेकिन पालन न होने पर कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि सरकारी भूमि पर कब्जा किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

संक्षेप

## संदिग्ध युवक को ग्रामीणों ने दबोचा

आजमगढ़। जनपद के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के मोलनापुर नत्थनपट्टी गांव में बुधवार की रात उस समय हड़कंप मच गया, जब एक संदिग्ध युवक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि युवक रात करीब 1 बजे एक घर में घुसने की कोशिश कर रहा था। घर के लोगों को आहट मिलने पर उन्होंने शोर मचाया, जिसके बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और घेराबंदी कर युवक को पकड़ लिया। ग्रामीणों का आरोप है कि युवक चोरी की नीयत से गांव में घुसा था, लेकिन वह अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो सका। पकड़े जाने के बाद जब ग्रामीणों ने युवक से उसका नाम और पता पूछा, तो वह अलग-अलग गांवों के नाम बताने लगा, जिससे लोगों का शक और गहरा गया। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि युवक पकड़ में आने के बाद मंदबुद्धि होने का नाटक करने लगा। घटना की सूचना तत्काल डायल 112 पर दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को हिरासत में लेकर थाने ले गई। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और युवक की पहचान व उसके इरादों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

## 70 वर्ष से अधिक के 76,417 आयुष्मान कार्ड बने

जौनपुर। जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र ने अवगत कराया है कि जनपद जौनपुर में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाए जाने का कार्य निरंतर प्रगति पर है। अब तक 70 वर्ष से अधिक आयु के लाभार्थियों के कुल 76,417 आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं, जिससे जनपद को राज्य स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। जनपद में कुल मिलाकर अब तक 13,68,270 आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। विशेष ड्राइव में कुल 91,954 आयुष्मान कार्ड बनाकर जनपद ने प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल किया है। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार आयुष्मान कार्ड बनाए जाने हेतु विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान की दैनिक समीक्षा मुख्य विकास अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा की जा रही है, जिससे कार्य में निरंतर सुधार सुनिश्चित हो रहा है। ब्लॉक स्तर पर धमार्पुर, जलालपुर एवं मुफ्तीगंज में सर्वाधिक आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। जनपद में अब तक 1,45,899 लाभार्थियों का उपचार आयुष्मान योजना के अंतर्गत किया जा चुका है, जिस पर कुल 260.48 करोड़ रुपये व्यय हुए हैं।

## 4026 आवेदन ऋण प्रदान करने की स्वीकृति

जौनपुर। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र ने अवगत कराया है कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के अंतर्गत गत वित्तीय वर्ष में जनपद को कुल 2700 का लक्ष्य प्राप्त हुआ था। जनपद के युवाओं के उत्साह, विश्वास और मेहनत ने इस लक्ष्य को बहुत पीछे छोड़ दिया। योजना अंतर्गत जनपद में कुल 9786 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 8406 आवेदन बैंकों को प्रेषित किए गए। जिसमें से 4026 आवेदन ऋण प्रदान करने हेतु स्वीकृत हुए है तथा अन्य 4092 आवेदन के सापेक्ष युवाओं को ऋण भी प्रदान किया जा चुका है। शेष आवेदनों पर ऋण स्वीकृति हेतु कार्यवाही की जा रही है। युवाओं के सपने को साकार करने की दिशा में यह एक मजबूत और सार्थक कदम है। बताया किइस वित्तीय वर्ष में जनपद ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर एक नई मिसाल कायम की है। यह उपलब्धि पूरे जनपद के लिए एक प्रेरणा है। अगर संकल्प मजबूत हो, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। जिलाधिकारी ने अपील किया है कि जिन युवाओं ने इस योजना के अंतर्गत ऋण प्राप्त किया है, वे अपने रोजगार को आगे बढ़ाने के साथ-साथ अन्य युवाओं के लिए भी प्रेरणास्रोत बनें। वे अपने अनुभव साझा करें, दूसरों का मार्गदर्शन करें और अधिक से अधिक युवाओं को स्वरोजगार की ओर प्रेरित करें, जिससे जनपद विकास और आत्मनिर्भरता की नई ऊंचाइयों को छू सके। बताया कि इस सफलता के पीछे जनपद के उपायुक्त उद्योग, सहायक आयुक्त उद्योग जय प्रकाश, एलडीएम अभय श्रीवास्तव एवं प्रबंधक गौरव सहित जनपद के सभी बैंक प्रतिनिधीगण और अन्य अधिकारीगण और जनपदवासियों की निष्ठा, मेहनत और समर्पण का महत्वपूर्ण योगदान है।

# दो युवतियों को पुलिस ने गिराकर पीटा



जौनपुर। पुलिस अपनी कार्यशैली को लेकर लगातार विवादों में घिरी नजर आ रही है। सुरेरी थाना के ठीक सामने एक पुलिसकर्मी द्वारा दो युवतियों के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. मंगलवार दोपहर एक युवक अपनी दो सगी बहनों के साथ बाइक से कहीं जा रहा था। तीनों एक ही बाइक पर सवार थे और किसी ने भी हेलमेट नहीं पहना था।

सुरेरी थाने के सामने पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान पुलिसकर्मी ने ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर उनका चालान कर दिया। बताया जा रहा है कि चालान होने के बाद जब तीनों भाई-बहन वापस लौट रहे थे, तब पुलिसकर्मी ने उन्हें फिर से रोक लिया. इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। आरोप है कि इस दौरान पुलिसकर्मी ने अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया, जिससे मामला और बढ़ गया।वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि एक युवती पुलिसकर्मी की हरकतों को अपने मोबाइल में रिकॉर्ड करने लगी. इसी बात से नाराज होकर पुलिसकर्मी ने आपा खो दिया और युवती के साथ हाथापाई करने लगा. आरोप है कि उसने युवती को जमीन पर पटक दिया और लात-घूंसों से उसकी पिटाई की। जब दूसरी बहन उसे बचाने के लिए आगे आई तो पुलिसकर्मी ने उसके साथ भी मारपीट की. मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव किया. इस दौरान वहां अन्य पुलिसकर्मी और एक महिला पुलिसकर्मी भी मौजूद थे, लेकिन स्थिति को तुरंत नियंत्रित नहीं किया जा सका। घटना का वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी पुलिसकर्मी को निलंबित कर दिया है और पूरे मामले की विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। सुरेरी थाने के प्रभारी निरीक्षक राजेश मिश्रा का कहना है कि युवतियां अपने भाई के साथ ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन कर रही थीं, जिस पर उनका चालान किया गया था।

## कानून-व्यवस्था में लापरवाही के आरोप में तीन पुलिसकर्मी निलम्बित

जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर। पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने कानून-व्यवस्था में लापरवाही बरतने के आरोप में तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। निलंबित होने वालों में सरपतहा थाने के हेड कॉन्स्टेबल महफूज हाशमी, लाइन बाजार थाने के कॉन्स्टेबल परितोष सिंह और सुरेरी थाने के कॉन्स्टेबल हिमांशु राव शामिल हैं।

पुलिस के मुताबिक, इन तीनों पुलिसकर्मियों की कार्यप्रणाली को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों को लगातार शिकायतें मिल रही थीं। इन शिकायतों की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी ने मामले की समीक्षा की, जिसमें प्रथम दृष्टया कर्तव्यों में लापरवाही पाई गई। इसके बाद तत्काल निलंबन का आदेश जारी कियागया। उन्होने कहा कि कि ड्यूटी में कोताही और अनुशासनहीनता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को चेतावनी दी कि जनता की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कहा कि यदि किसी भी पुलिसकर्मी की कार्यप्रणाली में लापरवाही या शिकायत पाई जाती है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, जिसमें बर्खास्तगी तक शामिल हो सकती है। इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है और सभी को जिम्मेदारी से काम करने का स्पष्ट संदेश मिला है।

## खुशबू ने यूपीपीसीएस में 26वां स्थान पाकर नाम किया रोशन



सोनभद्र। नगर की होनहार बेटी ने अपने परिवार का ही नहीं समाज,क्षेत्र प्रदेश एवं देश का मान बढ़ाया है बेटी की इस उपलब्धि पर हमें गर्व है उपरोक्त बात बातें पूर्व विधायक तथा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अविनाश कुशवाहा ने बुधवार को नगर की बेटी खुशबू सोनी पुत्री स्वर्गीय राजकुमार सोनी के यू पी पीसीएस में शानदार 26वां स्थान पाने पर उनके घर पर जाकर बधाई देते हुए कहा कि बिटिया की लगन परिश्रम ने यह सिद्ध कर दिया कि परिश्रम का कोई विकल्प नहीं है। यह मिथक भी टूटा है कि बहुत बड़े शहर एवं स्कूल से ही पढ़ कर सफलता प्राप्त की जा सकती है।

उन्होंने चयनित बेटी से राष्ट्र के विकास में अपने दायित्व को निष्ठा से पालन करने का सुझाव भी दिया ताकि आगे की पीढ़ी इनका अनुसरण करें बता दें कि नगर के बर्तन व्यवसाई राजकुमार सोनी का निधन 2022 में हार्ट अटैक से हो गया था। परिवार पर विपत्तियों का पहाड़ टूट पड़ा था। बावजूद इसके उनकी बेटी ने अध्ययन जारी रखा भाइयों को भी प्रेरित किया। परिणाम स्वरुप दो भाई इंजीनियर और अपने यूपीपीसीएस की परीक्षा को क्रैक किया। इस अवसर पर बधाई देने वालों में राम प्रसाद यादव, प्रमोद यादव, सपा नगर अध्यक्ष पारब्रह्म सिंह,मोहन जायसवाल, दीपक केसरी, आशीष केसरी,अजय सोनी, पवन सोनी, अक्षत सोनी पियूष सोनी,चंदन सोनी, स्नेहा काजल इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## धार्मिक व पर्यटन स्थलों का किया जायेगा विकासः डीएम



सोनभद्र। जिलाधिकारी बीएन सिंह ने अवगत कराया है कि जनपद सोनभद्र में पर्यटन की अपार संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए पर्यटन विभाग द्वारा प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों के विकास हेतु करोड़ों रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। इस योजना के अंतर्गत शिवद्वार मंदिर (घोरावल), राजा नल मंदिर, राम मंदिर (विढ़मगंज) एवं खैरटिया पिकनिक स्पॉट का समग्र विकास किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इन स्थलों पर सौंदर्यीकरण, आधारभूत सुविधाओं का विस्तार तथा श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की सुविधा हेतु हॉल, शौचालय, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं विकसित की जाएंगी। इन स्थानों पर वर्ष भर श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों का आवागमन बना रहता है, जिसे ध्यान में रखते हुए पर्यटन विभाग द्वारा इन मंन्दिरों को व्यवस्थित एवं आकर्षक रूप देने की योजना बनाई गई है। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से न केवल स्थानीय श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि बाहरी पर्यटकों की संख्या में भी वृद्धि होगी, जिससे जनपद की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इसके साथ ही स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। पर्यटन अधिकारी राजेश भारती ने बताया कि जनपद के अन्य धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों को भी चिन्हित कर उनके विकास हेतु प्रस्ताव शासन को जिलाधिकारी के निर्देशन में भेजे जा रहे है ताकि सोनभद्र को एक प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जा सके।

## परिणाम के साथ पुरस्कार पाकर चहक उठे छात्र

मीरजापुर। लालगंज तहसील क्षेत्र के यूओ कान्वेंट स्कूल (गुरुकुलम) का परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद स्कूल द्वारा मेधावी छात्रों के सम्मान में परीक्षा फल वितरण समारोह का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ ब्रह्मानंद महाराज, डॉ शैलेन्द्र मौर्या, जगत शास्त्री, लक्ष्मीकांत दुबे (प्रवक्ता), अमरेश मौर्या लैंप लाइटिंग के साथ मां सरस्वती का पूजन किया। साथ ही छोटे बच्चों में भावनाओं, उपलब्धियों को गर्वपूर्ण बताते हुए स्कूल के शिक्षण कार्य की भूरी भूरी प्रशंसा की है। प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रमाण पत्र देकर मेडल पहनाया गया। इस मौके पर स्कूल के प्रबंधक ओमकार नाथ पाण्डेय शिक्षकों की सराहना करते हुए बच्चों के भविष्य के लिए अपने क्षेत्रवासियों के सहयोग से स्कूल के सीमित संसाधन, कम खर्च में पूर्ण करने के लिए समर्पित रहने की वचनबद्धता दुहराई।

## स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ



जौनपुर। जनपद में स्कूल चलो अभियान के तहत प्राथमिक विद्यालय सदरूद्दीनपुर, विकासखंड बक्सा में नामांकन अभियान उत्साह और जनभागीदारी के साथ संपन्न हुआ। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल स्वयं गांव पहुंचे और घर-घर जाकर बच्चों का नामांकन कर अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। अभियान के दौरान कुल 25 बच्चों का नामांकन किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकताओं एवं अध्यापकों ने नव नामांकित बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया। साथ ही बच्चों को किताबें, कॉपी और पेंसिल वितरित कर शिक्षा के प्रति प्रेरित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी, ग्राम प्रधान, विंध्यवासिनी उपाध्याय, समस्त अध्यापक, गांव के सम्मानित नागरिक एवं अभिभावक उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर अभियान को सफल बनाने में सहयोग दिया और अधिक से अधिक बच्चों को विद्यालय से जोड़ने का संकल्प लिया। अभियान के माध्यम से शिक्षा के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे।

## अंकित यादव के मामले में सपा उतरी सड़क पर, उत्पीड़न करने वाले पर कार्रवाई की मांग



मीरजापुर। समाजवादी पार्टी व सर्वदली नेताओ ने बुधवार को कलेक्ट्रेट में जोरदार धरना प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को संबोधित मांग पत्र नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। इस अवसर पर वक्ताओ ने पुलिस प्रसाशन के खिलाफ मुदार्बाद के नारे लगाये।

नेताओं ने कहा पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष जीडी बिनानी कालेज, को 29 मार्च 2026 को सांय काल लगभग 6 बजे मार्केट करने बेलतर थाना कोतवाली गया था। जहां बाइक हटाने को लेकर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कटरा से बातचीत के दौरान बहस हुआ जिस मामले से नाराज होकर प्रभारी निरीक्षक व उनके हमराहीयो ने मारा पीटा। मांग पत्र में कहा गया है की अंकित यादव का पुनः मेडिकल कराया जाय साथ ही मेडिकल करने वाले डाक्टर पर कार्यवाही आदि की मांग की गई हैं। जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा की उत्पीडन करने वाले खिलाफ कार्यवाही की जाय। प्रदर्शन सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी, कैलाश चौरसिया, भगवती चौधरी, कांग्रेस जिला अध्यक्ष शिव कुमार सिंह आप जिला अध्यक्ष बबऊ सिंह, अमिताभ पाण्डेय, मुन्नी यादव, लल्लू शुक्ला, झल्लू यादव आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## स्कूल चलो अभियान के तहत हुआ कार्यक्रम, राज्य मंत्री ने किया शुभारंभ

जिला संवाददाता

मीरजापुर 1 अप्रैल 2026 से 15 अप्रैल 2026 तक चलने प्रथम चरण स्कूल चलों अभियान कार्यक्रम के तहत कलेक्ट्रेट सभागार में एक भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपाध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग सोहनलाल श्रीमाली ने प्रज्जवलित कर व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उपाध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग, विधायकगण एवं जिलाधिकारी के द्वारा विगत सत्र में सर्वाधित नामांकन करने वाले 10 स्कूल व निपुण हुए 375 स्कूलों में से 100 स्कूलों के प्रधान अध्यापकों को सम्मानित किया गया। तत्पश्चात उपाध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग, विधायकगण ने स्कूल चलो अभियान के तहत कलेक्ट्रेट से कम्पोजिट विद्यालय पंडित मदन मोहन मालवीय फतहां व प्राथमिक पाठशाला बृज किशोर नगर पालिका परिषद मीरजापुर के छात्रो के द्वारा निकाली गई रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। जिसका समापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचने पर किया गया।

इस अवसर पर उपाध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग सोहनलाल श्रीमाली ने कहा कि जब स्कूल खुलता है तो बच्चों के मन में एक उमंग व उत्साह आता है कि अब हम स्कूल जाने वाले हैं। वह अपने पठान-पाठन की सामग्री तैयार करते हैं और इसी प्रकार का उत्साह शिक्षक गणों के अंदर भी रहता है कि यह सत्र हमारे लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिक्षकगण की यही मंशा होती है कि उनके छात्र उनसे भी अधिक प्रतिभावान बने। उन्होंने कहा कि एक दौर वह भी था जब हमारे पास संसाधन नहीं थे फिर भी हमारी शिक्षकगण अपनी कड़ी लग्न एवं मेहनत से अपने छात्रों को शिक्षा देते हुए उन्हें आगे बढ़ाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि उसी को ध्यान में रखते हुए आज के हमारे शिक्षकों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है, ताकि वे हमारे बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर देश के भविष्य में अपना बहुमूल्य बहुमूल्य योगदान देने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सके। उन्होंने कहा कि अपनी शिक्षा को निरंतर ऐसे ही आगे बढ़ाते रहें और अनंत ऊंचाइयों तक लेकर जाएं। उन्होंने कहा कि जब हमारे बच्चे अच्छे नागरिक बनकर आगे बढ़ेंगे तभी हमारा देश भी आगे बढ़ेगा हमारी सरकार के द्वारा विद्यालयों का कायाकल्प किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह अवसर आज हम सबको मिला है कि हम लोग अपने भारतवर्ष को एक श्रेष्ठ भारत बनते हुए देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त यदि हमें विकसित भारत बना है तो इसलिए भी आवश्यक है आप लोगों को अच्छी शिक्षा मिले। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अजय कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल वर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी वाणी सहित प्रधान अध्यापक विभिन्न स्कूल छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

## जन चौपाल लगाकर साइबर सुरक्षा के प्रति किया जागरूक



बीजपुर/सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जलजलिया महुली स्थित प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को बीजपुर पुलिस द्वारा एक विशेष साइबर जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस टीम द्वारा चौपाल लगाकर ग्रामीणों को वर्तमान समय में बढ़ रहे साइबर अपराधों और उनसे बचाव के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

चौपाल के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए पुलिस टीम ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार होता है, तो उसे तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करना चाहिए। समय रहते सूचना देने से ठगी गई राशि को वापस पाने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। पुलिस टीम ने कहा कि मोबाइल पर आने वाले किसी भी संदिग्ध लिंक को क्लिक न करें।किसी भी अनजान व्यक्ति को अपना बैंक ओटीपी या पिन साझा न करें।बैंक अधिकारी बनकर आने वाली फर्जी कॉल से सावधान रहें। सोशल मीडिया अकाउंट्स पर सुरक्षा सेटिंग्स को मजबूत रखें और अनजान लोगों की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार करने से बचें। चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे, जिन्होंने पुलिस द्वारा दी गई जानकारी की सराहना की और भविष्य में सतर्क रहने का संकल्प लिया। अभियान का नेतृत्व थानाअध्यक्ष बीजपुर राजेश सिंह द्वारा किया गया। उनके साथ साइबर टीम में उपनिरीक्षक कमलाकान्त आरक्षी कृष्ण, सरोज, अमितकुमार, श्रीकृष्ण, महिला आरक्षी निहारिका मौजूद रही।

## सरकारी कार्य में बाधा डालने वाले छह आरोपी गिरफ्तार

आजमगढ़। थाना मुबारकपुर पुलिस ने सरकारी कार्य में बाधा डालने और पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए 6 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त 2 दरांती, 5800 नगद और 2 एंड्रॉयड मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, 31 मार्च 2026 को उपनिरीक्षक मुरारी मिश्र अपनी टीम के साथ थाना जहानागंज में दर्ज गैंगेस्टर एक्ट के एक मामले में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए ग्राम मलिकसुदनी में दबिश देने पहुंचे थे। इसी दौरान विमलेश यादव और अन्य नामजद लोगों ने दरांती व डंडों से लैस होकर पुलिस टीम पर हमला कर दिया और सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की। हमले का फायदा उठाकर वांछित अभियुक्त मौके से फरार हो गए। इस घटना के संबंध में थाना मुबारकपुर में विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। इसके बाद उपनिरीक्षक धीरेन्द्र नारायण शुक्ल की टीम ने मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मलिकसुदनी तिराहे पर घेराबंदी कर अभियुक्त विमलेश यादव सहित 5 महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त विमलेश यादव के पास से 5800 नगद और एक विवो मोबाइल फोन बरामद हुआ, जबकि अभियुक्ता गुड़िया यादव के पास से भी एक मोबाइल फोन मिला। पूछताछ के बाद अभियुक्तों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त 2 दरांती भी बरामद की गई। पुलिस के अनुसार, मुख्य अभियुक्त विमलेश यादव के खिलाफ पूर्व में भी मारपीट, धमकी और एससी/एसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने सभी गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया।

## पिता पर जानलेवा हमला करने वाला धराया

आजमगढ़। थाना मुबारकपुर पुलिस ने अपने ही पिता पर जानलेवा हमला करने वाले वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी भी बरामद की है। पुलिस के अनुसार, 31 मार्च 2026 को ग्राम पिचरी निवासी बृजबिहारी ने थाना मुबारकपुर में सूचना दी कि उनके भाई गोविन्द ने अपने पिता ज्ञानधारी पर जमीन अपने नाम कराने के लिए दबाव बनाया। विरोध करने पर गोविन्द ने गाली-गलौज करते हुए अपने पिता के सिर पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। इस घटना के संबंध में थाना मुबारकपुर में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। विवेचना के दौरान 1 अप्रैल 2026 को उपनिरीक्षक अश्विनी कुमार मिश्र अपनी टीम के साथ ग्राम पिचरी पहुंचे, जहां अभियुक्त गोविन्द को वादी व अन्य लोगों द्वारा पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने अभियुक्त को विधिवत गिरफ्तार कर थाने लाया और पूछताछ के बाद उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी बरामद कर ली। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान के प्रचार प्रसार के तहत रैली को दिखायी हरी झण्डी

मीरजापुर। प्रदेश के मुख्यमंत्री, योगी आदित्यनाथ के सर्वोच्च प्राथमिकता वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य 11 विभागों द्वारा संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के अन्तर्गत जागरूकता अभियान का शुभारम्भ, जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार द्वारा कर्मचारियों को शपथ दिलाते हुए रैली के हेतु हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सीएल वर्मा, समस्त अपरमुख्य, उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी व मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय के कर्मचारी व अन्य सम्बन्धित विभागो के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें। रैली में नगरपालिका परिषद मीरजापुर एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से वेक्टर जनित बीमारियों के वाहक को नियंत्रण में प्रयोग की जानी वाली फागिंग मशीन, एण्टीलार्वल मशीन का प्रदर्शन किया गया। साथ ही साथ डेंगू, मलेरिया एवं अन्य वेक्टर जनित बीमारियों के नियंत्रण हेतु पम्पलेट का वितरण किया गया। बताया गया कि आम जनमानस के सहयोग से ही वेक्टरजनित रोगों पर नियंत्रण पाया जा सकता है, सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। इसी क्रम में डा लालजी गौतम, (नोडल वेक्टरबानं दिजीज) ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अभियान को सफल बनाने हेतु अपील की। जिला मलेरिया अधिकारी संजय कुमार द्विवेदी समस्त वीबीडी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ उपस्थित रहे। रैली मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, मीरजापुर से आरम्भ होकर मण्डलीय चिकित्सालय मीरजापुर में समाप्त की गयी।

## सीओ पद पर प्रोन्नति मिलने पर सुधाकर दुबे का सम्मान, अधिवक्ताओं में हर्ष

लालगंज, मीरजापुर। तहसील क्षेत्र के गंगहरा कला निवासी सुधाकर दुबे के पुलिस उपाधीक्षक (सीओ) पद पर प्रोन्नति होने पर तहसील परिसर में बुधवार को अधिवक्ताओं व शिक्षाविदों ने बैठक कर हर्ष व्यक्त किया। वक्ताओं ने कहा कि उपरौध क्षेत्र की प्रतिभाएं निरंतर आगे बढ़कर क्षेत्र के विकास को नया आयाम दे रही हैं। उपरौध अधिवक्ता समिति के पूर्व अध्यक्ष प्रभुनाथ दुबे ने कहा कि सुधाकर दुबे की उपलब्धि युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। परिश्रम और लगन से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। पूर्व अध्यक्ष केदारनाथ शुक्ला ने कहा कि क्षेत्र की प्रतिभाएं प्रशासनिक सेवाओं में स्थान बनाकर समाज का मान बढ़ा रही हैं। जिससे युवाओं में प्रतिस्पर्धा की भावना बढ़ रही है। पूर्व अध्यक्ष पन्नालाल सिंह ने इसे पूरे उपरौध क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बताया। वहीं बापू उपरौध इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ धर्मजीत ने कहा कि शिक्षा और अनुशासन सफलता की कुंजी है और यह उपलब्धि छात्रों के लिए मार्गदर्शक साबित होगी। प्रधानाचार्य राजेश द्विवेदी ने कहा कि ग्रामीण पृष्ठभूमि से निकलकर उच्च पद प्राप्त करना कठिन होता है लेकिन निरंतर प्रयास से यह संभव है। बैठक में चंद्रदत्त त्रिपाठी, राकेश दुबे, सुनील दुबे, प्रद्युम्न दुबे, अनिल शुक्ला, विपिन तिवारी, शिवम पांडे सामूहिक विचार रखे।

## टोल टैक्स दरों में 15 रुपयें तक की बढ़त



जौनपुर। टोल टैक्स की दरों में वृद्धि की गई है, जो मंगलवार रात 12 बजे से लागू हो गई हैं। इसके साथ ही, रोडवेज बसों का किराया भी बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है, जिससे यात्रियों पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ने की संभावना है। टोल प्लाजा पर अब नकद भुगतान की सुविधा पूरी तरह बंद कर दी गई है। जिले में लखनऊ-वाराणसी हाईवे पर हौज और जौनपुर-रायबरेली हाईवे पर कुंवरपुर में दो प्रमुख टोल प्लाजा स्थित हैं। इन दोनों टोल प्लाजा पर नई दरें प्रभावी हो गई हैं। हौज टोल प्लाजा के प्रबंधक सुनीष त्रिपाठी ने बताया कि कार, जीप, वैन और हल्के वाहनों के लिए अब 130 रुपये का शुल्क निर्धारित किया गया है। हल्के माल वाहक वाहनों को 210 रुपये, बस और ट्रक को 440 रुपये तथा मल्टी-एक्सल वाहनों को 480 रुपये का भुगतान करना होगा। नई व्यवस्था के तहत, टोल प्लाजा पर अब केवल फास्टैग (थ्रैेज्ंह) या यूपीआई (न्च्) के माध्यम से ही टोल टैक्स का भुगतान किया जा सकेगा। कुंवरपुर टोल प्लाजा के प्रबंधक राजेश सिंह ने भी इस बात की पुष्टि की कि वहां से गुजरने वाले वाहन स्वामियों को नकद के बजाय फास्टैग या यूपीआई क्यूआर कोड के माध्यम से भुगतान करना अनिवार्य होगा। रोडवेज बसों के किराए में वृद्धि के संबंध में एआरएम ममता दुबे ने जानकारी दी कि जिले में दो टोल प्लाजा होने के कारण किराए में बढ़ोतरी पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि किराए में लगभग 2 से 3 रुपये की वृद्धि होने की संभावना है।

## युवक नें फांसी लगाकर की आत्महत्या

जौनपुर। केराकत तहसील क्षेत्र के ब्राह्मण पुर झमका में गांव में एक युवक नें फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लिया। घटना मंगलवार रात की है। नहर के पास एक आम के पेड़ परहुई। मृतक की पहचान 18 वर्षीय आदित्य राजभर, पुत्र अनिल राजभर के रुप में हुई है घटना की जानकारी मिलनें पर ग्रामीणों नें आदित्य को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केराकत पहुंचाय जहां। डाक्टरों नें उसे मृत घोषित कर दिया !सूचना मिलनें पर पुलिस प्र मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है, लेकिन आत्महत्या के कारणों का अभी तक स्पसष्ट पता नहीं चल पाया है।

संक्षेप

## पंजीकरण कराकर विभागीय योजनाओ का लाभ प्राप्त करें कृषकः डीएचओ

**बहराइच।** जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चैधरी ने बताया कि आगामी सत्र 2026-27 अन्तर्गत फल, फूल, शाकभाजी, मसाला, मौन पालन, पॉली हाउस, नेट हाउस, वर्मी बेड आदि योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ प्राप्त करने हेतु इच्छुक कृषक उद्यान विभाग द्वारा संचालित एकीकृत बागवानी विकास मिशन, मुख्यमंत्री राज्य औद्यानिक विकास योजना एवं अनुसूचित जाति एवं जनजाति कृषकों हेतु औद्यानिक विकास योजना के तहत 01 अप्रैल 2026 से पंजीकरण करा सकते हैं। श्री चौधरी ने बताया कि इच्छुक कृषक आधारकार्ड, बैंक पासबुक, खतौनी, पासपोर्ट साइज फोटो व मोबाइल नम्बर के साथ डीबीटी डाट यूपीहर्टीकल्चर डाट इन पर जाकर स्वयं अथवा जनसेवा केन्द्र के माध्यम से पंजीकरण कराकर ह्यह्यप्रथम आवक-प्रथम पावकह्लह्ल के आधार पर विभागीय योजनाओं को लाभ प्राप्त कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में जिला उद्यान अधिकारी बहराइच के कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

# बुद्धिस्ट कॉन्क्लेव, निवेश और पर्यटन संभावनाओं पर हुआ मंथन

### दौड़ प्रतियोगिता, निवेश सत्र और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के माध्यम से विकास, स्वास्थ्य और प्रतिभा का संगम



जिला संवाददाता

कुशीनगर। इंटरनेशनल बुद्धिस्ट कॉन्क्लेव 2026 के दूसरे दिन युवाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं खेल भावना को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल एवं जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर रहे। उन्होंने हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया तथा प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।सांसद विजय कुमार दुबे ने अपने संबोधन में कहा कि कुशीनगर धार्मिक एवं पर्यटन दृष्टि से वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण स्थान रखता है, जहाँ देश-विदेश से बड़ी संख्या में पर्यटक एवं श्रद्धालु प्रतिवर्ष आते हैं।इसके साथ ही उन्होंने इस क्षेत्र को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए अत्यंत उपयुक्त बताते हुए कहा कि यहाँ कृषि आधारित संसाधनों की प्रचुर उपलब्धता है, जो उद्योग स्थापना के लिए मजबूत आधार प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि यदि इन संसाधनों का वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित तरीके से उपयोग किया जाए, तो न केवल स्थानीय किसानों की आय में वृद्धि होगी, बल्कि बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। सांसद श्री दुबे ने यह भी उल्लेख किया कि इस प्रकार के अंतरराष्ट्रीय आयोजनों से कुशीनगर को नई पहचान मिल रही है, जिससे निवेशकों का विश्वास बढ़ा है और जनपद विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने निवेशकों से अपील करते हुए कहा कि वे कुशीनगर की अपार संभावनाओं का लाभ उठाएं और यहाँ निवेश कर क्षेत्र के समग्र विकास, औद्योगिक प्रगति तथा स्थानीय युवाओं के उज्ज्वल भविष्य में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

### पराली से बायो-सीएनजी उत्पादन की बड़ी पहल

पूर्व आईएएस दीपक अग्रवाल से संबद्ध कंपनी द्वारा प्रदेश में बड़े स्तर पर निवेश किया जा रहा है, जिसकी साझेदारी भारत पेट्रोलियम एवं ऑयल इंडिया जैसी प्रमुख कंपनियों के साथ है। वक्ताओं ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज निवेशकों के लिए के रूप में उभर रहा है। कंपनी द्वारा इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम आदि के सहयोग से प्रदेश में 25 बायो-सीएनजी प्लांट स्थापित किए जा रहे हैं, जिनमें पराली (कृषि अवशेष) का उपयोग कच्चे माल के रूप में किया जाएगा। प्रत्येक प्लांट से प्रतिदिन लगभग 15,000 किलोग्राम बायो-सीएनजी गैस का उत्पादन होगा। इस पहल के अंतर्गत लगभग ?3000 करोड़ का निवेश प्रस्तावित है, जिसमें से ?1000 करोड़ की लागत से 8 प्लांट्स का निर्माण कार्य विभिन्न जनपदों में प्रारंभ हो चुका है।कुशीनगर जनपद में लगभग 5000 टन सीएनजी उत्पादन की योजना है, जिससे करीब 45,000 घरों को एक वर्ष तक गैस की आपूर्ति संभव होगी। वक्ताओं ने विश्वास जताया कि आने वाले समय में यह पहल स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में क्रांतिकारी सिद्ध होगी। अपर मुख्य सचिव (पर्यटन) मुकेश मेश्राम ने कहा कि कुशीनगर विश्व बौद्ध धरोहर का प्रमुख केंद्र है और यह कांक्लेव पर्यटन की संभावनाओं को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा पर्यटन अवसंरचना को सुदृढ़ करने एवं निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने अपने संबोधन में कहा कि कुशीनगर बौद्ध पर्यटन का एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय केंद्र है, जहां निवेश, पर्यटन एवं स्थानीय उद्योगों के विकास की असीम संभावनाएं हैं। उन्होंने निवेशकों को हर संभव सहयोग का आश्वासन देते हुए जनपद में उपलब्ध संसाधनों के समुचित उपयोग पर बल दिया।

उन्होंने बताया कि जनपद में आधारभूत संरचनाओं का तीव्र गति से विकास हो रहा है, जिसमें अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, सड़क नेटवर्क एवं लॉजिस्टिक सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण शामिल है। साथ ही, युवाओं को कौशल विकास से जोड़कर रोजगार के अवसर बढ़ाए जा रहे हैं तथा महिला स्वयं सहायता समूहों को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। अंतिम सत्र में पैनल डिस्कशन का आयोजन किया गया जिसमें महापरिनिर्वाण स्थल को हेरिटेज के रूप में मैपिंग करते हुए विकसित करने पूर्वांचल में हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में संभावनाएं सस्टेनेबल टूरिज्म एवं एकेडमिक सेशन का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न सेक्टर के विशिष्ट प्रवक्ताओं ने अपने विचारों सुझाव ऑन का आदान-प्रदान किया फिक्की होटल विवेक के निदेशक होटल ताज के मालिक लखनऊ विश्वविद्यालय के टूरिज्म विभाग के हेड राजेश चंद्र ने महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। एयर इंडिया के के प्रतिनिधि ने कुशीनगर को एयर कनेक्टिविटी से जोड़ने पर अपने विचार व्यक्त किया ताकि विदेशों से भी आसानी से लोग आ जा सके कुशीनगर एक सांस्कृतिक धरोहर है इसको सुरक्षित रखना के लिए इसका डिजिटल डॉक्यूमेंटेशन करना आवश्यक है विदेशियों को बेहतर सुविधा दिया जाए।उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कांक्लेव के दौरान प्राप्त सुझावों को गंभीरता से लेते हुए उनके प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में कार्य करें, ताकि कुशीनगर को एक विकसित एवं निवेश अनुकूल जनपद के रूप में स्थापित किया जा सके।

### वाद-विवाद प्रतियोगिता के परिणाम घोषित

प्रथम अंतरराष्ट्रीय बुद्धिस्ट कॉन्क्लेव के अंतर्गत शांति उपवन में आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए गए।

उच्च शिक्षा संवर्ग में स्वीटी शर्मा, उम्मी हबीबा, ऐश्वर्या त्रिपाठी (डायट कुशीनगर) प्रथम स्थान पर रहे, जबकि काजल गुप्ता, शशि प्रभा, वासु गोंड, तब्बू (डायट कुशीनगर) द्वितीय स्थान पर रहे। माध्यमिक शिक्षा संवर्ग में शशांक कुशवाह, लव कुमार, शांभवी उपाध्याय, प्रतिभा यादव, अनन्या जायसवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

आलोक यादव, अमित यादव, नंदिता श्रीवास्तव, अग्रिमा गुप्ता द्वितीय तथा कौशिकी गुप्ता, आशी गुप्ता, समृद्धि राज एवं आंशिका राय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बेसिक संवर्ग में ऋत्विज एवं मोहन सिंह प्रथम, महिमा सिंह द्वितीय तथा चंद्रकेश वर्मा, विनीता एवं सुमित श्रीवास्तव तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# एयरपोर्ट से उड़ान की जगी आस, सांसद ने एयरलाइंस कंपनियों के साथ की बैठक



**कुशीनगर।** बुधवार को कुशीनगर सांसद विजय कुमार दूबे की अध्यक्षता में एयरपोर्ट प्रबंधन एवं विभिन्न एयरलाइंस कंपनियों के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र में हवाई सेवाओं को शीघ्र प्रारंभ करने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।

सांसद विजय कुमार दूबे ने कहा कि हवाई सेवा शुरू होने से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी तथा आमजन को आवागमन में बड़ी सुविधा प्राप्त होगी। इसके साथ ही रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवश्यक औपचारिकताओं को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण किया जाए। बैठक में उपस्थित एयर इंडिया, स्पाइस जेट एवं इंडिगो एयरलाइंस के अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि वे प्रक्रियाओं को तेजी से पूरा करते हुए जल्द से जल्द उड़ान सेवा प्रारंभ करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।एयरपोर्ट निदेशक प्रणेश कुमार राय ने बताया कि एयरपोर्ट पर आवश्यक तैयारियां तेजी से पूरी की जा रही हैं तथा आईएलएस का कार्य भी अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि सितंबर से नवंबर के बीच दिल्ली, जम्मू एवं थाईलैंड के लिए उड़ान सेवाएं शुरू करने हेतु एयरपोर्ट पूरी तरह तैयार हो जाएगा। सभी संबंधित विभागों के समन्वय से कार्य को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि कुशीनगर राकेश जायसवाल, ट्रैवल ऑर्गनाइजर अहमद खान, एयर इंडिया हेड ऑफ सेल श्री दीपक खरे, इंडिगो यूपी हेड श्री अनुभव भट्टाचार्य, स्पाइस जेट यूपी हेड मनीष सिंह, उपजिलाधिकारी कसया संतराज सिंह बघेल, टर्मिनल मैनेजर कुशीनगर एयरपोर्ट जयप्रकाश, सांसद मीडिया प्रभारी निखिल उपाध्याय सहित एयरपोर्ट के वरिष्ठ अधिकारी, विभिन्न एयरलाइंस कंपनियों के प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### कारीगरों को बांटी गयी आधुनिक टूलकिट

ललितपुर (वीओएल)। जिला उद्योग केन्द्र में बुधवार को विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के पारंपरिक व्यवसायों से जुड़े हस्तशिल्पियों और कारीगरों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आधुनिक टूलकिट का वितरण किया गया। मुख्य रूप से नाई, लोहार और अन्य पारंपरिक कारीगरों को उन्नत तकनीक वाले टूलकिट प्रदान किए गए। टूलकिट वितरण से पहले सभी लाभार्थियों को उनके संबंधित ट्रेड में विशेष प्रशिक्षण दिया गया ताकि वह आधुनिक उपकरणों का कुशलतापूर्वक उपयोग कर सकें। उपायुक्त उद्योग अतहर जमाल ने बताया कि इस योजना का लक्ष्य स्थानीय कारीगरों की कार्यक्षमता बढ़ाकर उनकी आय में वृद्धि करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। उपायुक्त उद्योग अतहर जमाल ने कहा कि हमारे पारंपरिक कारीगर अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं।

# अंकपत्र और मेडल पाकर बच्चे हुए गदगद

जिला संवाददाता

**बरहज, देवरिया।** बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम बुधवार को घोषित कर दिया गया। बीएसए के निर्देश पर उत्सव मनाकर छात्र-छात्राओं को अंकपत्र प्रदान किए गए। अंकपत्र के साथ मेडल और प्रतीक चिन्ह मिले तो छात्र-छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे।

नगर क्षेत्र के वार्ड नं 8 गोविन्द बल्लभ पंत नगर (चकरा भार्गव) में मनोज तिवारी ने

अंकपत्र वितरित किए। संबोधित करते हुए मनोज तिवारी ने कंपटीशन के युग में छात्रो को लक्ष्य तय कर व मन लगाकर पढ़ने और जीवन में आगे बढ़ने की सीख देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सभा को विनोद मद्धेशिया, ओमप्रकाश कुशवाहा, संजय गुप्ता, सुनील यादव, मृत्युंजय कुमार एवं सन्तोष मद्धेशिया वैश्य ने भी संबोधित कर छात्रो को जीवन में आगे पढ़ने की प्रेरणा दी। कक्षा एक की छात्रा आशा प्रथम, कक्षा दो का छात्र विक्रांत प्रथम, कक्षा तीन की छात्रा अनुष्का प्रजापति प्रथम, कक्षा चार की छात्रा आकांक्षा प्रथम एवं कक्षा पांच की छात्रा निधि को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया, वही कक्षा एक से पांच तक के सभी द्वितीय, तृतीय श्रेणी के छात्र व छात्राओं को माला पहनाकर व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने सभी आगंतुक अतिथियों का सम्मान व आभार व्यक्त किया। संचालन दुर्गेश कांदू ने किया।

इस दौरान विद्यालय के शिक्षक अभिषेक पांडेय, दीपिका तिवारी, कौशल्या एवं अन्य शिक्षक व सभी बच्चों के माता पिता मौजूद रहे।

## याद किये गये सोशलिस्ट पार्टी के संस्थापक सदस्य एसएम जोशी

**देवरिया।** समाजवादी राजनीति की कड़ी में प्रजा सोशलिस्ट पार्टी और संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे एसएम जोशी का महत्वपूर्ण योगदान है।उक्त उद्गार रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरी स्थित सपा जन संपर्क कार्यालय पर आयोजित स्मृति दिवस कार्यक्रम में व्यक्त करते हुए सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि सोशलिस्ट पार्टी के संस्थापकों में से एक एस एम जोशी ने आजीवन समाजवादी रीति -नीति के लिए अपना सम्पूर्ण योगदान दिया सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने एस एम जोशी को याद करते हुए कहा कि देश की आजादी की लड़ाई में 1931 में नमक सत्याग्रह करते हुए गिरफ्तार होने वाले एसएम जोशी लगातार स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय रहते हुए जेल जाते रहे।इस दौरान वे 1929 में पार्वती मंदिर में दलित प्रवेश कराने हेतु आयोजित कार्यक्रम में बुरी तरह से पीटे गए। विधायक, सांसद रहते हुए एसएम जोशी ने समाजवादी धारा को प्रतिस्थापित रखने की पुरजोर कोशिशें की। हम आज अपने इस महान पुरखा को उनके स्मृति दिवस पर नमन करते हैं।

उक्त अवसर पर उपस्थित सुनिल यादव, अनिल यादव,सुरेश नारायण सिंह, मुरलीधर, व्यास यादव, गोविंद यादव, दयानंद यादव, अभिषेक गुड्डू गोंड, संतोष मद्धेशिया, अयोध्या वर्मा, नाजिर अंसारी, लोरिक यादव, अशोक यादव, संजय यादव, शैलेन्द्र कुमार, सचिन कुमार, नारायण प्रसाद, नगीना यादव ,रामप्यारे यादव, अमित टुनटुन यादव आदि ने समाजवादी पुरोधा एसएम जोशी के चित्र के समक्ष नतमस्तक हो नमन किया।

## बीएसए ने किया स्कूल चलो रैली का शुभारंभ



**कसया, कुशीनगर।** शैक्षिक सत्र 2026-27 को लेकर स्कूल चलो रैलीह्व का भव्य शुभारंभ बीएसए कुशीनगर राम जियावन मौर्या द्वारा फीता काटकर एवं हरी झंडी दिखाकर किया।बुधवार को रैली में बच्चों ने हाथों में जागरूकता संबंधी स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर ह्लसब पढ़ें, सब बढ़ेंह्व और ह्लहर बच्चा स्कूल जाएह्व जैसे नारों के साथ पूरे क्षेत्र में शिक्षा का संदेश दिया। कसया खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार यादव और अधिकारियों ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों का नियमित रूप से विद्यालय में नामांकन कराएं। प्रधानाध्यापक भगवंत कुमार सिंह ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान शिक्षक पयोद कांत मिश्र, धर्मेंद्र सिंह, रश्मि सिंह, निशू, सोनी कुमारी, अजय गुप्ता, संगीता यादव, वंदना पांडेय, वंदना तिवारी अतिथि गण सहित शिक्षक उपस्थित रहे।

# संचारी रोगों पर नियंत्रण के लिए दस्तक अभियान शुरू, जन-जागरूकता पर जोर




**बहराइच 01 अप्रैल।** संचारी रोगों की रोकथाम और जन-जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का शुभारंभ किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से सीएमओ डॉ. संजय कुमार ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया। इस अवसर पर एसीएमओ डॉ अभाष अंकुर, एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ निर्मेश, डीसीपीएम मो0 राशिद, पीएफआई, डबल्यूएचओ व पाथ प्रतिनिधि सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। जागरूकता रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी, जिसमें स्वास्थ्य कर्मियों सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।रैली के माध्यम से लोगों को मच्छर जनित रोगों, जलजनित बीमारियों और दिमागी बुखार (इंसेफेलाइटिस) से बचाव के उपाय बताए गए।सीएमओ डॉ. कुमार ने बताया कि जनसहभागिता और विभागीय समन्वय से ही संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। अभियान में नगर विकास, पंचायतीराज, बाल विकास, आयुष, कृषि, शिक्षा, पशुपालन, सूचना समेत विभिन्न 14 विभागों के समन्वय से संचालित अभियान के दौरान आमजन को सन्देश दिया जायेगा कि घर के आसपास कहीं भी पानी जमा न होने दें। विशेष रूप से कूलर और फ्रिज के पीछे जमा पानी को हर सप्ताह साफ करें। नारियल के खोल, बेकार टायर, टूटे मिट्टी के बर्तन, गमले, डिब्बे आदि में पानी इकट्ठा न होने दें। बुखार या अन्य लक्षण होने पर तुरंत जांच कराएं, साफ-सफाई रखें, शुद्ध पानी पिएं और लू से बचाव के लिए पर्याप्त पानी व आवश्यक सावधानी बरतें।सीएमओ ने बताया कि जनपद में 1 से 30 अप्रैल तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 10 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। दस्तक अभियान के दौरान फ्रंटलाइन वर्कर्स घर-घर जाकर बुखार, इन्फ्लूएंजा लाइक इलनेस (आईएलआई), टीबी, कुपोषण सहित अन्य लक्षणयुक्त व्यक्तियों की पहचान करेंगी। इनका विवरण ह्यई-कवच पोर्टलह्ल पर अपलोड कर उनकी निगरानी और उपचार सुनिश्चित किया जाएगा।डीएचईआईओ बृजेश सिंह ने बताया कि अभियान के तहत मच्छरों के प्रजनन स्थलों की पहचान कर उनके निस्तारण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। मच्छरों की अधिकता वाले हाई रिस्क क्षेत्रों में फॉगिंग और एंटी-लार्वा छिड़काव जैसी गतिविधियां तेज की जाएंगी, ताकि डेंगू और मलेरिया के प्रसार को रोका जा सके। उन्होंने कहा हीट वेव की आशंका को देखते हुए प्रशासन अलर्ट है। जनपद में शुद्ध पेयजल, सार्वजनिक स्थलों पर शेल्टर और लोगों को गर्मी से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करने पर भी ध्यान दिया जा रहा है।जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने संचारी रोगों की रोकथाम के लिए सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने का आहवान किया है। डीएम ने हाई रिस्क क्षेत्रों में विशेष निगरानी और साफ-सफाई सुनिश्चित आमजन से अपील है ।

# गैस डिलीवरी मैसेज के बाद भी सिलेंडर न मिलने पर उपभोक्ताओं ने किया सड़क जाम



जिला संवाददाता

**भटनी (देवरिया):** स्थानीय क्षेत्र में गैस वितरण में लगातार हो रही अनियमितताओं से नाराज उपभोक्ताओं का गुस्सा बुधवार को फूट पड़ा। गैस डिलीवरी होने के बावजूद सिलेंडर न मिलने से आक्रोशित उपभोक्ताओं ने भरथुआ-भटनी-नूरीगंज मार्ग पर ब्लॉक भटनी के पास सड़क जाम कर दिया। जाम के चलते करीब आधे घंटे तक आवागमन पूरी तरह बाधित रहा।बताया जा रहा है कि पिछले दो दिनों से गैस वितरण ठप था, जिससे उपभोक्ताओं को गैस गोदाम से खाली हाथ लौटना पड़ रहा था। इसी बीच कुछ उपभोक्ताओं को डिलीवरी का मैसेज तो मिला, लेकिन उन्हें गैस सिलेंडर नहीं दिया गया। इससे नाराज होकर उपभोक्ताओं ने सड़क पर उतरकर एजेंसी के खिलाफ जमकर नारेबाजी और प्रदर्शन किया।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। प्रशासन ने गैस एजेंसी के मालिक पियूष जायसवाल को मौके पर बुलाकर उपभोक्ताओं से बातचीत कराई। एजेंसी संचालक ने आश्वासन दिया कि शाम तक सभी शिकायतों की जांच कर वास्तविक लाभार्थियों को गैस उपलब्ध करा दी जाएगी।आश्वासन मिलने के बाद उपभोक्ताओं ने जाम समाप्त कर दिया, जिसके बाद करीब आधे घंटे बाद यातायात सुचारु हो सका।उपभोक्ताओं का आरोप है कि गैस बुकिंग के बावजूद उन्हें बार-बार एजेंसी और गोदाम का चक्कर लगाना पड़ रहा है। होम डिलीवरी भी कुछ चुनिंदा गांवों तक सीमित होकर रह गई है, जिससे अधिकांश उपभोक्ता परेशान और आक्रोशित हैं। क्षेत्र में गैस संकट थमने का नाम नहीं ले रहा है।

## कंपोजिट विद्यालय कसया में नये शैक्षिक सत्र के नवप्रवेशी छात्रों का हुआ भव्य स्वागत



**कुशीनगर।** नए शैक्षिक सत्र 2026-27 के प्रथम दिन कंपोजिट विद्यालय कसया, कुशीनगर में बच्चों को तिलक लगाकर और पुष्प अक्षत से गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। प्रधानाध्यापक भगवंत कुमार सिंह के नेतृत्व में सभी शिक्षक- शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों का स्नेहपूर्वक स्वागत किया। नए सत्र में अगली कक्षा में प्रवेश पाने वाले बच्चे काफी उत्साहित और रोमांचित नजर आए। उनके चेहरे पर खुशी और नई शुरूआत का जोश साफ झलक रहा था।

शिक्षकों ने बच्चों को स्नेहपूर्वक उनकी नई कक्षाओं में बैठाया तथा उन्हें विद्यालय के नियमों, अनुशासन और परिवेश से अवगत कराया।इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। नए सत्र के पहले दिन का यह आयोजन बच्चों के लिए यादगार और प्रेरणादायक साबित हुआ।

# संचारी रोगों से बचाव पूरी तरह संभवः सीडीओ




**देवरिया, 1 अप्रैल।** मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने बुधवार को पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज से एक से 30 अप्रैल तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान व 11 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान की जागरूकता रैली को झंडा दिखाकर शुभारंभ किया। इस मौके पर संचारी रोगों से बचाव के लिए एनसीसी कैडेट, नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं, आशा, आंगनबाडी और सहायिका ने लोगों को संचारी रोगों के प्रति जागरूक किया ।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि संचारी रोगों से बचाव पूरी तरह संभव है। इसके लिए जागरूकता जरूरी है कि व्यापक साफ सफाई रहे जिससे कि मच्छर न फैलें। संचारी रोग जैसे डेंगू, मलेरिया, फाइलेरिया, चिकनगुनिया, मच्छरों के काटने से ही होते हैं। इसलिए सभी लोग साफ सफाई रखें और लोगों को भी जागरूक करें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग के अधिकारी व कर्मचारी पूरी निष्ठा,लगन के साथ जनपद को स्वच्छ बनाने में सहयोग करें। संचारी रोग अभियान के तहत साफ सफाई, स्वच्छता, एंटी लारवा छिड़काव, फॉगिंग, नाला नालियों की सफाई, तालाबों/पोखरों के पास की झाड़ियों की सफाई तथा कीटनाशक दवाओं का छिड़काव का कार्य शत प्रतिशत संबंधित अधिकारियों द्वारा सुनिश्चित कराया जाए।

उन्होंने कहा कि जनपद के समस्त ग्राम पंचायतों व राजस्व ग्रामों तथा नगर पालिका सहित नगर पंचायतों के वार्डो में संचारी रोगों की रोकथाम संबंधी गतिविधियां साफ-सफाई, कचरा निस्तारण, जलभराव रोकने, शुद्ध पेयजल उपलब्धता पर विशेष ध्यान देते हुए सभी सहयोगी विभागों द्वारा व्यवहार परिवर्तन व प्रचार प्रसार कराएं जाएं। अभियान में स्वास्थ्य विभाग नोडल है तथा स्वास्थ्य विभाग सहित कुल 13 विभाग सहयोग कर रहे हैं।

इस मौके पर एसीएम डॉ एसके सिन्हा, नोडल अधिकारी डॉ हरेंद्र, डीटीओ डॉ राजेश कुमार, डिप्टी सीएम डॉ विपिन रंजन, जिला मलेरिया अधिकारी सीपी मिश्रा, डीसीपीएम राजेश गुप्ता, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी लालबचन चौधरी, सहयोगी संस्था सीफार के जिला प्रतिनिधि नीरज ओझा व समस्त मलेरिया, फाइलेरिया निरीक्षक, सहयोगी विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# वार्षिक अंकपत्र वितरण और मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह सम्पन्न

जिला संवाददाता

**भटनी (देवरिया)।** स्थानीय नगर के 115 नम्बर रेलवे ढाला स्थित लोटस पब्लिक स्कूल में वार्षिक अंकपत्र वितरण एवं पुरस्कार समारोह का आयोजन बड़े ही उत्साह और गरिमामय वातावरण में किया गया।

**● विद्यार्थी अधिक लगन और समर्पण के साथ अध्ययन करें**

कार्यक्रम में विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया।इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक विनोद श्रीवास्तव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों की सफलता उनके परिश्रम, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

साथ ही अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों की प्रगति में उनका सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आने वाले नए शैक्षणिक सत्र में वे और अधिक लगन एवं समर्पण के साथ अध्ययन करें तथा अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहें।

कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों एवं शिक्षकों ने बच्चों के उत्साहवर्धन किया और विद्यालय द्वारा आयोजित इस पहल की सराहना की। समारोह के अंत में सभी विद्यार्थियों को उनके वार्षिक अंकपत्र वितरित किए गये।

## मुकुट बंधन चैत्य के समक्ष चंटिंग पाठ कर भिक्षुओं ने की विश्व शांति की कामना



**कुशीनगर।** अंतरराष्ट्रीय बुद्धिस्ट कॉन्क्लेव कुशीनगर 2026 के दूसरे दिन बौद्ध भिक्षुओं ने भगवान बुद्ध के अंतिम संस्कार स्थल रामाभार स्तूप परिसर में चंटिंग पाठ किया और विश्व शांति की कामना की।बुधवार की सुबह 6 बजे कांक्लेव में भाग लेने आए थाइलैंड, वियतनाम, जापान, कोरिया, श्रीलंका, लाओस आदि देशों सहित देश के विभिन्न राज्यों के बुद्ध भिक्षुओं ने भंते महेंद्र, भंते अशोक, डॉ नन्द रतन की देखरेख में मुकुट बंधन चैत्य की विधि विधान से पूजन किया और स्तूप परिसर में बैठकर प्रार्थना सभा में भाग लिया और ध्यान किया। इसके पश्चात सुबह 10 बजे करीब बुद्ध के अंतिम उपदेश स्थल माथा कुंवर मंदिर में प्रार्थना की। इसके पश्चात महापरिनिर्वाण मुख्य मंदिर पहुंचकर तथागत बुद्ध का दर्शन पूजन कर चीवर चढ़ाया। इस दौरान भंते सोम पोंग, भंते सों क्रान, भंते नंदका, भंते उपली, भंते आलोक, भंते विनय कीर्ति सहित भिक्षु मौजूद रहे।

# अपने ही घर में घिरे ट्रंप

ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल में जिस तरह की टैरिफ नीति, दूसरे देशों पर कब्जा करने और युद्ध करने के साथ नाटो के सहयोगी देशों को नाराज करने की कूटनीतिक नादानी की है, उससे अब वे अमरीका में ही घिर गये हैं। उनके खिलाफ 'नो किंग्स' बैनर वाले विरोध-प्रदर्शन किए जा रहे हैं। सांसद भी सड़कों पर उतर आए हैं। अमरीका के 50 राज्यों में 3500 से अधिक स्थानों पर करीब 80 लाख लोग सड़कों पर उतरे और अपना आक्रोश प्रकट किया। ये लोग ट्रंप का इस्तीफा मांग रहे हैं। ये विरोध-प्रदर्शन ट्रंप के अधिनायकवाद के खिलाफ है और ब्रिटेन, यूरोप तक फैल गए हैं। ईरान पर हमला अमरीका और इजरायल के शासनाध्यक्षों का तानाशाही किस्म का रवैया था। उनके तमाम मंसूबे अधूरे रहे हैं। युद्ध को एक महीना बीत चुका है। लगभग पूरी दुनिया हिल चुकी है। संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी का सर्वेक्षण है कि ईरान युद्ध से 4.5 करोड़ से अधिक लोग भुखमरी के कगार पर हैं। अनुमानित डाटा है कि युद्ध में अभी तक 4500 से अधिक मौतें हो चुकी हैं, करीब 10 लाख लोग बेघर हो चुके हैं, वैश्विक जीडीपी के 2 फीसदी नीचे आने के खतरे सामने हैं। यदि अमरीका और




**साम्राज्यवादी नीति के कारण डोनॉल्ड ट्रंप अपने ही देश में घिरते नजर आ रहे हैं। यही यही कारण है कि अब उनके खिलाफ जनता सड़कों पर निकलने को विवश है।**

इजरायल में जनता ट्रंप और नेतन्याहू का आक्रामक विरोध कर रही है, तो बिल्कुल लोकतांत्रिक कदम है। अमरीका सबसे प्राचीन लोकतंत्र है। बल्कि विरोध इतना तीखा और सटीक होना चाहिए ट्रंप को लोकतंत्र की मर्यादा समझ में आ जाये। अमरीका और इजराइल दोनों देशों में चुनाव होने हैं और वे निम्नतम लोकप्रियता के स्तर पर हैं। पेंटागन का आकलन है कि एक माह के युद्ध में ही अमरीका का अरबों डॉलर स्वाहा हो चुका है। आर्थिक विशेषज्ञ मान रहे हैं कि ईरान का भी 15-20 लाख करोड़ रुपये और खाड़ी देशों का करीब 2.5 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है। राष्ट्रपति ट्रंप अब भी विमानवाहक युद्धपोत, मरीन कमांडो, सैनिक, विमान आदि ईरान की ओर भेज रहे हैं। बॉम्बर्स से बमबारी करवा रहे हैं। अमरीका और इजरायल ने एक माह की अवधि में ईरान पर 10,000 से अधिक हमले कर उसके 66 फीसदी सैन्य ठिकानों को नष्ट कर दिया है। आखिर मिसाइल, ड्रोन कितने बचे होंगे? और ईरान कब तक उनके सहारे युद्ध लड़ता रहेगा? यह बेहद चिंतित करने वाला सवाल है। मन की बात में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि युद्ध से विश्व के सामने ऊर्जा-संकट पैदा हो गया है, जो लगातार गहराता जा रहा है। मुद्रास्फीति और सप्लाई चेन की बाधाओं ने दुनिया को झटके दिए हैं। ट्रंप की इस तानाशाही और वैश्विक गुंडागर्दी को क्यों सहन किया जा रहा है? यूरोप, एशिया (भारत, जापान, चीन, दक्षिण कोरिया आदि समेत), अफ्रीका, लैटिन अमरीका और जो देश ईरान युद्ध से पिसे, कुचले जा रहे हैं, वे संयुक्त राष्ट्र में जाएं और ट्रंप के खिलाफ आंदोलन करें। अब प्रस्ताव पारित कराने का वक्त निकल चुका है। देशों को आक्रामक होना होगा, लेकिन अहिंसक आंदोलन करना होगा। यह कूटनीति या राजनीति अथवा अमरीका के साथ संबंधों वक्त नहीं है, बल्कि विश्व के अस्तित्व का सवाल है। विरोध देश का नहीं, राष्ट्रपति ट्रंप का करना है। भारतीय विशेषज्ञ मान रहे हैं कि हमारी तेल-गैस की आपूर्ति लगातार कम हो रही है और खपत जस की तस है। साफ है कि कमी बढ़ती रहेगी, तो अंततः एक विकराल संकट सामने खड़ा हो सकता है। चूंकि खाड़ी देशों में तेल-गैस ठिकानों को व्यापक स्तर पर तबाह किया गया है, आग ने सब कुछ खाक कर दिया है, लिहाजा यह तय है कि आगामी कई महीनों तक आपूर्ति वैसी नहीं रहेगी, जैसी युद्ध से पहले थी। भारत के लिए मध्य-पूर्व ही सबसे मुफीद क्षेत्र है, जहां से तेल-गैस का आयात 2-4 दिन में ही संभव है। अन्य देश हमसे बहुत दूर हैं और सप्लाई में 40-45 दिन लग जाते हैं। भारत जितना विशाल, विराट देश है, उतनी ही हमारी जरूरतें हैं। तेल-गैस के बजाय बिजली वाले वाहनों को ज्यादा सार्वजनिक बनाया जाए। इसके साथ ही अपनी रक्षा तैयारियों को दुरुस्त करने के साथ ही तेल-गैस के नये आपूर्तिकर्ता देशों के साथ ऊर्जा सहयोग को बढ़ाने की जरूरत है।

### विचार

तुच्छ विचार वालों की संगति से मनुष्य की बुद्धि तुच्छ हो जाती है। समान श्रेणी के लोगों से ज्यों की त्यों बनी रहती है और उच्च विचार वालों की संगति से उत्कर्ष प्राप्त करती है।

-महाभारत.

जब तक लाखों लोग भूखे और अज्ञानी हैं, तब तक मैं उस प्रत्येक व्यक्ति को कृतघ्न समझता हूं जो उनके बल पर शिक्षित बना और उनकी ओर ध्यान तक नहीं देता।

-स्वामी विवेकानन्द.

अधिक जनसंख्या होने से या दूसरे देशों को हड़पकर कोई भी राष्ट्र शक्तिशाली नहीं हो सकता।

-रस्किन.

युवा अवस्था आवेशमय होती है। यदि वह क्रोध से आग हो जाती है, तो करुणा से पानी भी हो जाती है।

-प्रेमचंद.

जो विवेकी, विरक्त, शमी, दयी और मुमुक्षु हो, उसी में ब्रह्म विचार की योग्यता मानी जाती है।

-शंकराचार्य.

# ... तो फिर जिंदा हो सकता है माओवाद



शाहिद ए चौधरी

**लंबे समय से चल रहे माओवादी उग्रवाद का खात्मा तकरीबन हो चुका है। लेकिन नक्सलवाद इससे पहले भी एक बार लुप्तप्राय, सुप्तप्राय होकर जिंदा हो चुका है। इसलिए असली लड़ाई इसके बाद की है। आदिवासी क्षेत्रों के पुनर्निर्माण और न्याय तथा सम्मान की लड़ाई। यदि जंगल से माओवाद खत्म होने के बाद वहां केवल जेसीबी मशीनें ही दिखेंगी, तो फिर असंतोष पनप सकता है। क्योंकि नक्सल विचारधारा से सहानुभूति रखने वाले ग्रामीण और आदिवासी मौजूद हैं।**




नक्सलवाद का नामोनिशान मिटाने की अंतिम समय सीमा 31 मार्च 2026 बीत गई है। 24 अगस्त 2024 को जब गृहमंत्री अमित शाह ने इसका ऐलान किया था, तो बहुतों ने इसे रणनीतिक लक्ष्य के बजाय राजनीतिक बयानबाजी बताया था। इसमें कोई शक नहीं कि अगले कुछ महीने भी कुछ माओवादी विद्रोही बने रहेंगे, लेकिन 30 मार्च 2026 को अमित शाह का यह दावा सही लगता है कि सरकार नक्सलवादियों के खिलाफ ऐतिहासिक जीत हासिल कर चुकी है। अब आधिकारिक तौर पर 50 से कम जबकि अनाधिकारिक तौर पर 130 से 150 नक्सलवादी और उनके दो बड़े कमांडर शेष हैं। मुपल्ला लक्ष्मण राव उर्फ गणपति अगर नेपाल फरार नहीं हुआ तो जल्द सरेंडर करेगा, फिर इस जंग में जीत की आधिकारिक घोषणा जायज होगी। साल 2010 के आसपास यह संघर्ष अपने चरम पर था, तब देश के एक-तिहाई जिलों में 20,000 नक्सली लड़ाके सक्रिय थे, ऑपरेशन ग्रीन हंट के बावजूद उन्होंने दंतेवाड़ा में 76 जवान शहीद किए थे। 2017 में राजनाथ सिंह ने 6 सूत्रीय समाधान कार्यक्रम इनके सफाये के लिए बनाया पर स्थिति संभली नहीं। पर उसके बाद साल 2019 से 2026 के बीच 7049 नक्सली गिरफ्तार किए गए और 5880 ने आत्म समर्पण किया।

तेलंगाना-छत्तीसगढ़ सीमा पर 23 मई 2025 को 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' के दौरान कई हार्डकोर नक्सलियों की मौत ने उनकी कमर तोड़ दी। इसी साल कई कमांडरों के साथ 317 नक्सली मारे गए, 800 पकड़े और 2300 ने सरेंडर किया। सुरक्षा बलों ने 2024 के बाद से 748 गुरिल्लाओं को मारकर कीर्तिमान बनाया। इन सबके चलते बीते महीने तक, माओवादी गतिविधियों वाले जिलों की संख्या घटकर केवल सात रह जाना इस सफलता का पुख्ता सबूत है। इस बरस के पहले तीन महीनों में ही तकरीबन 700 नक्सलवादियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में लौटने का विकल्प चुना। नक्सल प्रभावित इलाकों की गलियों से लाल झंडे उतर रहे हैं, यह सुरक्षा बलों के कारनामों के अलावा इसलिए भी कि जो माओवादी कभी आदिवासियों के तारणहार नजर आते थे विगत कुछ वर्षों से उनके चैन सुकून के दुश्मन लगने लगे। आदिवासियों को शुरूआत में उनकी विचारधारा भाई पर बहुत बाद में समझ आया कि उन्होंने उनके जल, जंगल जमीन कब्जाने वाली बड़ी परियोजनाओं और बांधों वगैरह के निर्माण से बचाने के नाम पर उनको अपने जाल में फंसाकर आदिवासी समुदाय को अपना 'मोहरा' बनाया और विकास से वंचित रखा। उनका 'जंगल राज' कोई क्रांतिकारी स्वप्न नहीं बल्कि अब एक दमनकारी कारावास है।

**आदिवासी क्षेत्रों में हो समावेशी विकास**

स्वास्थ्य केंद्रों और सड़कों के निर्माण की सरकारी कोशिशों को रोकना, उनके बच्चों को पांचवी से ज्यादा की शिक्षा से मना करना ताकि वे उनके पैदल सैनिक से ज्यादा कुछ न बन सकें। संगठन में आए और शादी करो तो नसबंदी भी करवाओ, कंगारू अदालतों द्वारा असहमत को मौत जैसे नियमों ने उन्हें आदिवासियों के दिल से उतार दिया। उन्हें लगने लगा कि राजनेताओं और पुलिस को उड़ाने, खनन परियोजनाओं में तोड़फोड़, मोबाइल फोन टावरों को आग लगाने के पीछे उनके निहित स्वार्थ हैं। वे समझ चुके थे कि आरंभिक नक्सलवाद भले विचारधारा रही पर अब यह लूट, सांठगांठ और खौफ का तंत्र बन गया है। वे मानने लगे कि माओवादी यहां हमारे कल्याण के लिए नहीं हैं अब वे यहां केवल अपने लिए हैं। यह सब धीरे-धीरे उनको इनके समर्थन से दूर ले गया। माओवादियों से आदिवासियों के बढ़ते मोहभंग के बीच सरकार ने प्रलोभन और प्रताड़ना, पुचकारने और फटकारने वाली अपनी चाल तेज की। उसने पिछड़े जिलों में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, बैंकिंग और मोबाइल कनेक्टिविटी मिशन चलाया। सख्ती बढ़ाने के साथ नक्सलियों के लिए सरेंडर और रिहैबिलिटेशन पॉलिसी, नकद प्रोत्साहन, नौकरी, कौशल प्रशिक्षण की बात की तो हजारों नक्सलियों ने मान लिया कि हथियारबंद लड़ाई का समय गया और हथियार डाल आत्मसमर्पण किया।

एक विशेष दल गठित कर माओवादियों के जरिये ही या तो उन्हें समर्पण कराया गया अथवा निशाना बनाया गया। इसके अलावा वनाधिकार और आजीविका योजनाएं चलाकर स्थानीय आदिवासियों को अधिकार और रोजगार भी दिए गए ताकि वे वापस नक्सलवाद की ओर न मुड़ें। शीर्ष नेतृत्व और कैडर का लगातार खत्म होने, वित्तीय स्रोतों पर नियंत्रण और स्थानीय समर्थन में गिरावट से हिंसक घटनाओं में 70 से 80 फीसदी तक कमी आयी और नक्सल प्रभावित जिले 200 से घटकर 40 रह गये। अर्बन नेटवर्क से मिलने वाले वैचारिक समर्थन को तोड़ देने के बाद नक्सलवाद 'राष्ट्रीय खतरे' से घटकर 'क्षेत्रीय चुनौती' भी नहीं बचा। निस्संदेह दुनिया का सबसे लंबा और खूनी माओवादी विद्रोह सूर्यास्त के करीब है, लेकिन अब असली लड़ाई शुरू हुई है। आदिवासी क्षेत्रों के पुनर्निर्माण और न्याय तथा सम्मान की लड़ाई। क्या यहां इसके बाद 'न्याय का सूरज' उगेगा, क्या 'जंगलराज' के अंत के बाद आदिवासी क्षेत्रों में 'न्याय का राज' स्थापित होगा या उसकी जगह 'खननराज' ले लेगा? यह यक्ष प्रश्न शेष है। सवाल केवल वैचारिक नहीं बल्कि दशकों के अनुभवों से उपजा गहरा सामाजिक संशय है। देश के लगभग 40 प्रतिशत खनिज भंडार आदिवासी बहुल क्षेत्रों में स्थित हैं और स्वतंत्रता के बाद विकास परियोजनाओं के नाम पर करोड़ों लोगों के विस्थापन का इतिहास भी हमारे सामने है, जिनमें बड़ी संख्या आदिवासियों की ही है। ऐसे में माओवादियों को हटाने के बाद जल जमीन की जंग के प्रश्न को मात्र आशंका कहकर खारिज नहीं किया जा सकता। आदिवासी समाज के लिए जंगल संसाधन नहीं, उसकी आस्था, पहचान और जीवनाधार है। उसको खनिज संपदा के रूप में देखा जाने लगता है, तो यह भय स्वाभाविक है कि कहीं उनका अस्तित्व 'कच्चे माल' में न बदल दिया जाए। वनाधिकार कानून और पेसा जैसे प्रगतिशील प्रावधानों के बावजूद, जमीन पर इनके क्रियान्वयन में कमी इस अविश्वास को और गहरा करती है। आदिवासी क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का अभाव, शिक्षा और स्वास्थ्य की कमजोरी तथा विस्थापन का संकट दूर नहीं हुआ है। नक्सलवाद के खात्मे के बाद इन क्षेत्रों में केवल सड़कें, खदानें और उद्योग ही दिखाई दें और सामाजिक न्याय, स्थानीय भागीदारी न आए, तो इस शांति के स्थायित्व पर शंका बनी रहेगी क्योंकि शांति महज बंदूकों के शांत होने का नाम नहीं। प्रश्न यह है क्या आदिवासी क्षेत्रों के विकास का मॉडल दूर बैठे नीति-निर्माता और कॉर्पोरेट तय करेंगे या फिर स्थानीय ग्राम सभाएं, जिन्हें संविधान और कानून ने अधिकार दिए हैं?

यदि विकास आदिवासियों की सहमति और भागीदारी के बिना थोपा गया, तो यह असंतोष को जन्म दे सकता है और बेशक उपेक्षा और अन्याय ही विद्रोह की जमीन तैयार करते हैं। भूमि अधिकारों की रक्षा, प्रशासन में विश्वास बहाली और शिक्षा-स्वास्थ्य के मजबूत ढांचे के बिना यह प्रक्रिया अधूरी रहेगी। यह केवल सड़कों और परियोजनाओं की नहीं बल्कि विश्वास, पहचान और अधिकारों की पुनर्स्थापना की लड़ाई है। यदि यह पुनर्निर्माण आदिवासियों की शर्तों पर, उनकी संस्कृति और पर्यावरण के सम्मान के साथ हुआ, तो ये क्षेत्र समावेशी विकास के मॉडल बन सकते हैं। यदि यह केवल खनन और मुनाफे तक सीमित रहा, यदि जंगल से माओवाद खत्म होने के बाद वहां केवल जेसीबी मशीनें ही दिखेंगी, तो नए असंतोष के बीज पड़ने में देर नहीं लगेगी।

### सोशल मीडिया



जब आदमी ईमानदारी से काम करता तो उसके परिणाम भी बेहतर आते हैं, इसलिए आप लोगों को मेरी राय है कि आप लोग भी अपना समय व्यर्थ न व्यर्थ न गवायें, काम करें। मायावती.



मा. मुख्यमंत्री जी कह रहे हैं कि लखनऊ मेट्रो का संचालन इनके काल में हुआ है, मंच पर सरे-आम झूठ बोलने के लिए इतनी निर्लज्जता और साहस कहां से लाते हैं ये लोग। अखिलेश यादव.



आने वाले दिनों में असम में भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व की सरकार समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लागू कर चार शादियों पर पूरी तरह से सरकार कानूनी पाबंदी लगायेगी। अमित शाह.

## मानव जीवन का लक्ष्य

### अंतर्दृष्टि

अध्यात्म साधन, मानव जीवन का परम लक्ष्य अपने दृष्टिकोण खण्ड खण्डता, विभिन्नता, संकीर्णता से हटाकर सर्वत्र उस विश्वात्मा, परमात्मा की विराट सत्ता का दर्शन और उसकी अनुभूति प्राप्त करना मनुष्य के लिए यही सत्य और सनातन राजमार्ग है। अब जाति, गुण, कर्म, स्वभाव संस्कार आदि समाप्त हो जाते हैं। मानव मात्र में आत्मदृष्टि से देखने पर सर्वत्र उस विश्वात्मा की प्रतिष्ठापना के दर्शन होते हैं। इतना ही नहीं प्राणी मात्र वृक्ष, वनस्पतियां, जड़, चैतन्य में उसी परम शक्ति का क्रिया कलाप दिखाई देता है और तभी निर्वाचनीय आनन्द की प्राप्ति होती है। जिस क्षण उस विश्वात्मा की अनुभूति प्राप्त होगी उसी क्षण समस्त पाप, ताप, अभ्यास जनित संस्कार आचरणों का अंत हो जायेगा और अमृत यद्धि भाति अमृत रूप में जो सब में प्रकाशित है उसी अमृत में आत्मा का प्रवेश होगा। फिर सर्वत्र अनन्त आनन्द रूपी अमृत के ही दर्शन होंगे। हमारी आत्मा में भूमा स्थिति दिव्य प्रकाश मुखिरत हो उठेगा। साधना का तात्पर्य ही है साथ लेना, सधा लेना, पशु प्रशिक्षक यही करते रहते हैं। अनगढ़ और उच्छृंखल प्राणी को उपयोगी समझा जा सके। उसके बढ़े हुए स्तर का मूल्यांकन हो सके। पालने वाला अपने को लाभान्वित हुआ देख सके। सिखाने वाला भी अपने प्रयास की सार्थकता देखते हुए प्रसन्न हो सके।

समझा यह जाता है कि भक्त भगवान को साधता है। उसको मूर्ख समझते हुए उसकी गलतियां निकालता रहता है। तरह-तरह के उलाहने देता है। साथ ही गिड़गिड़ाकर नाक रगड़कर, खींसे निपोर कर अपना उचित अनुचित उल्लू सीधा करने के लिए जाल जंजाल बुनता है। प्रशंसा के पुल बांधता है। छिटपुट भेंट चढ़ाकर उसे फुसलाने का प्रयत्न करता है। समझा जाता है कि सामान्य लोगों से व्यवहारिक जगत में अदान-प्रदान के आधार पर ही लेन-देन चलता है पर ईश्वर या देवता ऐसे हैं जिन्हें वाणी की वाचालता तथा शारीरिक मानसिक उचक-मचक करने भर से वशवर्ती किया जा सकता है। यह दार्शनिक भूल मनुष्य को प्रकारान्तर से प्रच्छन्न नास्तिक बना देती है। एक नास्तिक वह है जो प्रत्यक्षवाद के आधार पर ईश्वर की सत्ता स्पष्ट दृष्टिगोचर न होने से उसकी सत्ता से इनकार करते हैं। दूसरे प्रच्छन्न नास्तिक वे हैं जो उससे पक्षपात की, मुफ्त में लंबी चौड़ी मनोकामनाओं की पूर्ति चाहते रहते हैं। मनुष्य विधि व्यवस्थाओं को तोड़ता छोड़ता रहता है। पर ईश्वर के लिए यह संभव नहीं है कि अपनी बनाई कर्म फल व्यवस्था का स्वयं उल्लंघन करे या दूसरों को ऐसा करने के लिए उत्साहित करे तथाकथित भक्त लोग ऐसी ही आशाएं किया करते हैं। अंततः उन्हें निराश होना पड़ता है।

## चुनाव आते ही चली मुफ्त की आंधी


### व्यंग्यलोक

पास में पानी रखा हुआ है और मैं उसे पी भी सकता हूं। लेकिन इस इंतजार में बैठा हूं कि कोई भी दल-दल पार्टी का नेता आएगा और चुनावों की इस बेला पे यह घोषणा पत्र जारी कर देगा कि आपको मुफ्त में पानी पिलाने की हमारी जिम्मेदारी है। आप जब भी इशारा करेंगे, तब हम उठकर आएंगे। आप स्वयं को पानी पिला देंगे। अगर ऐसी कोई मुफ्त की घोषणा कोई दल-दल पार्टी कर दे, तो मेरी इच्छा है कि मैं उसका इंतजार करूं। कितनी ही तेज प्यास लग जाए लेकिन जो मजा मुफ्त के पानी में है, वह और कहां? वैसे फिजाओं में चुनावी लहरें ज्वार-भाटा मचा रही है। वहां मुफ्त-मुफ्त की आंधियां चलाई जा रही हैं। एक दल-दल पार्टी कह रही है कि हमें वोट दोगे, तो हमारी पार्टी आपके घर वालों के सारे कपड़े मुफ्त में धोने का काम करेगी। यही नहीं कपड़ों को धोकर सुखाने का काम भी करेगी। आपके पड़ोस में जो चक्की लगी हुई है, वहां से चना-चबीना पीसाकर आपके घर पहुंचा देगी। ये हमारा दावा है। हमारी पार्टी की मुफ्तगीरी का मुफ्तस्य, मुफ्तायाः, मुफ्ताणां मंत्र वाला यह हमारा सदाबहार संकल्प है। दल-दल पार्टी का यह संकल्प गीत सुनकर दल-बदल पार्टी भी बांग दे रही है। हम आपके कपड़े सुखाएंगे भी सही और उन्हें प्रेस करके आपको पहनाएंगे भी सही! आप हमारे नेताजी को वोट देकर तो देखिए! हम पुराने पीपल वाली सेकुलर चक्की से चना-मक्का पिसवाकर आपके घर तक पहुंचाएंगे। फिर घर के पड़ोस में खड़े होकर खुद जनता छाप रोटियां बेलकर उन्हें सकेंगे। फिर अपनी वाली पार्टी के हाथों से आपको मुफ्त में खाना भी खिलाएंगे। ये हमारा दावा है। यही नहीं इन रोटियों को पचाने के लिए हम आपके बदले एक्सरसाइज भी करेंगे। हम जिम जाएंगे, लेकिन आपके स्वास्थ्य के साथ कभी खिलवाड़ नहीं करेंगे। यह हमारी पार्टी का संकल्प पत्र है। चुनावी फिजां में इस प्रकार के संकल्प को देखकर बहुत अच्छा लग रहा है। ये जो मेरे मुंह के आगे मक्खी भिन-भिना रही है और वह मुंह में घुसने की तमाम तिकड़में लगा रही है, तो भी मैं उसे कुछ नहीं कह रहा हूं। इंतजार कर रहा हूं कि कोई पार्टी आएगी और इसे अपना चुनावी मुद्दा बनाएगी। वह संकल्प पत्र जारी करेगी। भौंपू में घुसकर कहेगी कि आप अपने सामने घूमती हुई मक्खी को हरगिज न उड़ाएं। सिर्फ हमारी पार्टी को वोट देकर देखें। फिर आपके सामने किसी भी मक्खी को उड़ने की हरगिज इजाजत नहीं दी जाएगी। मक्खी उड़ाने की ये सब सेवाएं मुफ्त में कर दी जाएंगी। वातावरण में इस तरह के चुनावी संकल्प गूंज रहे हैं। वादे इठला रहे हैं। मैं सामने पड़ा हुआ पानी अभी तक नहीं पी रहा हूं, कि कोई भी दल-खोर पार्टी आएगी और वह मुझे मुफ्त का पानी पिला जाएगी।



रामविलास जॉगिड़

## यूनेस्को की विश्व धरोहर है फूलों की घाटी



पर्यटन

उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित फूलों की घाटी राष्ट्रीय उद्यान, यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल है। यह 87 वर्ग किमी में फैली एक ऊंचाई पर स्थित हिमालयी घाटी है, जो सैंकड़ों प्रकार के अल्पाइन जंगली फूलों, विदेशी आर्किड और पोस्त के फूलों के लिए विख्यात है। जून से अक्टूबर तक खुला रहने वाला यह उद्यान, जुलाई के मध्य से अगस्त के मध्य तक अपने चरम पर होता है, जो एक जीवंत और मनोरम ट्रेकिंग अनुभव प्रदान करता है। इससे आपने अंदाजा लगा लिया होगा कि मैं पिछले साल अपनी अगस्त के पहले सप्ताह की यात्रा के बारे में बता रहा हूं।

साइन बोर्ड को पढ़ते ही जहां मेरे मन में मखदूम की पंक्ति 'फिर छिड़ी रात बात फूलों की' गूंजने लगी, वहीं मुझे बचपन के वे दिन भी याद आ गये जब मैंने फ्रैंक स्मिथ की 'द वैली ऑफ फ्लावर्स' (फूलों की घाटी) पढ़ी थी। इस किताब ने मुझे इतना प्रभावित किया था कि मैं अक्सर जागते में भी यह सपने देखता कि मैं घाटी में घूम रहा हूं, जहां हर रंग व खुश्बू के फूल खिल रहे हैं। हल्की-हल्की ठंडी हवा चल रही है, वह अपने साथ फूलों की सुगंध ला रही है, जो मेरे बदन को स्पर्श करते हुए जा रही है। यह सपना मैं अब भी देख लेता हूं और अब मात्र 16 किमी का सफर तय करके मेरा सपना साकार हो सकता था। पहाड़ी पर चढ़ता हुआ 13 किमी का पतला सा रास्ता मुझे एक छोटे से सोते हुए गांव गंगरिया ले गया। यहां से सड़क दो फाड़ हो रही थी- 3 किमी बाएं का ट्रैक फूलों की घाटी ले जाता है और 6 किमी दाएं का ऊबड़-खाबड़ रास्ता हेमकुंड साहिब ले जाता है। मैंने अपना लगेज गोविंद घाट गुरूद्वारे के क्लॉक रूम में रखा और छोटा सा बैग लेकर अपनी यात्रा पर निकल पड़ा। गुरद्वारे से कुछ सौ मीटर के फासले पर एक पतली सी नदिया पर एक पुराना पुल बना है, जिसके दूसरी तरफ से सड़क निरंतर पतली होती जाती है। इस सड़क के एक तरफ हिमालय है और दूसरी तरफ गहरी घाटी। सुंदर नजारे को देखते हुए मैं कुछ सौ मीटर ही चला होउंगा कि मैंने एक बुजुर्ग को छड़ी बेचते हुए देखा उन यात्रियों को जो फूलों की घाटी व हेमकुंड साहिब जा रहे थे। मैं उन बुजुर्ग के पास पहुंचा तो वह बोले, 'सर, एक छड़ी खरीद लीजिए। यह ट्रैकिंग में बहुत काम आयेगी। कीमत सिर्फ पंद्रह रुपए है। लेकिन जब आप गोविंद घाट को लौट रहे हों तो कृपया छड़ी वापस कर देना, मैं आपको 5 रुपए लौटा दूंगा।'

हालांकि मुझे प्रस्ताव अच्छा लगा, कुछ अजीब सा भी, लेकिन मैंने बिना कुछ कहे छड़ी खरीद ली। उन्होंने फिर कहा, 'कृपया, छड़ी वापस करना न भूलें। मैं याद से आपको पांच रुपए लौटा दूंगा।' मैंने यह सुनते हुए मुड़कर देखा, और उन बुजुर्ग को यकीन दिलाने वाली मुस्कान दी। उन शानदार व अति सुंदर फूलों के बीच जो अनुभव हुआ वह इस दुनिया से बाहर का था, अलौकिक था। उसे व्यक्त करने के लिए 250 पन्नों की पुस्तक भी अपर्याप्त होती। मैंने गंगरिया में दो जादुई रातें गुजरीं। ट्रैक पर छड़ी बहुत भरोसेमंद साथी साबित हुई। उसके मजबूत सहारे ने मुझे दर्द व परेशानी से सुरक्षित रखा। तीसरे दिन जब मैं गोविंद घाट लौटा तो मैंने बुजुर्ग को उसी जगह पर पाया। छड़ी को उनके सामने चटाई पर रखते हुए मैंने कहा, 'यह रही आपकी छड़ी।' उन्होंने मेरी तरफ पांच रुपए का सिक्का बढ़ाते हुए, एहसान की मुद्रा में कहा, 'बहुत, बहुत शुक्रिया।' मैंने उनसे कहा कि पैसा वह अपने पास ही रख लें। दरअसल, मेरी दिलचस्पी यह जानने में अधिक थी कि वह सभी यात्रियों से छड़ी लौटाने के लिए क्यों कहते हैं? 'सर, कारण बहुत साधरण है।

अगर लोग छड़ी लौटा देते हैं, तो एक ही छड़ी बहुत सारे यात्रियों के काम आ सकती है,' उन्होंने समझाते हुए कहा और अपनी बात को जारी रखते हुए बोले, सर, यह छड़ी लेने के लिए मुझे वन में बहुत अंदर तक जाना पड़ता है। छड़ी लेने का अर्थ है किसी पेड़ का एक अंग काटना, जिससे मुझे अपराधबोध होता है। मुझे अधिक पैसा नहीं चाहिए। मैं सिर्फ इतना चाहता हूं कि लोग ज्यादा समझदार बनें। बहुत लोग मुझसे छड़ी खरीदते हैं, लेकिन जब वापस लौटते में उन्हें इसकी जरुरत नहीं होती तो उसे घाटी में फेंक देते हैं। मैं जब उनसे छड़ी के बारे में मालूम करता हूं तो सभी का उत्तर समान होता है- आप चिंता क्यों कर रहे हैं? क्या मैंने आपको पैसे नहीं दिए थे? यह कितने दुःख की बात है कि जब हमें जीवन में किसी चीज की जरूरत नहीं रहती तो हम उसे फेंक देते हैं बिना यह सोचे कि वह किसी और के काम आ सकती है। देखो, ऐसा करने से हम प्रकृति मां को ही नुकसान पहुंचा रहे हैं।

समीर चौधरी.

## आपकी बात

### वाहनों की गति पर लगायें लगाम

देश में दुर्घटनाएं इस कदर बढ़ती जा रही हैं कि हर साल इसमें डेढ़ लाख से अधिक लोग जान गंवा बैठते हैं। प्रदेश में भी दुर्घटनाओं का आलम यह है कि यहां सड़कें जानलेवा बन गयी हैं। हाइवे पर तो प्रायः दुर्घटनाएं होती रहती हैं। प्रदेश के हाइवे दुर्घटनाओं के केन्द्र बनते जा रहे हैं। जो हाइवे निर्बाध यात्रा, विकास एवं त्वरित परिवहन के लिए बने हैं वे काल बन गये हैं। सरकार को इसका अध्ययन कराकर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ठोस प्रयास करना चाहिए। प्रदेश में भी तेजी के साथ हाइवे परियोजनाओं पर काम हो रहा है। हाइवे बनने के साथ लोगों की रफ्तार बढ़ रही है और बढ़े पैमाने पर दुर्घटनाएं सामने आ रही हैं। लखनऊ में शहीद पथ, लखनऊ से आगरा जाने वाली लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे, आगरा से दिल्ली जाने वाली यमुना एक्सप्रेस पर आये दिन भीषण हादसे होते हैं। यहीं अभी नया-नया बनकर तैयार हुआ देश का पहला स्मार्ट एक्सप्रेस वे ईस्टर्न फेरीफेरल एक्सप्रेस वे भीषण दुर्घटनओं के मार्ग बन गये हैं। हाइवे दरअसल त्वरित और सुरक्षित परिवहन के लिए होते है लेकिन जब ये खतरों के पर्याय बन जायें तो फिर सोचना पड़ता है कि रफ्तार की इतनी भी क्या जरूरत जो जिंदगी सांसे थम दें। हाइवे और एक्सप्रेस वे पर तेज रफ्तार के कारण बड़ी संख्या में दुर्घटनाएं होती हैं और यह इतनी भीषण होती हैं कि तेज रफ्तार के चक्कर में प्रायः जिंदगी की रफ्तार ही थम जाती है। आगरा एक्सप्रेस वे, ताज एक्सप्रसे वे, शहीद पथ, जैसे हाइवे दुर्घटनाओं का पर्याय बन गये हैं। अगले कुछ सालों में प्रदेश में चार-पांच और एक्सप्रेव शुरू होंगे। जाहिर है यहां भी रफ्तार का कहर हो सकता है। देश एवं प्रदेश में भी तेजी के साथ हाईवे परियोजनाओं पर काम हो रहा है। हाइवे बनने के साथ लोगों की रफ्तार बढ़ रही है और बढ़े पैमाने पर दुर्घटनाएं सामने आ रही हैं। लखनऊ में शहीद पथ, लखनऊ से आगरा जाने वाली लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे, आगरा से दिल्ली जाने वाली यमुना एक्सप्रेस पर आये दिन भीषण हादसे होते हैं। यहीं अभी नया-नया बनकर तैयार हुआ देश का पहला स्मार्ट एक्सप्रेस वे ईस्टर्न मेरीफेरल एक्सप्रे वे भीषण दुर्घटनओं के मार्ग बन गये हैं। हाइवे दरअसल त्वरित और सुरक्षित परिवहन के लिए होते लेकिन जब ये खतरों के पर्याय बन जायें तो फिर सोचना पड़ता है कि रफ्तार की इतनी भी क्या जरूरत जो जिंदगी सांसे थम दें। दरअसल देश में फर्राटा भरने वाली सड़कें तो तेजी के साथ बन एवं बढ़ रही हैं लेकिन लोगों को ट्रैफि क सेंस की कमी के कारण दुर्घटनाएं बढ़ गयी हैं। ये दुर्घटनाएं सिर्फ और सिर्फ तेज स्पीड के कारण होती हैं। हाइवे का मतलब यह नहीं होता कि उस पर हवाई जहाज की रफ्तार से फर्राटा भरने लगें। प्रायः यह देखा जाता है जाता है कि तेज रफ्तार के कारण गाड़िया आगे बढ़ने के चक्कर में बगल वाली गाड़ी टक्कर मार देती हैं और इस तरह खुद के और दूसरों के जान के लिए खतरा बनी रहती हैं। हाईवे निर्माण के साथ अब यह भी जरूरी है कि लोग ट्रैफिक नियमों पालन करें।

संजीव कुमार श्रीवास्तव, लखनऊ.

### जल संरक्षण के प्रयास

जल संरक्षण के तमाम प्रयासों के बावजूद हकीकत यह है कि लोगों को पानी बचाने को लेकर कोई खास जागरुकता नहीं है। लोग बहुत पानी बर्बाद करते हैं। इसलिए जलदोहन पर लगाम लगाने के साथ ही यह सुनिश्चित करना चाहिए कि लोगों को अपनी जरूरत से अधिक पानी न मिले। बढ़ती आबादी के साथ कृषि व उद्योग जगत की जरूरतों के लिए जल संरक्षण की बहुत जरूरत है। नदियों का संकट कोई नया नहीं है। तमाम छोटी-छोटी नदियां खत्म हो गयीं। जबकि गंगा यमुना जैसी बड़ी नदियों भी प्रदूषण के कारण संकटग्रस्त हैं। जब हम नदियों के संकट की बात करते हैं तो बड़ी नदियों पर तो चर्चा होती है। गंगा, यमुना, गोमती जैसी नदियों के बारे में योजना भी बनती है और जैसे-तैसे सफाई अभियान भी शुरू किया जाता है लेकिन छोटी-छोटी नदियों का कोई पुरसाहाल नहीं।

शिवेन्द्र कुमार सिंह, लखनऊ.

संक्षेप

## उपडाकघर अतर्रा में लिपिक की मनमानी से अभिकर्ता परेशान

बांदा। उपडाकघर पी0जी0कालेज अतर्रा में कार्यरत लिपिक रजनीश साहू की स्वेच्छाचारी कार्यप्रणाली एवं मनमानी से परेशान कस्बा निवासिनी अभिकर्ता विमला ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र दिया है। उन्होंने शिकायती पत्र में बताया गया है कि लिपिक उनसे और अधिकांश महिला अभिकताओं से धनजमा किये जाने को लेकर अवैध वसूली करता है। जिससे राष्ट्रीय बचत योजना पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। अभिकर्ता विमला ने कहा कि रुपए न देने और इसका विरोध किये जाने पर महिला प्रधान अभिकर्ता की एजेन्सी खत्म करवाने की धमकी भी देता है। लिपिक रजनीश यह भी कहता है कि मै तुम्हारा नौकर नही हूं बगैर धन के कोई काम नहीं करूंगा क्योंकि मुझे एक काम के लिये कम से कम 3 बार जाना पडता है। अभिकर्ता को लिपिक ने यह भी धमकी दी कि अतर्रा का ही रहने वाला हूं तुम कुछ नही बिगाड पाओगी। गौरतलब है कि डाकअधीक्षक ने शिकायत के बावजूद इस मामले में अभी तक कोई कार्यवाही नही की हैं। अभिकर्ता ने जिलाधिकारी से लिपिक के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की है ताकि लोगों की धनराशि जमा करने में किसी तरह की समस्या पैदा न हो।

## कलेक्ट्रेट में हक की बात मेगा इवेंट का होगा आयोजन

ललितपुर (वीओएल)। उत्तर प्रदेश शासन के मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के अंतर्गत जनपद में महिलाओं और बालिकाओं के स्वावलंबन एवं सशक्तिकरण के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम हक की बात जिलाधिकारी के साथ (मेगा इवेंट) का आयोजन होने जा रहा है। यह संवाद कार्यक्रम कल, 02 अप्रैल 2026 को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में आयोजित किया जाएगा। जिला प्रोबेशन अधिकारी नंदलाल सिंह ने जानकारी दी कि निदेशक, महिला कल्याण उ.प्र. लखनऊ के निदेर्शों के क्रम में इस मेगा इवेंट का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान जिलाधिकारी विभिन्न योजनाओं की महिला लाभार्थियों के साथ सीधा संवाद करेंगे और उनकी समस्याओं व अधिकारों पर चर्चा करेंगे। इस कार्यक्रम की महत्ता को देखते हुए जिला प्रशासन के समस्त मुख्य अधिकारियों को उपस्थिति के निर्देश दिए गए हैं। बैठक को सफल बनाने के लिए जिला मिशन कोर्डिनेटर ममता श्रीवास और सखी वन स्टॉप सेंटर की केन्द्र प्रशासक सरिता रिछारिया को महिलाओं व बालिकाओं की समय से उपस्थिति सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कलेक्ट्रेट के नाजिर को बैठक स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

## धमकी देने वाला गिरफ्तार

अयोध्या। समाज सेवा के क्षेत्र में नवोदित समाजसेवी निवासी पूरा बाजार शुभम सिंह के बारे में हर्ष सिंह पुत्र बृजेश सिंह निवासी मलखान पुर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आपत्तिजनक शब्द लिखने साथ जान से मारने की धमकी दिया था जिस पर आपत्ति जताते हुए शुभम सिंह ने महराज गंज थाना प्रभारी को प्रार्थना पत्र देकर हर्ष सिंह के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्रवाई करने हेतु अनुरोध किया था। थाना प्रभारी महराज गंज ने शुभम सिंह के प्रार्थना पत्र को गंभीरता से लिया और उन्होंने अपने मुखबिरों का जाल फैलाकर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले हर्ष सिंह को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# शिक्षा के महत्व को समाज के अंतिम छोर तक पहुंचाने का करें प्रयासः राज्यमंत्री



- शिक्षक द्वारा सही दिशा में शिक्षा दिए जाने से एक अबोध बालक का होता है संपूर्ण विकासः विधायक
- स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम का हुआ आयोजन

ललितपुर (वीओएल)। बेसिक शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण योजनाओं स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम का आयोजन कल्याण सिंह सभागार में किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मनोहर लाल पंथ श्रम एवं सेवायोजन राज्य मंत्री उ0प्र0 सरकार, विशिष्ट अतिथि के रूप में सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एवं जिलापंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन तथा जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं अन्य मौजूद रहे। कार्यक्रम में यूपीएस पनारी की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत, शिक्षिका कादंबिनी द्वारा स्वागत गीत, यूपीएस वीर की छात्राओं द्वारा योगा का उत्कृष्ट प्रदर्शन, प्राथमिक विद्यालय खुरा के बच्चों द्वारा स्कूल चले हम थीम पर प्रस्तुति की गई। मुख्य अतिथि मनोहर लाल पंथ श्रम एवं सेवायोजन राज्य मंत्री उ0प्र0 सरकार ने शिक्षक एवं जनसमुदाय से शिक्षा के महत्व को समाज के अन्तिम छोर तक पहुँचाने तक का आवाहन किया। उन्होंने प्रत्येक 06 से 14 वय वर्ग के बच्चों का नामांकन विद्यालय में कराने का आवाहन किया। सदर विधायक रामरतन कुशवाहा द्वारा अवगत कराया गया कि आदर्श शिक्षक के द्वारा सही दिशा में शिक्षा दिए जाने से एक अबोध बालक का संपूर्ण विकास होता है। जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन ने कहा कि एक आदर्श शिक्षक के द्वारा ही गांव में सही से शिक्षा दिए जाने पर व्यक्ति, गांव एवं देश का विकास सम्भव है। जिलाधिकारी सत्यप्रकाश ने कहा कि शिक्षा से कोई भी बच्चा वंचित न रहे इसकी जिम्मेदारी विद्यालय में तैनात शिक्षकों की है एवं प्रत्येक बच्चे को शिक्षा देना शिक्षकों की जिम्मेदारी है साथ ही अच्छा कार्य करने वाले शिक्षकों का सम्मान किया जाना आवश्यक है। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि शासन की योजनाओं का पूर्ण रूप से धरातल पर पहुंचाने का कार्य सबको विशेषकर शिक्षकों को मिलकर करना है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रणवीर सिंह ने कहा कि स्कूल चलो अभियान का संचालन दो है। प्रथम चरण में शैक्षिक सत्र के प्रारंभ में 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तक द्वितीय चरण 1 जुलाई से 15 सुधार 2026 किया जाना है जिसके अन्तर्गत जनपद स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाना है। प्रचार-प्रसार हेतु समाचार पत्रों, मीडिया एवं एलईडी के माध्यम से जनसमुदाय को अपने बच्चों का प्रवेश विद्यालयों में कराने हेतु प्रेरित किया जायेगा। समस्त बच्चों का विद्यालयों में प्रवेश हेतु जनप्रतिनिधियों का सहयोग लिया जायेगा। स्कूल चलो अभियान के दौरान एस०एम०सी० द्वारा अभिभावकों के साथ अनिवार्य रूप से बैठकें आयोजित की जाएँगी। अध्यापक द्वारा घर-घर सर्वेक्षण करते हुये समस्त 06 से 14 वय वर्ग के बच्चों को चिन्हित कर उनको विद्यालयों में नामांकित कराया जायेगा। उन्होंने शिक्षको का आवाहन किया कि नवीन सत्र में शिक्षा को नई ऊर्जा के साथ पहुंचकर प्रत्येक ब्लॉक में प्रत्येक विद्यालय में नामांकन बढ़ाने का कार्य हम सबको मिलकर करना है एक भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे इसकी जिम्मेदारी हम सबको लेनी है। कार्यक्रम में यूपीएस पनारी के छात्र द्वारा उत्तर प्रदेश के 75 जिलों का मंच से मौखिक नाम सुनाने पर जिलाधिकारी ने भूरी भूरी प्रशंसा की है। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी गौरव शुक्ला, नंदित कुमार गुप्ता, समर सिंह, जिला समन्वयक प्रदीप श्रीवास्तव, संजय तिवारी, राघवेंद्र सिंह, जाहर सिंह निरंजन, प्रशांत राजपूत, सुरजीत मौर्य एवं एम०आई०एस० इंचार्ज अमित श्रीवास्तव सहित एसआरजी हिमांशु मिश्रा डॉ दीपा सिंधी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अभिलाषा चैधरी एवं आशुतोष बिलगैया ने किया अंत में जिला बेशिक शिक्षा अधिकारी ने समस्त निपुण विद्यालय के शिक्षकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

## जिला न्यायालय दफ्तरी का विदाई समारोह



बांदा। जनपद न्यायालय में कार्यरत रहे रशीद बेग दफ्तरी के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन हुआ। समारोह में वक्ता मनोज जैन एवं जितेन्द्र कुमार, प्रशासनिक अधिकारी ने रशीद बेग के दीर्घकालीन सेवाकाल, कर्तव्यनिष्ठा एवं उत्कृष्ट कार्यशैली की सराहना करते हुए उनके योगदान को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। डॉ. विकास श्रीवास्तव, प्रथम अपर जिला जज, जज छोटेलाल, प्रभारी अधिकारी नजारत ने भी रशीद बेग के सरल स्वभाव एवं कार्य के प्रति समर्पण की प्रशंसा की। पूर्व सचिव रोआब आलम ने रशीद बेग को माल्यार्पण कर उनके स्वस्थ एवं दीघार्यु जीवन की कामना की। जनपद न्यायाधीश अल्पना शर्मा ने रशीद बेग के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें सेवानिवृत्ति के पश्चात सभी देयकों का समय पर भुगतान सुनिश्चित किए जाने का आश्वासन दिया और उनके सुखमय एवं समृद्ध जीवन की कामना की। इस दौरान अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने रशीद बेग के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी। कॉन्फ्रेंस हाल में आयोजित समारोह का संचालन मुन्नीलाल वर्मा, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी ने किया।

## बेमौसम बारिश, तेज आंधी से फसलों का नुकसान, किसान परेशान

बांदा। बीती रात बेमौसम तेज आंधी और बारिश से किसान बेहद चिंतित हैं। तेज रफ्तार आंधी व बारिश ने किसानों के सपनों पर पानी फेर दिया। चना, सरसों और गेहूं की फसल पूरी तरह भीग गयी। तीव्र आंधी के चलते ज्यादातर फसल उड़कर खेतों से दूसरे खेतों तक बिखर गयी। सुबह से ही किसान खेतों में पहुंचकर बिखरी हुई फसल को बटोरते रहे। किसान गरीबदास ने कहा कि चने की फसल कटी पड़ी है थ्रेसर से कतराई कराना था लेकिन अचानक हुई बरसात ने सब कुछ बर्बाद कर दिया। सरसों की कटी फसल भी खराब हो गयी। बीते दिनों हुई बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से भयभीत पैलानी क्षेत्र के किसान अपनी फसलों को बचाने के लिए दिन-रात मेहनत कर जल्दी से जल्दी खेतों में पड़ी पकी फसलों की कतराई के काम में लग गये हैं। लेकिन मंगलवार की देर रात अचानक जबरदस्त आंधी और पानी ने थ्रेसिंग का कार्य पूरी तरह से रोक दिया। भीगी फसल को किसान खेतों में सारा दिन धूप में डालते रहे लेकिन सूर्य की आंख-मिचैली से इसका कुछ खास असर नही हुआ। खप्टिहा कलां गांव के किसान बच्चू शुक्ला, विष्णु यादव, मनोज, रामकिशोर प्रजापति आदि ने बताया कि ओलावृष्टि के चलते खेतों में खड़ी गेहूं की फसलों को भी सरसों व चने के साथ काफी नुकसान हुआ है।

## एनसीसी बेस्ट अवॉर्ड से सम्मानित संतोष द्विवेदी सेवानिवृत्त



बांदा। हिंदू इंटर कॉलेज के एनसीसी अधिकारी चीफ ऑफिसर संतोष द्विवेदी बुधवार को सेवानिवृत्त हो गए। एनसीसी बटालियन फतेहपुर में बुलाकर सम्मान के साथ विदाई समारोह का आयोजन हुआ। बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल बृजेश पठानिया ने कहा कि श्री द्विवेदी का कार्यकाल समर्पित, नेतृत्व कौशल और कर्मठ कार्यों से भरा रहा। वह किसी परिचय और सम्मान के मोहताज नहीं है, फिर भी इनको विदाई देते हुए बटालियन को गर्व और दुख की अनुभूति हो रही है।

बताते चले कि, श्री द्विवेदी ने वर्ष 2000 में एनसीसी ज्वाइन किया था और उसके बाद से पीछे मुड़कर नहीं देखा। इस दौरान उनको प्रदेश स्तर का बेस्ट एनसीसी अधिकारी अवार्ड तथा राष्ट्रीय स्तर का विशिष्ट सेवा पदक एनसीसी के सर्वोच्च अधिकारी एनसीसी महानिदेशक जनरल गुरबीर पाल सिंह द्वारा विगत वर्ष प्रदान किया गया था। श्री द्विवेदी एनसीसी कार्यकाल के दौरान छात्रों के लिए प्रेरणाश्रोत रहे। एनसीसी में उनके द्वारा पढ़ाए हुए छात्र कैडेट सैकड़ो की तादाद में सेना तथा अन्य क्षेत्रों में काम कर रहे हैं। इस अवसर पर कर्नल बृजेश पठानिया, बटालियन के एडम ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल योगेंद्र चिन्मय, बटालियन के सूबेदार मेजर, सूबेदार विष्णु थापा, लेफ्टिनेंट शरद चंद्र राय, कैप्टन धर्मेंद्र सिंह, धीरज राठौर, लेफ्टिनेंट राम प्रसाद, आलोक कुमार, बटालियन के एनसीसी अधिकारी, पीआई स्टाफ व सिविल स्टाफ मौजूद रहा।

## जर्जर विद्युत पोल गिरने से किसान नेता की मौत

जिला संवाददाता



- किसान नेताओं का आरोप जर्जर विद्युत पोल को हटाने के लिए पिछले दो माह से लगातार विद्युत विभाग के अधिकारियों को शिकायतें दी जा रही थीं, लेकिन विभाग ने नहीं की कोई कार्रवाई
- आक्रोशित किसानों ने किया घेराव

ललितपुर (वीओएल)। जाखलौन थाना क्षेत्र अंतर्गत बम्होरी पठार गांव में 31 मार्च की रात तेज आंधी के दौरान एक जर्जर विद्युत पोल गिरने से गंभीर रूप से घायल हुए किसान नेता सोबरन सिंह की बुधवार सुबह इलाज के दौरान ग्वालियर में मृत्यु हो गई। घटना के बाद परिजनों और किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है। बम्होरी पठार निवासी 30 वर्षीय सोबरन सिंह भारतीय किसान यूनियन की पिपरई न्याय पंचायत के अध्यक्ष थे। मंगलवार रात करीब 10 बजे वे अपने खेत से बाइक द्वारा घर लौट रहे थे। इसी दौरान तेज हवा चलने लगी और गांव के पास एक जर्जर विद्युत पोल उनके ऊपर गिर गया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद परिजनों ने उन्हें तत्काल ललितपुर मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां हालत गंभीर होने पर उन्हें झांसी रेफर किया गया। वहां से बेहतर इलाज के लिए ग्वालियर ले जाया गया, जहां बुधवार सुबह उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। किसान नेताओं का आरोप है कि उक्त जर्जर विद्युत पोल को हटाने के लिए पिछले दो माह से लगातार विद्युत विभाग के अधिकारियों को शिकायतें दी जा रही थीं, लेकिन विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। किसानों का कहना है कि विभाग की लापरवाही के कारण ही यह दुखद हादसा हुआ। घटना से आक्रोशित परिजन एवं भारतीय किसान यूनियन के कार्यकताओं ने ललितपुर मुख्यालय स्थित विद्युत विभाग कार्यालय का घेराव कर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की। सूचना मिलने पर एसडीएम सदर और सीओ सिटी मौके पर पहुंचे और किसानों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन किसान अपनी मांगों पर अड़े रहे। धरना-प्रदर्शन में भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष रंजीत सिंह, कीरत बाबा, हरपाल, मलखान, प्राउंड, मुकेश, पहाड़ सिंह, भगीरथ, जगदीश, ब्रजेश, मोहित, उमेश, ह्रदेश मुखिया, विशाल सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## नवांगुतक एसपी का किया स्वागत, कानून-व्यवस्था पर की चर्चा



महोबा। नवांगुतक पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के जनपद आगमन पर अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह एवं जनपदीय पुलिस के राजपत्रित अधिकारियों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया। जनपद आगमन के उपरांत पुलिस अधीक्षक द्वारा अधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक आयोजित की गई, जिसमें जनपद की पृष्ठभूमि, भौगोलिक स्थिति, संवेदनशील क्षेत्रों तथा महत्वपूर्ण स्थलों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। बैठक के दौरान जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, अपराध नियंत्रण, पुलिसिंग व्यवस्था को प्रभावी बनाने तथा आमजन में सुरक्षा की भावना को और मजबूत करने के संबंध में सार्थक चर्चा की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जनपद में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सतर्क एवं सक्रिय रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें। साथ ही जनता के साथ समन्वय स्थापित कर उनकी समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

## डूडा कार्यालय में भ्रष्टाचार व दलाली का आरोप

- दिव्यांग व्यक्ति से 30 हजार रुपये मांगने की शिकायत
- किस्त रोकने का भी आरोप, जिलाधिकारी से निष्पक्ष जांच व कार्रवाई की मांग

ललितपुर (वीओएल)। जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) कार्यालय में दलाली, अभद्र व्यवहार और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप सामने आए हैं। शहर के आजादपुरा नई बस्ती निवासी एक दिव्यांग व्यक्ति ने जिलाधिकारी को शिकायत पत्र देकर आरोप लगाया है कि उससे कार्य कराने के नाम पर 30 हजार रुपये की अवैध मांग की गई और पैसे न देने पर उसकी किस्त रोक दी गई। आजादपुरा नई बस्ती निवासी शिवशंकर कुशवाहा पुत्र प्रेमनारायण कुशवाहा के अनुसार वह 30 मार्च 2026 को अपने वैध कार्य के संबंध में डूडा कार्यालय पहुंचा था। इस दौरान वहां मौजूद दलाल एवं कर्मचारी द्वारा उसके साथ अभद्र व्यवहार किया गया और अपमानजनक भाषा का प्रयोग करते हुए कार्यालय से बाहर जाने को कहा गया। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि संबंधित कर्मियों द्वारा कार्य कराने के नाम पर 30 हजार रुपये की मांग की गई। प्रार्थी द्वारा आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए रकम देने में असमर्थता जताने पर उसकी किस्त जानबूझकर रोक दी गई, जिससे उसे आर्थिक और मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पीड़ित ने मामले में सीएलटीसी की भूमिका की भी निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

साथ ही आरोप लगाया है कि बिना उनकी जानकारी के इस तरह की गतिविधियां संभव नहीं हैं। शिकायतकर्ता का कहना है कि इस तरह की घटनाएं सरकारी कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार और दलाली प्रथा को उजागर करती हैं। उन्होंने जिलाधिकारी से पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही पीड़ित ने अपनी रोकी गई किस्त को जल्द जारी कराने की मांग करते हुए न्याय दिलाने की गुहार लगाई है, ताकि एक दिव्यांग व्यक्ति को हो रही अनावश्यक परेशानी से राहत मिल सके।

## सर्वज्ञ सिंह भाजपा महानगर कार्यकारिणी में मंत्री नियुक्त

अयोध्या। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शाखा से निकले हुए स्वयंसेवक सर्वज्ञ सिंह जिन्होंने एक नगर से संघ में विद्यार्थी कार्य के साथ अपने सामाजिक जीवन का प्रारंभ किया और वर्तमान में महानगर के सह प्रचार प्रमुख के दायित्व से सीधे अयोध्या महानगर की कार्यकारिणी में मंत्री पद पर नियुक्त किया गया चर्चा का विषय बनी हुई है।

## बेटियों के सुनहरे भविष्य के लिए सबसे पहली प्राथमिकता उनका स्वास्थ्यः सीएमओ डॉ. इम्तियाज



- सर्वाइकल कैंसर मुक्त जनपद बनाने के लिए एच0पी0वी0 टीकाकरण अभियान का शुभारंभ

ललितपुर (वीओएल)। मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत श्रीमती वर्षा वाल्मीकि निवासी झांसीपुरा ललितपुर ने फीता काटकर तथा अपनी पुत्री वृन्दा वाल्मीकि को एच0पी0वी0 का टीका लगवाकर एच0पी0वी0 टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान कुल पाँच किशोरियों का एच0पी0वी0 टीकाकरण किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद ने बताया कि जब हम अपनी बेटियों के सुनहरे भविष्य की कल्पना करते हैं, तो उसमें सबसे पहली प्राथमिकता उनका स्वास्थ्य होता है। इसी जिम्मेदारी को समझते हुए स्वास्थ्य विभाग ने एक बहुत ही दूरगामी निर्णय लिया है। जनपद में अब किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर) जैसी गंभीर और जानलेवा बीमारी से सुरक्षित रखने के लिए एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान का आगाज कर दिया गया है। यह सिर्फ एक अभियान नहीं है, बल्कि हमारी बेटियों के जीवन को आने वाली एक बहुत बड़ी मुसीबत से पहले ही बचा लेने का एक सुरक्षा चक्र है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ शिव प्रकाश ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाला एक प्रमुख कैंसर है, लेकिन राहत की बात यह है कि अगर सही उम्र में इसका टीका लग जाए, तो भविष्य में इसके होने का खतरा लगभग खत्म हो जाता है। इस अभियान के अन्तर्गत उन किशोरियों को टीका लगाया जा रहा है, जिनका 14 वाँ जन्मदिन मनाया जा चुका है तथा 15 वां जन्मदिन अभी नहीं हुआ है। यह वह उम्र है जब एचपीवी वैक्सीन सबसे प्रभावी तरीके से काम करती है। स्वास्थ्य की ओर से यह सुनिश्चित किया गया है कि किसी भी अभिभावक को कोई असुविधा न हो। फिलहाल, यह टीकाकरण सुविधा जिला अस्पताल संबद्ध स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ललितपुर में प्रतिदिन सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक लगायी जा रही है। यह वैक्सीन, जो निजी अस्पतालों में काफी महंगी मिलती है, सरकार द्वारा बिल्कुल मुफ्त दी जा रही है। एच0पी0वी0 टीकाकरण की सुविधा सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में भी उपलब्ध है। पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डॉ सौरभ सक्सेना ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में तेजी से बढ़ती गंभीर बीमारी है, लेकिन अच्छी बात यह है कि इसे समय रहते रोका जा सकता है।

ह्यूमन पैपिलोमावायरस इस कैंसर की बड़ी वजह माना जाता है। सही उम्र में एचपीवी वैक्सीनेशन और नियमित स्क्रीनिंग से भविष्य में इसके खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

जिला विद्यालय निरीक्षक श्री ओम प्रकाश और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने जनपद के सभी स्कूलों के प्रधानाचार्यों से तथा जनमानस से यह अपील की है कि वे छात्राओं तथा पात्र किशोरियों के बीच इस जानकारी को साझा करें और उन्हें एचपीवी टीकाकरण हेतु प्रोत्साहित करें।

## हनुमान जयंती को लेकर डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण

ललितपुर (वीओएल)। आज जनपद में हनुमान जंयती के भव्य आयोजन एवं शोभायात्रा के दृष्टिगत जिलाधिकारी सत्य प्रकाश और पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक ने तुवन मंदिर जाकर कार्यक्रम स्थल पर व्ययस्थाओं का जायजा लिया और शोभायात्रा के रुट का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने आयोजन समिति के पदाधिकारियों से वार्ता कर कार्यक्रम की जानकारी ली तथा अधिकारियों को निर्देशित किया कि हनुमान जयंती की शोभायात्रा के दौरान सभी व्यवस्थाएं पूरी गंभीरता के साथ निभाएं, यातायात प्रभारी रुट को क्लियर रखें, नगर पालिका द्वारा समुचित सफाई, चूना आदि की व्यवस्था की जाए, विद्युत व पेयजल हेतु सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया, साथ ही समिति के पदाधिकारियों को भी वॉलेंटियर्स के माध्यम से शोभायात्रा पर सतत निगरानी के निर्देश दिये गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में हर त्यौहार पूरे शान्तिपूर्ण तरीके से आपसी सौहार्द के साथ मनाया जाता रहा है, आगे भी यह परम्परा कायम रहेगी, जिला प्रशासन द्वारा त्यौहार के आयोजन हेतु सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आयोजन स्थल व शोभायात्रा रुट पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है, जो शोभायात्रा के दौरान साथ में रहेंगे और अराजक तत्वों पर नजर रखेंगे। इस दौरान सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण और आयोजन समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## आंधी से चरमरायी विद्युत आपूति लोग रहे परेशान

बांदा। देर रात करीब 12 बजे हुई बारिश और तेज हवाओं ने विद्युत उपकेंद्र खुरहंड की व्यवस्था के दावों की पोल खोलकर रख दी है। तेज रफ्तार आंधी के चलते खुरहंड क्षेत्र के करीब 40 गांवों में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से चरमरा गई जिससे गर्मी के चलते ग्रामीण लोग पूरी तरह परेशान रहे और रात भर सभी गांवों पर अंधेला छाया रहा। मंगलवार की रात आंधी के चलते खुरहंड विद्युत उपकेंद्र से करीब पांच फीडर मनीपुर फीडर, अजुर्नाह फीडर, गिरवां फीडर, खुरहंड स्टेशन फीडर, नगनेधी फीडर संचालित है जिनसे जुड़े क्षेत्रों में करीब 14 से 18 घंटे तक बिजली ठप रही। लंबी बिजली कटौती के कारण उपभोक्ताओं को भारी किल्लत का सामना करना पड़ा और जनजीवन पूरी तरह पटरी से उतर गया। जिसमें सबसे बुरा हाल नगनेधी फीडर का रहा जिससे जुड़े करीब एक दर्जन से अधिक गांवों में रात को बारिश शुरू होने से लेकर बुधवार शाम तक करीब 18 घंटे तक बिजली सप्लाई ठप रही। ऐसे में गर्मी के चलते रातभर बिजली न होने से पानी की समस्या से लोग जूझते रहे। बिजली आपूर्ति बाधित संबंधी जानकारी के लिए विद्युत उपकेंद्र खुरहंड अवर अभियंता का फोन स्विच ऑफ रहा।

## संचारी रोगों से बचाव के लिए ली गयी शपथ

ललितपुर (वीओएल)। जनपद में संचारी रोगों के खिलाफ विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलेगा एवं दस्तक अभियान 10 से 30 अप्रैल तक चलेगा। अभियान का शुभारंभ पी0एन0 इंटर कॉलेज में सदर विधायक रामरतन कुशवाहा के द्वारा रैली को हरी झंडी दिखाकर किया गया। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए इस अभियान को सफल बनाएं। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद ने इस अभियान में सभी सहभागी विभागों से अपनी.अपनी गतिविधियां माइक्रोप्लान के अनुसार गुणवत्तायुक्त एवं शतप्रतिशत पूर्ण करने की अपील की एवं संचारी रोगों से बचाव हेतु शपथ ली गयी। डिस्ट्रिक्ट पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डॉ0 सौरभ सक्सेना ने बताया कि इस अभियान में संचारी रोग नियंत्रण हेतु विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जनपद वासियों को वेक्टर जनित रोगोंए जलजनित रोगों के बचाव व रोकथाम के बारे में जागरूक किया जाएगा। जिला मलेरिया अधिकारी अनिल क्रिस्टोफर मैसी ने बताया कि मलेरिया, डेंगू आदि वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम हेतु शहरी क्षेत्र में नगर विकास विभाग द्वारा नालियों की साफ.सफाई एवं फॉगिंग की जायेगी।

## नवचेतना परामर्श केंद्र का शुभारंभ, महिलाओं को कानूनी सलाह

जिला संवाददाता



बांदा। अजीम जनवादी लेखक कवि बाबू केदारनाथ अग्रवाल के जन्मदिवस पर परामर्शदाता डॉक्टर सबीहा रहमानी के नवचेतना परामर्श केन्द्र का शुभारंभ बुधवार को हुआ। बार काउंसिल अध्यक्ष समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता विमल कुमार सिंह ने सबसे पहले दीपप्रज्वलन और बाबू केदारनाथ अग्रवाल के चित्र पर माल्यार्पण कर हुआ।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व बार काउंसिल के अध्यक्ष आनंद सिन्हा, साहित्यकार, अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के संरक्षक, अध्यक्ष गोपाल गोयल, वरिष्ठ अधिवक्ता कमलेश साहू, वरिष्ठ अधिवक्ता विनोद सिंह ने बाबू जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके पश्चात नवचेतना परामर्श केन्द्र का उदघाटन मुख्य अतिथि एवं अन्य सम्मानित अतिथियों ने किया। डॉक्टर सबीहा रहमानी ने केदारनाथ अग्रवाल की कविता का वाचन किया। मैंने उसको, जब-जब देखा, लोहा देखा, लोहे जैसा, तपते देखा, गलते देखा, ढलते देखा, गोली जैसा चलते देखा। इस नवचेतना परामर्श केन्द्र में परिवार सम्बंधी विवाद, पति-पत्नी के मध्य आपसी विवाद, महिला उत्पीड़न, कार्यक्षेत्र में महिलाओं के विरुद्ध शोषण पर वाद दायर करने से पहले कानूनी सलाह और काउंसलिंग प्रदान की जायेगी। एक बार न्यायालय में वाद दायर करने से पहले नवचेतना परामर्श केन्द्र स्टार-प्लाजा डीएवी कॉलेज रोड गूलर नाका से सम्पर्क अवश्य करें। इससे धन, समय की बचत और त्वरित विवाद निपटारा के साथ आपसी समझौते के लाभ ही लाभ होंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विमलकुमार सिंह अध्यक्ष बार काउंसिल बाँदा ने अपने उदबोधन में कहा कि यह एक बहुत शानदार और नवीन पहल है। इस नवचेतना केन्द्र से बहुत लोगों को लाभ मिलेगा। उन्होंने परामर्शदात्री मध्यस्थ अधिवक्ता डॉक्टर सबीहा रहमानी को हर तरह की मदद करने का आश्वासन दिया। पूर्व बार काउंसिल अध्यक्ष श्री आनंद सिन्हा ने केदारनाथ अग्रवाल के कृतित्व और व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए।

नवचेतना परामर्श के उद्देश्य को महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर एजाज खान, आफरीन, अजहर खान, निकहत और कहकशाँ उपस्थित रहीं। गोपाल गोयल ने सभी का आभार जताया।

संक्षेप

## भीम पेमेंट्स ऐप ने माही वे कैंपेन लॉन्च किया

नयी दिल्ली। भीम पेमेंट्स ऐप, जिसे एनपीसीआई भीम सर्विसेज लिमिटेड द्वारा विकसित किया गया है, ने आज अपने नए माही वे कैंपेन के लॉन्च की घोषणा की। यह कैंपेन भीम को एक स्पष्ट और भरोसेमंद विकल्प के रूप में प्रस्तुत करता है, जिससे यूजर्स तुरंत भुगतान कर सकते हैं। भारत में पैसे के साथ जुड़े भरोसे को दर्शाते हुए, यह कैंपेन भीम ऐप द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाजनक और सुरक्षित भुगतान प्रक्रिया पर जोर देता है, जिससे नए यूजर्स सहित सभी में डिजिटल पेमेंट्स के प्रति विश्वास बढ़ता है। यह 360-डिग्री कैंपेन ब्रांड एंबेसडर महेंद्र सिंह धोनी को प्रस्तुत करता है, जिनका शांत और भरोसेमंद व्यक्तित्व भीम पेमेंट्स ऐप के अनुभव से मेल खाता है। भीम ऐप से करो पे, इट्स द माही वे विचार पर आधारित यह कैंपेन उन रोजमर्रा की स्थितियों को दिखाता है, जहां यूजर्स के पास कई पेमेंट विकल्प होते हैं, लेकिन वे एक सरल और विश्वसनीय माध्यम चुनते हैं। भारत में डिजिटल पेमेंट्स को अपनाने और उपयोग करने में भरोसा एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## स्मार्ट कूलिंग और बचत करती है सैमसंग के बीस्पोक एआई एसी

नयी दिल्ली। सैमसंग की बीस्पोक एआई रेंज इन रूरतों को पूरा करने के लिए ही बनाई गई है। यह एआई का इस्तेमाल कर कमरे के हालात और इस्तेमाल के तरीकों के आधार पर कूलिंग को एडजस्ट करती है, जिससे एनर्जी बचाते हुए आपको सबसे ज्यादा आराम मिलता है। सैमसंग के बीस्पोक एआई एसी में एआई ऑटो कूलिंग, एआई एनर्जी मोड और डिजिटल इन्वर्टर टेक्नोलॉजी शामिल हैं, जो असरदार और हालात के हिसाब से बदलने वाली कूलिंग देते हैं। इस्तेमाल के तरीकों और बाहर के हालात का विश्लेषण करके, ये एसी अपनी परफॉर्मेंस को बेहतर बनाते हैं और साथ ही एनर्जी की खपत को भी कम करते हैं, जिससे ये भारत की कभी भी बदलने वाली गर्मियों के मौसम के लिए एकदम सही हैं। यहाँ तीन सैमसंग बीस्पोक एआई एसी दिए गए हैं, जिन्हें गर्मियों में कूलिंग की अलग-अलग जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है स्मार्ट फीचर्स के साथ ज्यादा कूलिंग क्षमता वाला एक मजबूत विकल्प, जो बड़ी जगहों के लिए एकदम सही है।

## निसान इंडिया की घरेलू बिक्री 98 प्रतिशत बढ़ी

नयी दिल्ली। निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनएमआईपीएल) ने 10,388 यूनिट्स की कुल बिक्री के साथ मार्च, 2026 में शानदार प्रदर्शन किया है। इस दौरान घरेलू बिक्री 4,408 यूनिट्स की रही, जो पिछले पांच साल में किसी महीने की सर्वाधिक घरेलू बिक्री है। फरवरी, 2026 की तुलना में घरेलू होलसेल में 98 प्रतिशत की जबर्दस्त वृद्धि दर्ज की गई। मार्च, 2026 में निर्यात का आंकड़ा 5,980 यूनिट्स का रहा। ऑल न्यू निसान ग्रेवाइट की डिलीवरी शुरू होने से घरेलू स्तर पर कंपनी के मजबूत प्रदर्शन को सपोर्ट मिला है। ग्रेवाइट को देशभर के ग्राहकों की तरफ से जबर्दस्त सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। ग्रेवाइट की डिलीवरी शुरू होना भारत में निसान का महत्वपूर्ण पड़ाव है। इससे निसान मैग्नाइट के जबर्दस्त प्रदर्शन के साथ-साथ कंपनी का प्रोडक्ट मूमेंटम और मजबूत हुआ है। भारत में निसान के लिए मार्च अहम महीना रहा है। घरेलू बिक्री में मजबूत वृद्धि हमारे प्रोडक्ट पोर्टफोलियो के प्रति ग्राहकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया का प्रमाण है।

## डब्ल्यूयूडी ने किया छात्रों को डिजाइन में करियर खंगालने के लिए आमंत्रित

नई दिल्ली। डब्ल्यूयूडी ने विज्ञान, वाणिज्य और कला जैसे सभी अकादमिक पृष्ठभूमि से आने वाले विद्यार्थियों को डिजाइन, टेक्नोलॉजी और रचनात्मक अर्थव्यवस्था में उभरते करियर के मार्गों में संभावना तलाशने के लिए आमंत्रित किया है। आज के तेजी से उभर रहे पेशेवर परिदृश्य में करियर में सफलता एक स्कूली क्षेत्र तक सीमित नहीं रह गई है। डिजाइन एक ताकतवर, अंतरक्षेत्रीय क्षेत्र के तौर पर उभरा है जो रचनात्मकता को टेक्नोलॉजी, बिजनेस और मानव केंद्रित नवप्रवर्तन के साथ एकीकृत करते हुए विविध रुचियों और क्षमताओं वाले विद्यार्थियों के लिए अवसरों के द्वार खोल रहा है। डब्ल्यूयूडी ने उद्योग की जरूरतों के अनुरूप एक भविष्य उन्मुखी, अंतर क्षेत्रीय शिक्षा की पेशकश करते हुए अकादमिक वर्ष 2026-27 के लिए अपने स्नातक और स्नातकोत्तर प्रोग्राम में प्रवेश लेना प्रारंभ किया है।

# सेंसेक्स में 1187 अंकों की उछाल



मुंबई। चालू वित्त वर्ष के पहले दिन स्थानीय शेयर बाजार में तेजी रही और बीएसई सेंसक्स।,187 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 348 अंक की बढ़त में रहा। पश्चिम एशिया में तनाव कम होने की उम्मीद के बीच वैश्विक बाजारों में तेजी के साथ घरेलू बाजार में मजबूती आई। शेयर बाजार में तेजी से निवेशकों की संपत्ति 9.60 लाख करोड़ रुपये बढ़ी।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स।,186.77 अंक यानी 1.65 प्रतिशत बढ़कर 73,134.32 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय इसमें 2,017.03 अंक की तेजी दर्ज की गई और यह 73,964.58 अंक पर पहुंच गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 348 अंक यानी 1.56 प्रतिशत चढ़कर 22,679.40 अंक पर बंद हुआ। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने भी बाजार की धारणा को मजबूती दी। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में एनटीपीसी, सन फार्मा, पावर ग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट और भारती एयरटेल शामिल हैं। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों में 3,828 शेयर लाभ में रहे, जबकि 508 में गिरावट आई। वहीं 101 के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पश्चिम एशिया संघर्ष के संभावित समाधान के संकेत वाले बयान के बाद जोखिम लेने की प्रवृत्ति में सुधार हुआ है। इसके कारण भारतीय शेयर बाजारों ने वित्त वर्ष 2026-27 में मजबूत शुरुआत की। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में सकारात्मक रुख था। अमेरिकी बाजारों में मंगलवार को तेजी थी। भारतीय शेयर बाजारों ने नए वित्त वर्ष में सकारात्मक शुरुआत की। पश्चिम एशिया में संघर्ष में कमी आने और ऊर्जा आपूर्ति में समस्या कम होने की उम्मीदों के कारण शेयर बाजारों में तेजी आई। राष्ट्रपति ट्रंप की टिप्पणी ने बाजारों में तेजी लाने का काम किया। ट्रंप ने कहा है कि ईरान के साथ समझौता हो या नहीं, अमेरिका, ईरान से दो से तीन सप्ताह में बाहर निकल सकता है। इससे वैश्विक जोखिम वाली परिसंपत्तियों में व्यापक राहत मिली। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.22 प्रतिशत टूटकर 103.7 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। शेयर बाजार आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सोमवार को 11,163.06 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 14,894.72 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। सेंसेक्स सोमवार को।,635.67 अंक टूटा था जबकि निफ्टी में 488.20 अंक की गिरावट आई थी।

# चांदी 9,000 रुपये मजबूत और सोना 3500 रुपये चढ़ा



नयी दिल्ली। मजबूत वैश्विक रूख के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में बुधवार को चांदी की कीमत 9,000 रुपये बढ़कर 2.46 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गई, जबकि सोना 3,500 रुपये उछलकर 1.55 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 9,000 रुपये यानी 3.8 प्रतिशत बढ़कर 2,46,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। सोमवार को बाजार बंद होने के समय इसकी कीमत 2,37,000 रुपये प्रति किलोग्राम थी।

सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत भी 3,500 रुपये यानी 2.3 प्रतिशत बढ़कर।,55,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। पिछले बाजार सत्र में सोने की कीमत।,51,500 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। महावीर जयंती के अवसर पर मंगलवार को सर्राफा बाजार बंद रहे। बुधवार को भी सोने की कीमतों में बढ़ोतरी जारी रही। इस तेजी की मुख्य वजह पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के संकेत हैं। इससे आगे और तनाव बढ़ने या ऊर्जा बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचने का जोखिम कम होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि इस घटनाक्रम से तेल की कीमतें नरम रहने की उम्मीद है। इससे महंगाई को लेकर चिंता कम हुई है और केंद्रीय बैंकों द्वारा ब्याज दरों में और बढ़ोतरी की संभावना भी कम हो जाती है। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में, सोने की कीमत 57,350 रुपये, या लगभग 61 प्रतिशत बढ़कर।,55,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गईं, जबकि एक अप्रैल, 2025 को इसकी कीमत 94,150 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई थी। चांदी की कीमतों में भी।,34,500 रुपये की भारी उछाल देखने को मिली, जिससे घरेलू बाजारों में निवेशकों को 131 प्रतिशत से अधिक का लाभ मिला।

## घरेलू बाजार में यात्री वाहन बिक्री 47 लाख इकाई के नये शिखर पर

नयी दिल्ली। भारत में यात्री वाहनों (पीवी) की बिक्री वित्त वर्ष 2025-26 में 47 लाख इकाई के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई।

मारुति सुजुकी इंडिया, टाटा मोटर्स और महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसे वाहन निर्माताओं के शानदार प्रदर्शन और वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में जीएसटी 2.0 के प्रभाव ने बिक्री को रफ्तार देने में मुख्य भूमिका निभाई। हालांकि, वाहन उद्योग नए वित्त वर्ष में भी इस गति को बनाए रखने की उम्मीद कर रहा है, लेकिन पश्चिम एशिया में जारी युद्ध की स्थिति पर भी पैनी नजर रखी जा रही है। इसका उद्देश्य आपूर्ति श्रृंखला में आने वाले संभावित जोखिमों और कच्चे माल की बढ़ती कीमतों के कारण वाहनों के दाम बढ़ने से मांग पर पड़ने वाले असर को कम करना है। वित्त वर्ष 2025-26 दो हिस्सों में बंटा रहा। पहली छमाही चुनौतीपूर्ण थी, लेकिन सितंबर, 2025 में जीएसटी दरों में कटौती के बाद दूसरी छमाही में मांग में जबर्दस्त उछाल आया। इससे उद्योग को लगभग 47 लाख इकाइयों की बिक्री का आंकड़ा छूने में मदद मिली। वित्त वर्ष 2024-25 में यह आंकड़ा 43.4 लाख इकाई था। आयकर में छूट, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में कटौती और जीएसटी 2.0 ने बिक्री बढ़ाने में मदद की है।

## भारत में उद्यम पूंजी निवेश बढ़कर हुई 16 अरब डॉलर



नयी दिल्ली। निजी पूंजी बाजारों में व्यापक वैश्विक सुस्ती के विपरीत भारत में उद्यम पूंजी (वीसी) निवेश 2025 में बढ़कर लगभग 16 अरब डॉलर तक पहुंच गया। एक रिपोर्ट के अनुसार इसमें लगातार दूसरे साल वृद्धि हुई।

वैश्विक परामर्शदाता फर्म बेन एंड कंपनी और इंडियन वेंचर एंड अल्टरनेट कैपिटल एसोसिएशन (आईवीसीए) की एक रिपोर्ट में बताया गया कि कुल सौदों की गतिविधियों में सालाना आधार पर लगभग 18 प्रतिशत की तेजी आई है। विभिन्न चरणों में कुल लेनदेन की संख्या।,300 से अधिक रही। यह वृद्धि वैश्विक व्यापक आर्थिक प्रतिकूल स्थिति, भू-राजनीतिक तनाव और नकदी की सख्त स्थिति के बावजूद हुई। यह वृद्धि व्यापक स्तर पर रही, जिसे पांच करोड़ डॉलर से कम मूल्य के सौदों से बल मिला। बड़े लेनदेन की गति भी बढ़ी और 25 करोड़ डॉलर से अधिक के सौदों की संख्या चार से बढ़कर आठ हो गई। निवेशकों ने उन कंपनियों को प्राथमिकता देना जारी रखा जो मौद्रीकरण के स्पष्ट रास्ते दिखा रही हैं। यह बाजार के उस बदलाव को दर्शाता है, जहां अनियंत्रित विस्तार के बजाय व्यापार की गुणवत्ता को महत्व दिया जा रहा है। उपभोक्ता प्रौद्योगिकी वित्तपोषण में कुछ नरमी रही, हालांकि इसमें दीर्घकालिक मजबूती बनी हुई है और यह खंड 2023 से सालाना आधार पर लगभग 25 प्रतिशत बढ़ा है। सामान्य वस्तुओं के बजाय विशिष्ट उत्पाद श्रेणियों की त्वरित आपूर्ति पर आधारित खंड भी तेजी से उभरा है। 2023 के सुधार के बाद भारतीय उद्यम परिवेश वृद्धि की राह पर लौट आया है और इस बार इसमें परिपक्वता के स्पष्ट संकेत हैं। 2021 और 2022 के वित्तपोषण उछाल को छोड़कर, भारत अब तक के अपने उच्चतम स्तर को देख रहा है। इस साल वृद्धि अधिक संतुलित है। साथ ही आईपीओ आधारित नकदी में तेजी निवेशकों के भरोसे को मजबूत कर रही है।

## कच्चातेल का वायदा भाव 3 प्रतिशत टूटकर 9265 रुपये प्रति बैरल पर

नयी दिल्ली। वायदा कारोबार में बुधवार को कच्चे तेल की कीमतें 3 प्रतिशत से ज्यादा टूटकर 9,265 रुपये प्रति बैरल रह गईं, जहां इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि सेना दो से तीन हफ्तों में ईरान पर अपना हमला खत्म कर सकती है, जिसके बाद निवेशकों ने मुनाफ़ावसूली की। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में कच्चा तेल के अप्रैल माह में डिलिवरी होने वाला अनुबंध 302 रुपये या 3.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ 9,265 रुपये प्रति बैरल रह गया। इसी प्रकार, कच्चा तेल के मई माह में डिलिवरी होने वाला अनुबंध 320 रुपये या 3.56 प्रतिशत की गिरावट के साथ 8,661 रुपये प्रति बैरल रह गया। विश्लेषकों ने कहा कि सत्र के दौरान कच्चे तेल की कीमतों पर बिकवाली का दबाव रहा, क्योंकि कारोबार में सतर्कता का रुख था। बुधवार के सत्र में कच्चे तेल की कीमतों पर बिकवाली का दबाव रहा, क्योंकि पश्चिम एशिया में लगातार तनाव के बावजूद बाज़ार में सतर्कता का माहौल बन गया था। वैश्विक स्तर पर वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट कच्चा तेल के मई अनुबंध की कीमत 2.23 डॉलर या 2.2 प्रतिशत की गिरावट के साथ 99.15 डॉलर प्रति बैरल रह गया जबकि ब्रेंट क्रूड के जून डिलीवरी का दाम 1.59 प्रतिशत की गिरावट दर्शाता 102.32 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।

# अमेरिका ने दी डीटीएच के लिए घरेलू उपग्रहों को प्राथमिकता



वॉशिंगटन। अमेरिका ने डीटीएच (डायरेक्ट-टू-होम) टीवी सेवाओं के लिए घरेलू उपग्रहों को प्राथमिकता देने और स्थानीय स्तर पर इंटरनेट बंद करने की भारत की नीति को विदेशी व्यापार में बाधा करार दिया है।

अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) के कार्यालय की ओर से जारी 2026 राष्ट्रीय व्यापार अनुमान रिपोर्ट ऑन फॉरेन ट्रेड बैरियर्स में यह बात कही गई है। रिपोर्ट में कहा गया कि 2021 से अमेरिकी कंपनियों को सामग्री (कंटेंट) एवं उपयोगकर्ता खातों को हटाने के लिए बढ़ती संख्या में ऐसे अनुरोध मिले हैं, जो राजनीतिक रूप से प्रेरित प्रतीत होते हैं। इसमें कहा गया कि स्थानीय स्तर पर इंटरनेट बंद होने से सूचना एवं सेवाओं तक पहुंच सीमित होती है जिससे व्यावसायिक गतिविधियां प्रभावित होती हैं और डिजिटल सेवाओं से होने वाली आय बाधित होती है। रिपोर्ट के अनुसार, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय डीटीएच सेवाओं के लिए भारतीय उपग्रहों के उपयोग को प्राथमिकता देता है। इसमें कहा गया कि व्यवहार में डीटीएच लाइसेंसधारकों को विदेशी उपग्रह संचालकों से सीधे अनुबंध करने की अनुमति नहीं मिलती और ऐसा करने की कोशिश पर उन्हें प्रक्रियात्मक देरी का सामना करना पड़ता है। रिपोर्ट के मुताबिक डीटीएच कंपनियों को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की वाणिज्यिक इकाई एंट्रिक्स के माध्यम से उपग्रह क्षमता प्राप्त करनी होती है। एंट्रिक्स केवल तब विदेशी उपग्रह क्षमता की अनुमति देता है जब भारतीय उपग्रहों में पर्याप्त क्षमता उपलब्ध नहीं होती। यदि विदेशी उपग्रह क्षमता की अनुमति दी जाती है तो विदेशी संचालक को क्षमता इसरो को बेचनी होती है जिसके बाद इसरो उसे अतिरिक्त शुल्क के साथ अंतिम उपयोगकर्ता को उपलब्ध कराता है। रिपोर्ट में कहा गया कि अमेरिका...भारत को ओपन स्काई उपग्रह नीति अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता रहा है ताकि उपभोक्ताओं को अपनी व्यावसायिक जरूरतों के अनुसार उपग्रह सेवा प्रदाता चुनने की स्वतंत्रता मिल पाए एवं विदेशी कंपनियों को बाजार में अधिक पहुंच मिले। रिपोर्ट में दूरसंचार विभाग के नए सुरक्षा निर्देशों का भी उल्लेख किया गया है। इसके तहत उपग्रह संचार सेवा प्रदाताओं को रीयल-टाइम इंटरसेप्शन, सरकार द्वारा चिन्हित वेबसाइट तथा उपयोगकर्ताओं पर रोक लगाने, संवेदनशील क्षेत्रों में सेवा सीमित करने और भारतीय उपयोगकर्ताओं के सभी शुल्क तथा डीएनएस को भारत स्थित सुविधाओं के माध्यम से संचालित करने की क्षमता सुनिश्चित करनी होगी।

# बिजली की खपत मार्च में मामूली 1.8 प्रतिशत बढ़कर 150 अरब यूनिट पर



नयी दिल्ली। देश में बिजली की खपत मार्च में मामूली 1.8 प्रतिशत बढ़कर 149.56 अरब यूनिट रही। बेमौसम बारिश के कारण एयर कंडीशनर और कूलर के कम उपयोग से बिजली की खपत में वृद्धि कम हुई है। एक साल पहल इसी महीने में बिजली की खपत 146.92 अरब यूनिट थी। देश भर में रुक-रुक कर हो रही बारिश से तापमान कम बना हुआ है।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष मार्च में बिजली की अधिकतम मांग या आपूर्ति बढ़कर 238.37 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर।,000 मेगावाट) हो गई। एक साल पहले फरवरी, 2025 में यह 235.22 गीगावाट थी। मई, 2024 में अधिकतम बिजली मांग लगभग 250 गीगावाट के अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। इससे पहले, बिजली की अधिकतम मांग 243.27 गीगावाट सितंबर, 2023 में रही थी। पिछले साल गर्मी (अप्रैल 2025 से) के दौरान, जून में अधिकतम बिजली मांग 242.77 गीगावाट तक पहुंची थी, लेकिन यह सरकार के 277 गीगावाट के अनुमान से कम रही। विद्युत मंत्रालय ने इस वर्ष गर्मी के दौरान अधिकतम बिजली की मांग लगभग 270 गीगावाट रहने का अनुमान लगाया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, इस वर्ष मार्च में सामान्य से अधिक वर्षा हुई है। बारिश के कारण देश के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान में कमी आई है। बेमौसम बारिश के कारण तापमान कम होने से एयर कंडीशनर और कूलर जैसे उपकरणों का उपयोग कम रहा है। इससे देश के विभिन्न हिस्सों, विशेषकर उत्तर भारत में बिजली की मांग और खपत में कमी आई। विशेषज्ञों ने अप्रैल में भी बिजली की खपत और मांग में धीमी वृद्धि का अनुमान जताया है, क्योंकि अधिक बारिश के कारण गर्मी की शुरुआत में देरी होगी।

## पेज एक का शेष

### डिजिटल भुगतान

2026 तक इन निर्देशों का पालन सुनिश्चित करना है।

नए प्रावधानों के तहत बैंकिंग ऐप में स्क्रीनशॉट लेने और स्क्रीन रिकॉर्डिंग की सुविधा भी सुरक्षा कारणों से प्रतिबंधित कर दी गई है। यह कदम उपयोगकर्ता को किसी भी तरह की धोखाधड़ी से बचाने के मकसद से उठाया गया है।

### जनता ने

प्रेरणा से वर्ष 2017 में हमने स्ट्रीट लाइट व्यवस्था में व्यापक बदलाव किया। पहले हैलोजन की पीली लाइटें होती थीं, जो अधिक ऊर्जा खपत करती थीं, बदरंग दिखती थीं और कीड़े-मकोड़ों के कारण उनके नीचे खड़ा होना भी मुश्किल होता था। पिछली सरकारों के लिए यह व्यवस्था इसलिए सुविधाजनक थी, क्योंकि उन्हें बिजली देनी ही नहीं थी। जिनकी आदत डकैती डालना था, उनके लिए अंधेरा ठीक था। लेकिन हमारी सरकार ने तय किया कि बिना भेदभाव के 24 घंटे बिजली मिले और शहर की लाइटिंग भी एक समान, बेहतर और आधुनिक हो। इसी सोच के तहत पूरे शहर को एलईडी लाइटों से दूधिया रोशनी में बदलने का कार्य किया गया, ताकि हर नागरिक को सुरक्षित और बेहतर वातावरण मिल सके और अंधेरे की संस्कृति को समाप्त कर सभ्यता और विकास को आगे बढ़ाया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज आप उत्तर प्रदेश के किसी भी शहर में जाएं, एलईडी स्ट्रीट लाइटों की दूधिया रोशनी से पूरा शहर जगमगाता दिखाई देता है। नगर निगमों ने भी स्पाइरल लाइट लगाकर शहरों को और सुंदर बनाया है। रात में सड़कों पर सुरक्षित और आकर्षक वातावरण दिखता है। लखनऊ आने वाले लोग अब इसकी खूबसूरती की सराहना करते हैं। जहां पहले 2017 से पहले अंधेरा, असुरक्षा और सफाई की कमी महसूस होती थी, आज वही शहर रोशनी, स्वच्छता और व्यवस्थित विकास का उदाहरण बनकर सामने आया है। पिछले 9 वर्षों में लखनऊ ने स्वच्छता रैंकिंग के साथ-साथ हर क्षेत्र में विकास की नई ऊंचाइयां हासिल की हैं। शहर का दायरा बढ़ा है, लोगों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है, मेट्रो संचालन शुरू हुआ है और सड़कों के चौड़ीकरण, जल निकासी तथा बुनियादी सुविधाओं के विस्तार से कनेक्टिविटी मजबूत हुई है। आज लखनऊ डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग के एक उभरते हब के रूप में भी स्थापित हो चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश और केंद्र सरकार के संयुक्त प्रयासों से 17 नगर निगमों तथा नोएडा-ग्रेटर नोएडा को मिलाकर 18 नगर निकायों को सेफ सिटी के रूप में इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से जोड़ते हुए सीसीटीवी कवरेज दिया गया है और अब इन्हें सोलर सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है। सूर्यवंशी श्रीराम की पावन नगरी अयोध्या सोलर सिटी के रूप में विकसित हो गई है। लखनऊ में भी इसी प्रकार सोलर पैनल लगाकर कार्य आगे बढ़ाया जा रहा है।

### योगी ने

किसानों को तत्काल मुआवजा दिलाया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हर आपदा-विपदा में प्रदेशवासियों के साथ निरंतर खड़ी है। विगत दिनों हुई बारिश से भी किसानों की फसल प्रभावित हुई थी, इससे नुकसान होने वाली फसल का मुआवजा दिलाया जा रहा है। बुधवार को होने वाली बारिश के कारण भी फसल को जो नुकसान हुआ है, उसका भी जल्द से जल्द आकलन करा लिया जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों के हित में संवेदनशीलता के साथ कार्य करें और सुनिश्चित करें कि किसानों को कोई परेशानी न हो। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि फील्ड में रहकर वस्तुस्थिति का जायजा लें और प्रभावित क्षेत्रों में फसलों को हुए नुकसान का वास्तविक आकलन कराएं, जिससे किसानों को समय पर उचित सहायता मिल सके। मुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव (कृषि) व राहत आयुक्त से कहा कि फील्ड में कार्यरत अधिकारियों से सीधा संपर्क करें और समन्वय बनाएं। सभी सूचनाएं समय पर एकत्र कर शासन को उपलब्ध कराई जाए, जिससे राहत कार्य भी समय से हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि फसलों को हुई क्षति का आकलन प्राप्त होते ही मुआवजा वितरण की प्रक्रिया तत्काल शुरू की जाए। भुगतान व्यवस्था समयबद्ध ढंग से हो, ताकि मौसम की मार से प्रभावित किसानों को जल्द से जल्द राहत मिल सके।

### विमान ईंधन

मूल्य पर की गई बढ़ोतरी को बताता है। शर्मा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि एटीएफ कीमतों में संशोधन के मामले में संतुलित दृष्टिकोण अपनाया गया है, ताकि इसका प्रभाव न्यूनतम रहे। नागर विमानन मंत्रालय के संयुक्त सचिव असंगबा चूबा आओ ने कहा कि इस कदम से विमानन कंपनियों की घरेलू परिचालन लागत नियंत्रण में रहेगी और विमान टिकटों पर अतिरिक्त ईंधन अधिभार लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा कि एटीएफ कीमत में आंशिक बढ़ोतरी के बाद एयरलाइन कंपनियां अपनी कीमतों में समायोजन करेंगी और यह कदम संभावित पूरे विमानन उद्योग में संकट की स्थिति को टालने में मदद करेगा। विमान ईंधन की कीमतों में वृद्धि के पीछे के तर्क को स्पष्ट करते हुए पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जानकारी दी कि भारत में एटीएफ की कीमतें 2001 में नियंत्रण मुक्त कर दी गई थीं और अंतरराष्ट्रीय मानकों के एक सूत्र के आधार पर मासिक आधार पर संशोधित की जाती हैं। मंत्रालय ने कहा होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने और वैश्विक ऊर्जा बाजारों में असाधारण स्थिति के कारण, घरेलू बाजारों के लिए एटीएफ की कीमत में एक अप्रैल को 100 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि होने की उम्मीद थी। इसमें कहा गया अंतरराष्ट्रीय कीमतों में भारी वृद्धि से घरेलू यात्रा लागत को बचाने के लिए, पेट्रोलियम कंपनियों ने नागर विमानन मंत्रालय के परामर्श से विमान कंपनियों पर केवल आंशिक एवं चरणबद्ध तरीके से 25 प्रतिशत (केवल 15 रुपये प्रति लीटर) की वृद्धि लागू की है। विदेशी मार्गों पर उड़ान भरने वाले यात्रियों को एटीएफ की कीमतों में पूरी वृद्धि का भुगतान करना होगा, जो कि दुनिया के अन्य हिस्सों में भुगतान की जाने वाली कीमतों के अनुरूप है। नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने बुधवार को कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियों के घरेलू विमानन कंपनियों के लिए विमान ईंधन की कीमतों में आंशिक एवं चरणबद्ध बढ़ोतरी लागू करने का फैसला यात्रियों को हवाई किराये में तेज वृद्धि से बचाने में मदद करेगा।

मंत्री ने कहा यह सुनियोजित दृष्टिकोण यात्रियों को किराये में अचानक होने वाली वृद्धि से बचाने, घरेलू विमानन कंपनियों पर बोझ कम करने और इस महत्वपूर्ण समय में विमानन क्षेत्र की स्थिरता बनाए रखने में सहायक होगा। इससे माल की सुचारू आवाजाही सुनिश्चित करके और व्यापार एवं लॉजिस्टिक के लिए महत्वपूर्ण हवाई संपर्क बनाए रखने से अर्थव्यवस्था को व्यापक स्तर पर लाभ होगा। विमानन ईंधन की कीमतें 2001 से अधिक समय पहले नियंत्रण मुक्त कर दी गई थी और तब से इन्हें अंतरराष्ट्रीय मानक कीमतों के अनुरूप तय किया जाता है।

### विधवा महिला

ससुर से तभी यह मांग कर सकती है जब वह अपने मृतक पति की जायदाद, अपने स्वयं के माता पिता की जायदाद या अपने बच्चों और उनकी जायदाद से भरण पोषण करने में पूरी तरह असमर्थ हो। यदि ससुर के पास अपने कब्जे में मौजूद सहदायिक या पैतृक संपत्ति से भरण पोषण का भुगतान करने के साधन नहीं हैं विशेषकर ऐसी संपत्ति जिसमें बहू को पहले से हिस्सा नहीं मिला है तो भरण पोषण का दायित्व अप्रवर्तनीय हो जाता है। हिंदू दत्तक ग्रहण एवं भरण पोषण अधिनियम की धारा 21 (8) में व्यवस्था है कि ससुर की मृत्यु से पूर्व या बाद में विधवा हुई महिला, ससुर की जायदाद से भरण पोषण का दावा कर सकती है, बशर्ते उसका पुनर्विवाह ना हुआ हो।

### ईरान ने

वेबसाइट पर किया। ट्रंप ने ईरान के नये शासन के राष्ट्रपति शब्द का इस्तेमाल किया। हालांकि ईरान में राष्ट्रपति बदले नहीं हैं। ट्रंप ने यह भी कहा कि युद्धविराम तभी होगा जब होर्मुज जलडमरूमध्य खुला, सुरक्षित और बाधारहित होगा। उन्होंने लिखा, तब तक हम ईरान को पूरी तरह तबाह कर रहे हैं, या जैसा लोग कहते हैं, उसे वापस पाषाण युग में भेज रहे हैं। ट्रंप के इस पोस्ट पर ईरान की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आयी। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने मंगलवार देर रात अल जजीरा के साथ एक साक्षात्कार में लड़ाई जारी रखने की तेहरान की तत्परता का संकेत दिया था। उन्होंने कहा था आप ईरान की जनता से धमकियों और समयसीमा की भाषा में बात नहीं कर सकते। हम आत्मरक्षा के लिए कोई समयसीमा निर्धारित नहीं करते हैं।

### ईरान को

ने कहा कि देर-सवेर ईरानी शासन गिर जाएगा और इजराइल, तेहरान से उत्पन्न साझा खतरे के खिलाफ क्षेत्र के महत्वपूर्ण देशों के साथ नए गठबंधन बना रहा है।

### वोकल फॉर लोकल

ने इस अवसर पर कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता सीमांत क्षेत्रों का समग्र विकास है, जहां आज भी किसानों को अपनी उपज के विपणन के लिए कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इस समझौते के माध्यम से किसानों को एक स्थायी और भरोसेमंद खरीदार मिलेगा, जिससे उनकी आय में स्थिरता आएगी और वे बेहतर उत्पादन के लिए प्रेरित होंगे। इस व्यवस्था से एक ओर आईटीबीपी के जवानों को ताजी, पौष्टिक और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री मिलेगी, वहीं दूसरी ओर स्थानीय स्तर पर रोजगार और आय के नए अवसर भी सृजित होंगे। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलने के साथ-साथ पलायन की समस्या को कम करने में भी मदद मिल सकती है। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के अंतर्गत पहले से चल रहे प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। अब तक आईटीबीपी द्वारा लगभग 14 करोड़ 77 लाख रुपये के स्थानीय उत्पादों की खरीद की जा चुकी है, जो इस मॉडल की सफलता को दर्शाता है। यदि आईटीबीपी अपनी वार्षिक आवश्यकता का 25 प्रतिशत फल एवं सब्जियां स्थानीय स्तर से खरीदती है, तो इससे प्रदेश के किसानों को करीब 6 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आय प्राप्त हो सकती है।

### वैश्विक साइबर

आगे बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यह संस्थान एक वन-स्टॉप सेंटर के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहां क्वांटम कंप्यूटिंग जैसे अत्याधुनिक विषयों का भी समाधान मिलेगा। आज की तैयारी ही भविष्य के नेतृत्व को तय करेगी। डॉ. गोस्वामी ने यह भी कहा कि जटिल विषयों को समझने का तरीका ही उन्हें सरल बनाता है और यही संस्थान का उद्देश्य है। हम अपने छात्र-छात्राओं को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार कर रहे हैं। इस अवसर पर उप निदेशक जितेन्द्र श्रीवास्तव, चिरंजीव मुखर्जी, अतुल यादव, पीआरओ संतोष तिवारी, फेकल्टी डॉ. सपना शर्मा, डॉ. श्रुतिदास गुप्ता, डॉ. प्रीती, डॉ. कमलेश दुबे, डॉ. नेहा, डॉ. पोरवी सिंह, डॉ. स्नेहा, डॉ. स्नेहिल सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

### कोडीन युक्त

के मुताबिक इसी से जुड़े एक मामले में नशीले पदार्थों की तस्करी की वित्तीय जांच के तहत कानपुर में लगभग साढ़े पांच करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की गई और एक बैंक खाते से लेनदेन पर रोक लगा दी, जिसमें 37 लाख रुपये जमा हैं। पुलिस ने एक अन्य आरोपी विनोद अग्रवाल के खिलाफ भी कार्रवाई की थी। वह इस वक्त जेल में बंद है। यह पाया गया था कि उसने अवैध सिरप व्यापार से होने वाली कमाई के जरिए संपत्ति अर्जित की थी।




# लखनऊ ने दिल्ली को दिया142 रन का लक्ष्य

## नटराजन-एनगिडी को 3-3 विकेट व कुलदीप यादव को 2 विकेट मिले, शमी ने पहली गेंद पर राहुल को पवेलियन भेजा

एजेंसी

लखनऊ। आईपीएल के पांचवें मैच में लखनऊ सुपरजायंट्स ने दिल्ली कैपिटल्स को 142 रन का टारगेट दिया। इकाना स्टेडियम में डीसी ने बॉलिंग चुनी। होम टीम एलएसजी 18.4 ओवर में 141 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। अब्दुल समद ने 36 और मिचेल मार्श ने 35 रन बनाए। दिल्ली के लिए लुंगी एनगिडी और थंगारसु नटराजन ने 3-3 विकेट लिए। कुलदीप यादव को 2 विकेट मिले। अक्षर पटेल ने 1 विकेट लिया। लखनऊ से पहली बार ओपनिंग करने उतरे ऋषभ पंत 7 रन बनाकर रन आउट हो गए। 19वें ओवर में लुंगी एनगिडी ने 2 गेंद पर 2 विकेट झटक लिए। उन्होंने तीसरी गेंद पर एनरिक नॉर्त्या और चौथी गेंद पर मोहसिन खान को कैच कराया।

इसी के साथ लखनऊ 141 रन पर सिमट गई। शाहबाज अहमद 15 रन बनाकर नॉटआउट रह गए। थंगारसु नटराजन ने 18वें ओवर में 2 विकेट लिए। ओवर की तीसरी गेंद पर उन्होंने अब्दुल समद को डेविड मिलर के हाथों में कैच कराया। समद ने 36 रन बनाए। आखिरी गेंद पर उन्होंने मोहम्मद शमी को भी कैच करा दिया। नटराजन ने 4 ओवर में 29 रन देकर 3 विकेट लिए। 16 ओवर के बाद लखनऊ ने 6 विकेट के नुकसान पर 127 रन बना लिए। कुलदीप ने 2 विकेट लेकर अपना स्पेल खत्म किया। उन्होंने अपने आखिरी ओवर में 6 रन दिए। 14वें ओवर लखनऊ ने छठा विकेट गंवा दिया। ओवर की पहली बॉल कुलदीप यादव ने गुड लेंथ पर फेंकी। मुकुल चौधरी डिफेंड करने गए, लेकिन कुलदीप को ही कैच दे बैठे। मुकुल ने डेब्यू मैच में 14 रन बनाए। कुलदीप ने मिचेल मार्श को भी पवेलियन भेजा था। 10वें ओवर में लखनऊ सुपरजायंट्स ने पांचवां विकेट भी गंवा दिया। ओवर की तीसरी बॉल कुलदीप यादव ने ऑफ स्टंप के बाहर गुड लेंथ पर फेंकी। मिचेल मार्श लॉन्ग ऑफ पर कैच हो गए। उन्होंने 35 रन बनाए। 9वें ओवर में लुंगी एनगिडी ने निकोलस पूरन को बोल्ड कर दिया। ओवर की पांचवीं बॉल एनगिडी ने फुलर लेंथ स्लोअर फेंकी। पूरन बोल्ड हो गए, वे 8 रन ही बना सके। 7वें ओवर में लखनऊ ने तीसरा विकेट गंवा दिया। ओवर की तीसरी बॉल थंगारसु नटराजन ने गुड लेंथ पर ऑफ कटर फेंकी। आयुष बडोनी ड्राइव करने गए, लेकिन कॉट बिहाइंड हो गए। वे खाता भी नहीं खोल सके। इसी ओवर में टीम ने फिफ्टी भी पूरी कर ली। पावरप्ले के आखिरी ओवर में दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल ने एडेन मार्करम को बोल्ड कर दिया।



अक्षर ने ओवर की आखिरी गेंद गुड लेंथ पर अंडरकट फेंकी। मार्करम कट शॉट खेलने गए, लेकिन बोल्ड हो गए। उन्होंने 8 गेंद पर 11 रन बनाए। पावरप्ले में टीम ने 2 विकेट खोकर 48 रन बनाए। लखनऊ ने तीसरे ओवर में पहला विकेट गंवा दिया। ओपनिंग करने उतरे कप्तान ऋषभ पंत नॉन स्ट्राइकर एंड पर रन आउट हो गए। मुकेश कुमार ने ओवर की आखिरी गेंद फुलर लेंथ फेंकी। मिचेल मार्श ने स्ट्रेट ड्राइव शॉट खेला, लेकिन गेंद मुकेश के हाथ से लगकर स्टंप्स से टकरा गई। स्टंप्स बिखरने के दौरान पंत क्रीज से बाहर थे। इसलिए, उन्हें 7 रन के स्कोर पर पवेलियन लौटना पड़ा। लखनऊ सुपरजायंट्स ने चौंकाने वाला फैसला किया और कप्तान ऋषभ पंत को ओपनिंग करने भेज दिया। वे आमतौर पर 3 या 4 नंबर पर बैटिंग करते हैं। उनके साथ मिचेल मार्श मौजूद रहे। दोनों ने मुकेश कुमार के खिलाफ पहले ओवर में 6 रन बटोरे।

पंत ने चौका लगाकर अपना खाता खोला। वहीं दूसरी ओर जबलपुर रॉयल लायंस ने एमपीएल टी20 क्रिकेट लीग के आगामी सत्र के लिये खिलाड़ियों की नीलामी प्रक्रिया पूरी कर ली है और पिछले सत्र के उपकप्तान राहुल बाथम को तीन लाख रूपये में बरकरार रखा गया है। तेज गेंदबाज हरफनमौला बाथम भारत की अंडर 19 टीम का भी हिस्सा रह चुके हैं जब राहुल द्रविड़ कोच थे। पुनीत दाते के लिये सभी टीम के बीच होड़ देखी गई जिसे आखिर में जबलपुर टीम ने दस लाख रूपये में खरीदा।

फ्रेंचाइजी द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार इंदौर और जबलपुर में आयोजित किये गए ट्रायल से दो और खिलाड़ियों को नीलामी में शामिल किया जायेगा। टीम के मालिक आयुष लालवानी ने कहा हमने इस साल एक निडर टीम बनाने का लक्ष्य रखा था और जो संतुलन हमने हासिल किया है, हमें खिताब जीतने का पूरा यकीन है। वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने यहां एक टीम होटल में सुरक्षा प्रोटोकॉल का उल्लंघन होने के बाद पाकिस्तान सुपर लीग की सभी टीम को ताजा दिशा निर्देश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि आइंदा किसी तरह का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। लाहौर कलंदर्स के लिये खेल रहे जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि वह अपने परिजनों से टीम होटल में मिलने की अनुमति देने के लिये पीसीबी के शुक्रगुजार है। इसके बाद पीसीबी ने सभी आठ टीमों और अन्य अधिकारियों को ईमेल भेजा। पीसीबी ने ईमेल में कहा कि कोई भी खिलाड़ी या अधिकारी कम से कम 24 घंटे पहले बोर्ड से अनुमति लिये बिना टीम होटल में किसी परिजन से नहीं मिल सकता।

# सनराइजर्स हैदराबाद पर केकेआर के स्पिनरों को दिखाना होगा दम

कोलकाता। अपने पहले मैच में हार का सामना करने वाली कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) और सनराइजर्स हैदराबाद की टीमें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के गुरुवार को यहां होने वाले मैच में अपना अभियान पटरी पर लाने की कोशिश करेंगी। इन दोनों टीम की बल्लेबाजी काफी मजबूत है और ऐसे में गेंदबाजी में अच्छा प्रदर्शन निर्णायक साबित हो सकता है। केकेआर की टीम अपने स्पिनरों की फॉर्म में वापसी को लेकर उत्सुक होगा जबकि सनराइजर्स को भी अपने गेंदबाजी विभाग में काफी सुधार करना होगा। यह मुकाबला तीन बार के चैंपियन केकेआर के लिए घरेलू मैदान पर होने वाले महत्वपूर्ण दौर की शुरुआत भी है, जिसे आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए यहां सात दिन में तीन मैच और फिर 19 अप्रैल को एक और मैच खेलना है। विधानसभा चुनाव के कारण कोलकाता में लगभग एक महीने तक कोई मैच नहीं खेला जाएगा।

केकेआर को इसके बाद चार मैच दूसरी टीमों के घरेलू मैदान पर खेलने हैं। उसका अपने घरेलू मैदान पर अगला मैच 16 मई को होगा और ऐसे में उसकी टीम इस चरण में लय हासिल करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी। ईडन गार्डन्स केकेआर का गढ़ रहा है, जिसने 2008 से यहां खेले गए 95 मैचों में से 54 मैच जीते हैं। कुछ प्रमुख गेंदबाजों के चोटिल होने के कारण बाहर हो जाने से केकेआर का गेंदबाजी आक्रमण कमजोर हुआ है। हर्षित राणा और आकाश दीप बाहर हो चुके हैं जबकि मथीशा पथिराना को अभी श्रीलंका क्रिकेट से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मिलना बाकी है। इसके अलावा 25.20 करोड़ रुपये में खरीदे गए कैमरन ग्रीन फिलहाल केवल बल्लेबाज के रूप में उपलब्ध हैं।





केकेआर के गेंदबाजी आक्रमण की कमजोरी मुंबई इंडियंस के खिलाफ पहले मैच में स्पष्ट तौर पर नजर आई जहां उसकी टीम 220 रन का बचाव नहीं कर सकी थी। रोहित शर्मा और रयान रिकेल्टन ने केवल 72 गेंद पर 148 रन की साझेदारी की। इस मैच में केकेआर के मुख्य स्पिनरों सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती को संघर्ष करना पड़ा था जो उनकी टीम के लिए चिंता का विषय होगा। ग्रीन ने पहले मैच में 10 गेंद पर 18 रन बनाए। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजी प्रबंधन के निर्देशों के कारण उन्होंने गेंदबाजी नहीं की। ग्रीन के गेंदबाजी नहीं करने के कारण केकेआर उनकी जगह पर वेस्टइंडीज के रोवमैन पॉवेल को अंतिम एकादश में शामिल करने के बारे में सोच सकता है। पॉवेल ने टी20 विश्व कप में 147.52 के स्ट्राइक रेट से 149 रन बनाए।

उन्होंने भारत के खिलाफ इसी मैदान पर सुपर आठ के मैच में 19 गेंदों पर नाबाद 34 रन बनाए थे। केकेआर इस मैच के लिए टर्निंग विकेट तैयार करने के बारे में सोच रहा है लेकिन तब भी 200 का स्कोर औसत माना जाएगा। केकेआर का कप्तान अजिंक्य रहाणे की अच्छी शुरुआत से हौसला बढ़ा होगा लेकिन उनका बीच के ओवरों में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाना चिंता का विषय होगा। मुंबई इंडियंस के खिलाफ रहाणे ने पावर प्ले में 18 गेंदों में 36 रन बनाए, लेकिन उसके बाद अगली 22 गेंदों में केवल 31 रन ही बना सके। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है क्योंकि 2023 से ही रहाणे पावर प्ले में अच्छा प्रदर्शन करते रहे हैं लेकिन इसके बाद उनका स्ट्राइक रेट तेजी से गिर जाता है। सनराइजर्स भी इसी तरह की स्थिति में हैं, क्योंकि उसने अपने अभियान की शुरुआत मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से हार के साथ की थी।

## संक्षेप

### विश्वनाथ, सचिन एशियाई मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल में

उलानबटोर (मंगोलिया)। भारतीय मुक्केबाजों ने एशियाई चैम्पियनशिप के तीसरे दिन अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा जब विश्व कप पदक विजेता सचिन सिवाच और विश्वनाथ सुरेश क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। सचिन ने मंगोलिया के बुयांदालाइ बायारखू को 60 किलोवर्ग में 4-1 से हराया। अब उनका सामना चीनी ताइपै के चेंग वेइ ली से होगा। वहीं विश्वनाथ ने किर्गीस्तान के बेकजात एरजेशोव को 5 -0 से मात दी। अब वह मौजूदा विश्व चैम्पियन कजाखस्तान के संजार ताशकेन्बे से खेलेंगे।

### खेल वर्णमाला की 21 भाषाओं की पुस्तिकाओं का विमोचन

नयी दिल्ली। खेल साक्षरता को बढ़ावा देने और बच्चों को खेलों से जोड़ने के उद्देश्य से 21 भाषाओं में तैयार की गई खेल वर्णमाला पुस्तिकाओं का मंगलवार को यहां विमोचन किया गया। इस पुस्तक को स्पोर्ट्सः ए वे ऑफ लाइफ के अध्यक्ष और पिछले लंबे समय से खेलों पर शोध कर रहे डॉ कनिष्क पांडे ने तैयार किया है। उन्होंने कहा कि यह पुस्तिकाएं बच्चों को खेलों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। पांडे ने कहा, जिस तरह से वर्णमाला सिखाना बच्चे की शिक्षा में दिलचस्पी पैदा करने की दिशा में पहला कदम होता है उसी तरह से खेल वर्णमाला बच्चों में खेलों के प्रति दिलचस्पी पैदा करने की दिशा में पहला कदम बन सकता है। उन्होंने कहा, इन पुस्तिकाओं से बच्चों को दोहरा लाभ मिल सकता है। इससे जहां वह शब्द और पढ़ना सीखेंगे वही उनका खेलों के साथ जुड़ाव भी पैदा होगा। यह पुस्तिकाएं हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, संस्कृत, मराठी, बांग्ला, खासी, भोजपुरी, बुंदेली, राजस्थानी, कुमाऊंनी, गढ़वाली, कश्मीरी, पंजाबी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़, उड़िया, मलयालम, गुजराती के साथ-साथ दो विदेशी भाषाओं अरबी और नेपाली में तैयार की गई हैं। यह कार्यक्रम राजस्थान के पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित किया गया, जिसमें अर्जुन पुरस्कार विजेता अशोक कुमार के अलावा इस संगठन के उपाध्यक्ष मिलिंद पांडे भी उपस्थित थे।

# यशोधरा राजे सिंधिया ईएफआई का संचालन करने वाले आईओए तदर्थ समिति का करेंगी नेतृत्व

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) के कामकाज को चलाने के लिए चार सदस्यीय तदर्थ समिति का गठन किया है। यह फैसला दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देशों पर किया गया है। आईओए के 27 मार्च के कार्यालय आदेश के अनुसार तदर्थ समिति की अध्यक्षता यशोदरा राजे सिंधिया करेंगी, जबकि अंतरराष्ट्रीय घुड़सवारी महसंघ (एफईआई) के निदेशक (शासन) फ्रांसिस्को लीमा, अधिवक्ता विदुषपत सिंघानिया और कर्नल अशोक यादव इसके सदस्य होंगे। आईओए ने कहा कि ईएफआई का संचालन करने और स्वतंत्र रूप से चुनाव कराकर कार्यकारिणी गठित करने के लिए तत्काल प्रभाव से समिति का गठन किया गया है।

यह कदम दिल्ली उच्च न्यायालय के 18 फरवरी के फैसले के बाद उठाया गया है, जिसमें अदालत ने आईओए को एक तदर्थ समिति गठित करने का निर्देश दिया था, क्योंकि ईएफआई की कार्यकारी समिति का कार्यकाल सितंबर 2023 में समाप्त हो गया था। तब से ईएफआई में चुनाव लंबित हैं, जिसके कारण न्यायिक हस्तक्षेप की नौबत आई। इससे पहले अदालत ने पेरिस 2024 ओलंपिक में खिलाड़ियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए एक अस्थायी व्यवस्था के रूप में पूर्व की कार्यकारी समिति को बहाल करने की अनुमति दी थी।

अदालत ने इसके साथ स्थायी समाधान निकाले जाने की बात भी कही थी। आईओए के आदेश के अनुसार, तदर्थ समिति कार्यवाहक निकाय के रूप में कार्य करेगी, जिसके पास ईएफआई के खातों के संचालन, प्रतियोगिताओं के आयोजन और चयन प्रक्रियाओं की देखरेख सहित पूर्ण प्रशासनिक, वित्तीय और नियामक नियंत्रण होगा। समिति को ईएफआई के संविधान को राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम, 2025 और 2026 के नियमों के अनुरूप तैयार करने, सदस्यता संरचना का पुनर्गठन करने और स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराने का भी कार्य सौंपा गया है।

# एशियाई कप : भारत ने हांगकांग को 2-1 से हराया

एजेंसी

कोच्चि। अपने पदार्पण मैच में गोल करने के बाद बेहद उत्साहित ऑस्ट्रेलिया में जन्मे भारतीय स्ट्राइकर रयान विलियम्स ने कहा कि भारत की तरफ से खेलना उनका सपना था और उन्होंने मैच से पहले उस पल (गोल करने) को अपने दिमाग में इतनी बार दोहराया था कि जब वह वास्तव में हुआ, तो उन्हें थोड़ा धुंधला सा महसूस हुआ। विलियम्स ने भारत के लिए अपने पहले ही मैच में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने मंगलवार को यहां चौथे मिनट में ही गोल करके भारत को एशियाई कप क्वालीफाइंग राउंड के मैच में हांगकांग पर 2-1 से जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विलियम्स ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में कहा, मैं लंबे समय से इसका सपना देख रहा था और इसे साकार करने के लिए मैंने बहुत मेहनत की है। आप कल्पना भी नहीं कर सकते कि फुटबॉल के गढ़ रहे केरल में खेलते हुए आप पांच मिनट के अंदर गोल करके जीत में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा, अचानक सब कुछ धुंधला सा हो गया। मुझे लगता है कि मैं फिसल गया और फिर मैंने दौड़ लगाई।



मुझे समझ नहीं आया कि क्या करूं। क्योंकि मैंने मन ही मन उस गोल को करने का कई बार करने का सपना देखा था और फिर जब वह हुआ तो यह बहुत खास था। तब मैं भावनाओं से भर गया था। आकाश मिश्रा ने 50वें मिनट में भारत के लिए दूसरा गोल किया, जो उनका पहला अंतरराष्ट्रीय गोल भी था, जिससे खालिद जमील की कोचिंग वाली टीम ने क्वालीफायर के तीसरे दौर में अपनी पहली जीत दर्ज की।

### पोंटिंग ने आक्रामक खेलने को कहा : कोनोली

मुल्लांपुर। गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच के जरिये आईपीएल में पदार्पण करने वाले पंजाब किंग्स के बल्लेबाज कूपर कोनोली ने कहा कि मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने उन्हें आक्रामक खेलने की सलाह दी थी जबकि वह कप्तान श्रेयस अय्यर से भी सीखने को बेताब हैं। कोनोली ने 44 गेंद में नाबाद 72 रन बनाकर पंजाब को जीत दिलाई। कोनोली ने जियोस्टार से कहा मैं सुबह उठा तो नर्वस था जिससे मुझे खुशी भी हुई। मुझे अपनी ओर से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का इंतजार था। उन्होंने कहा रिकी पोंटिंग ने मुझसे शांतचित्त होकर खेलने को कहा। उन्होंने मुझसे आक्रामक बल्लेबाजी के लिये कहा। यह शानदार टीम प्रयास था।

# सौरव गांगुली पर फिल्म की शूटिंग शुरू, राजकुमार राव बनेंगे दादा

नयी दिल्ली। भारत के महान क्रिकेटर सौरव गांगुली के जीवन पर बन रही फिल्म दादा की शूटिंग शुरू हो गई है और अभिनेता राजकुमार राव इसमें दादा के किरदार में नजर आयेंगे। निर्माताओं ने बुधवार को इंस्टाग्राम पर इसकी घोषणा की। उड़ान और लुटेरा फेम विक्रमादित्य मोटवानी इस फिल्म का निर्देशन करेंगे जबकि लव फिल्म्स के लव रंजन और अंकुर गर्ग निर्माता हैं। लव फिल्म्स ने लिखा, लाइट, कैमरा, क्रिकेट। दादा फिल्म की शूटिंग शुरू। मोटवानी ने भी कोलकाता के ईडन गार्डंस पर सौरव गांगुली स्टैंड की तस्वीर के साथ यह खबर साझा की। भारत के लिये 1992 से 2008 के बीच खेलने वाले गांगुली ने टेस्ट और वनडे में 38 शतक समेत 18575 रन बनाये हैं।

गांगुली ने जुलाई 2025 में पीटीआई को दिये गए इंटरव्यू में कहा कि उन पर बनने वाली फिल्म में उनके किरदार के लिये राव सही पसंद होंगे। उड़ान और लुटेरा फेम विक्रमादित्य मोटवानी इस फिल्म का निर्देशन करेंगे जबकि लव फिल्म्स के लव रंजन और अंकुर गर्ग निर्माता हैं। लव फिल्म्स ने लिखा, लाइट, कैमरा, क्रिकेट। दादा फिल्म की शूटिंग शुरू।

# टी20 : जिम्बाब्वे का दौरा करेगा भारत




एजेंसी

मुंबई। विश्व चैंपियन भारत इस साल जुलाई में तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलने के लिए जिम्बाब्वे का दौरा करेगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने बुधवार को एक बयान में बताया कि भारतीय पुरुष टीम 23, 25 और 26 जुलाई को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में जिम्बाब्वे की टीम के खिलाफ तीन मैच खेलेगी। यह भारत और जिम्बाब्वे के बीच 2026-27 सत्र के लिए निर्धारित की गई दो द्विपक्षीय श्रृंखलाओं में से पहली श्रृंखला होगी। जिम्बाब्वे अगले साल के शुरू में तीन वनडे मैच की श्रृंखला के लिए भारत का दौरा करेगा। यह मैच तीन, छह और नौ जनवरी को क्रमशः कोलकाता, हैदराबाद और मुंबई में खेले जाएंगे। भारत ने पिछले महीने अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर लगातार दूसरी बार टी20 विश्व कप जीता था। इससे पहले भारत 2024 और 2007 में भी टी20 विश्व कप जीत चुका है।

भारत ने आखिरी बार 2024 में जिम्बाब्वे का दौरा किया था, जहां उसने पांच मैचों की टी20 श्रृंखला 4-1 से जीती थी। वहीं दूसरी ओर पंजाब किंग्स के स्पिनर युजवेंद्र चहल ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपने पदार्पण मैच में ही नाबाद अर्धशतक लगाने वाले कूपर कॉनली की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि ऑस्ट्रेलिया का यह युवा बल्लेबाज इस सत्र की खोज होगा। कॉनली अभी 22 वर्ष के हैं। उन्होंने नाबाद 72 रन बनाकर पंजाब किंग्स को मंगलवार को यहां अपने पहले मैच में गुजरात टाइटन्स पर तीन विकेट से रोमांचक जीत दिलाई। चहल ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, वह अभी केवल 22 साल का है, लेकिन उसमें जीत की प्रबल इच्छा है। नंबर तीन पर बल्लेबाजी करते हुए अपने पहले ही मैच में उसने जिस तरह का प्रदर्शन किया और मैच जिताने वाली पारी खेली, उससे पता चलता है कि वह मानसिक रूप से कितना परिपक्व है।

### कोनोली के शॉट्स शानदार थे : अय्यर

मुल्लांपुर। पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने मंगलवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के रोमांचक टी20 मैच में गुजरात टाइंटस को हराने के बाद कूपर कोनाली की बल्लेबाजी की प्रशंसा की जो अंत तक टिककर टीम को जीत तक ले गए। कोनोली की 44 गेंद में नाबाद 72 रन की पारी की मदद से पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस को तीन विकेट से शिकस्त दी। अय्यर इस दौरान कोनोली के शॉट से चोटिल भी हुए थे। उन्होंने मैच के बाद कहा, हाथ अब अच्छी स्थिति में है। मैं सकारात्मक रहना चाहता हूं। उन्होंने कोनोली की बल्लेबाजी की तारीफ करते हुए कहा, कोनोली ने कुछ ऐसे शॉट्स खेले जो देखने लायक थे, राशिद (खान) को जो उन्होंने बैकफुट पर खेला वो अविश्वसनीय था। अय्यर ने कहा, मैं हाथ पर बर्फ लगा रहा था और अचानक हमने विकेट गंवाना शुरू कर दिया था। संदेश यही था कि मैच को अंत तक ले जाना है। कूपर को मैंने पहले भी प्रदर्शन करते देखा है और हमें उम्मीद है कि वह इस प्रदर्शन को जारी रखेंगे।

# अभिषेक, ईशान टी20 रैंकिंग में शीर्ष दो स्थानों पर

एजेंसी

दुबई। भारत के आक्रामक बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और ईशान किशन आईसीसी टी20 खिलाड़ियों की बुधवार को जारी रैंकिंग में शीर्ष दो स्थानों पर बने हुए हैं। अभिषेक 875 अंक के साथ शीर्ष पर हैं जबकि ईशान के 871 अंक हैं। तिलक वर्मा छठे और भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव सातवें स्थान पर हैं।

इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर आठवें और न्यूजीलैंड के टिम सीफर्ट नौवे स्थान पर हैं। दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज कोनोर एस्टरहुइजेन ने जबर्दस्त छलांग लगाई है और पहले वह शीर्ष सौ से बाहर थे लेकिन अब 39वें स्थान पर हैं।



गेंदबाजों में अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान शीर्ष पर हैं जबकि भारतीय स्पिनर वरूण चक्रवर्ती दूसरे और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पांचवें स्थान पर हैं। हरफनमौलाओं की सूची में जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा शीर्ष पर हैं जबकि हार्दिक पंड्या दूसरे स्थान पर हैं। वहीं दूसरी ओर भारत के पूर्व बल्लेबाज आकाश चोपड़ा का मानना है कि गुजरात टाइटन्स कप्तान शुभमन गिल, जोस बटलर और साई सुदर्शन सहित शीर्ष तीन बल्लेबाजों पर बहुत अधिक निर्भर है जिसके कारण टीम परेशानी में पड़ सकती है। पिछले कुछ सत्र में गुजरात टाइटन्स अपने शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर बहुत अधिक निर्भर रहा है और यह सिलसिला मंगलवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ आईपीएल के इस सत्र के उसके पहले मैच में भी जारी रहा। इस मैच में गुजरात के मध्य क्रम की कमजोरी एक बार फिर उजागर हो गई।




चोपड़ा ने जियोस्टार पर कहा, गुजरात टाइटन्स के लिए शीर्ष तीन बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा क्योंकि वे खुद को कोई दूसरा उपाय खोजने का मौका नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा, कई लोग शायद इस बात पर यकीन न करें लेकिन ग्लेन फिलिप्स के 25 रन वास्तव में आईपीएल में उनका अब तक का सर्वोच्च स्कोर है। उनसे और अधिक निरंतरता की उम्मीद की जाती है। वाशिंगटन सुंदर को भी तेजी से रन बनाने की जरूरत है। चोपड़ा ने टीम के चयन और बल्लेबाजी क्रम पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा, उन्होंने शाहरुख खान को टीम में बनाए रखा है, लेकिन मुझे लगता है कि कुमार कुशाग्र भी चयन के हकदार थे। गुजरात को अपने चौथे, पांचवें और छठे नंबर के बल्लेबाजों पर फिर से विचार करने की जरूरत है।

चोपड़ा ने गिल की कप्तानी की भी आलोचना की। उन्होंने कहा, उनकी रणनीति समझ से परे है। जब मैच लगभग खत्म हो चुका था तब भी मोहम्मद सिराज के दो ओवर बचे थे और प्रसिद्ध कृष्णा को काफी देर से गेंदबाजी के लिए लाया गया। कुल मिलाकर शुभमन गिल की कप्तानी में कुछ कमियां नजर आईं।

# कांग्रेस खुलकर घुसपैठियों का समर्थन करती है

## सत्ता में आई तो वह असम में घुसपैठियों की रक्षा के लिए कानून लायेगी: मोदी

असम। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को आरोप लगाया कि अगर कांग्रेस असम में सत्ता में आई तो वह घुसपैठियों की रक्षा के लिए कानून लाएगी, लेकिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उसके सहयोगी ऐसा होने नहीं देंगे।



मोदी ने धेमाजी जिले के गोगामुख में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस का लक्ष्य बहुसंख्यक समुदाय को अल्पसंख्यक में बदलना और घुसपैठियों का एक स्थायी वोट बैंक बनाना है। उन्होंने कहा कि 2014 में भाजपा के सत्ता में आने से पहले कांग्रेस ने केंद्र में नया कानून लाने की कोशिश की थी, लेकिन राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने उसका विरोध किया था। मोदी ने कहा, कांग्रेस नेता खुलकर घुसपैठियों का समर्थन कर रहे हैं। वे खुलेआम कह रहे हैं कि वे घुसपैठियों की रक्षा के लिए असम में नया कानून ले आएंगे। उन्होंने कांग्रेस पर देश को उसी तरह बांटने का आरोप लगाया, जैसा विभाजन के दौरान मुस्लिम लीग ने किया था। प्रधानमंत्री ने कहा, कांग्रेस ने बाबा साहेब आंबेडकर द्वारा तैयार किए गए संविधान को भी आघात पहुंचाया है। उन्होंने कहा, कांग्रेस के लिए दो परिवार हैं-एक दिल्ली में और दूसरा असम में तथा उनकी प्राथमिकता लोगों का हित नहीं, बल्कि अपने परिवारों का हित है। मोदी का इशारा गांधी परिवार और कांग्रेस की असम इकाई के अध्यक्ष गौरव गोगोई के परिवार की ओर था। बिस्वनाथ जिले के बेहाली में एक अन्य रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने असम के संसाधनों के साथ न्याय नहीं किया, जबकि भाजपा राज्य की विविध संपदा का इस्तेमाल उसके विकास के लिए कर रही है। उन्होंने कांग्रेस पर विकास-विरोधी और भ्रष्टाचार की जननी होने का आरोप लगाया। मोदी ने कहा, कांग्रेस ने असम की आत्मा, शान, पहचान और सुरक्षा के साथ समझौता किया है। प्रधानमंत्री ने विपक्षी पार्टी पर आरोप लगाया कि वह घुसपैठियों को राज्य के विभिन्न जिलों में सत्रों, नामघरों और मंदिरों की जमीनों पर बसने के लिए उकसा रही है, ताकि एक वोट बैंक बनाया जा सके। उन्होंने कहा, भाजपा ने इस सिलसिले में कार्रवाई की है और कब्जा की गई जमीन को अवैध प्रवासियों के चंगुल से मुक्त करा रही है। मोदी ने कहा, कांग्रेस का भ्रष्टाचार कई क्षेत्रों में फैल गया, जिसके कारण वन भूमि और अभयारण्यों पर अतिक्रमण हुआ तथा एक सींग वाले गैंडे का अस्तित्व संकट में आ गया। लेकिन भाजपा की 'डबल-इंजन सरकार' ने कड़ी कार्रवाई की और स्थिति को पूरी तरह से बदल दिया। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर चाय बागान के मजदूरों को मकान बनाने के लिए भूमि अधिकार न देने का भी आरोप लगाया।

उन्होंने दावा किया, असम में चाय उद्योग 200 साल पुराना है। कांग्रेस 60 सालों से भी ज्यादा समय तक सत्ता में रही। पार्टी ने चाय बागान के मजदूरों को उनके बुनियादी अधिकारों के लिए संघर्ष करने पर मजबूर किया, लेकिन भाजपा इस गलती को सुधार रही है। मोदी ने कहा कि भाजपा ने चाय बागान के श्रमिकों को भूमि अधिकार देना शुरू कर दिया है, जो कांग्रेस 60 वर्षों में नहीं दे पाई। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा असम में फिर से सत्ता में आई तो वह राज्य की पहचान की रक्षा के लिए समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करेगी और छठी अनुसूची के तहत जनजातीय समुदायों की सुरक्षा करेगी। मोदी ने दावा किया, भाजपा के 10 साल के शासन ने असम में सेवा और सुशासन के नये दौर की शुरुआत की है।

# शिवकुमार स्वामी जैसे संत समाज की आत्मा को आकार देते हैं : मुर्मू



कर्नाटक। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि शिवकुमार स्वामी जैसे संत समाज एवं राष्ट्र की आत्मा को आकार देते हैं तथा उनकी आध्यात्मिक विरासत उनके देहावसान के बाद भी देश का पोषण करती रहती है।

अपने अनुयायियों के बीच त्रिविध दासोही (भोजन, आश्रय और शिक्षा) के लिए प्रसिद्ध शिवकुमार स्वामी सिद्धगंगा मठ के पीठाधीश्वर थे। उनका 21 जनवरी 2019 को 111 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। राष्ट्रपति ने कहा कि परिश्रम, लोकसेवा और राष्ट्रसेवा परस्पर जुड़े हुए हैं तथा आध्यात्मिकता इन दोनों के लिए एक मजबूत और स्थायी आधार प्रदान करती है। यहां श्री सिद्धगंगा मठ में संत की 119वीं जयंती और गुरुवंदना समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा, मेरा मानना है कि श्री शिवकुमार स्वामीजी जैसे संत हमारे समाज और राष्ट्र की आत्मा को आकार देते हैं। उनका भौतिक शरीर वर्ष 2019 में पंचतत्व में विलीन हो गया, लेकिन उनकी विरासत आज भी समाज और देश का पोषण कर रही है। मुर्मु ने कहा कि गरीबों और वंचितों की सेवा को समर्पित संत का जीवन कल्याणकारी गतिविधियों के माध्यम से आध्यात्मिकता की अभिव्यक्ति का एक अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने अपनी आध्यात्मिक साधना के माध्यम से कई वर्षों तक मानवता को समृद्ध किया। गरीबों और वंचितों की सेवा को समर्पित उनका जीवन कल्याणकारी कार्यों के जरिए आध्यात्मिकता की अभिव्यक्ति एक अनूठा उदाहरण है। कहा जाता है कि इस मठ के माध्यम से बड़ी संख्या में ग्रामीण बच्चों के लिए निःशुल्क भोजन, आवास और शिक्षा की व्यवस्था की जाती है, जो अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने शिक्षा को विकास की कुंजी बताते हुए कहा कि वंचित और गरीब बच्चों को शिक्षा प्रदान करना देश का भविष्य निर्माण करना और राष्ट्र के विकास को आगे बढ़ाना है।

## संक्षेप

### गेहूं खरीद में देरी पर किसान संगठनों ने आक्रोश जताया

इंदौर। मध्यप्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर गेहूं की सरकारी खरीद में देरी को लेकर किसान संगठनों ने बुधवार को गहरी नाराजगी जताते हुए राज्य सरकार पर व्यवस्थाओं में लापरवाही का आरोप लगाया। संगठनों ने चेतावनी दी कि यदि व्यवस्थाओं में जल्द सुधार नहीं किया गया, तो वे आंदोलन के लिए मजबूर हो जाएंगे। मध्यप्रदेश, देश के शीर्ष गेहूं उत्पादक राज्यों में शामिल है। राज्य सरकार ने निर्णय किया है कि वह गेहूं की खरीद के दौरान किसानों को 2,585 रुपये प्रति क्विंटल के एमएसपी के साथ ही 40 रुपये प्रति क्विंटल का बोनस भी देगी। यानी राज्य सरकार द्वारा किसानों का गेहूं 2,625 रुपये प्रति क्विंटल के दाम पर खरीदा जाएगा। भारतीय किसान संघ के मालवा प्रांत (इंदौर-उज्जैन संभाग) के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पटेल ने इंदौर में संवाददाताओं से कहा, हर वर्ष 15 मार्च के आस-पास एमएसपी पर गेहूं की सरकारी खरीद शुरु हो जाती है, लेकिन इस साल इसकी तारीख लगातार बढ़ाई जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से गलत दावा किया जा रहा है कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से प्लास्टिक की बोरियों की किल्लत के चलते गेहूं खरीद टल रही है। गेहूं खरीद में देरी के कारण बैंकों और सहकारी समितियों का कर्ज नहीं चुका पाने से करीब 60 प्रतिशत किसान बकायादार घोषित किए गए हैं।

# इजराइल की रक्षा कंपनी ने भारत को हल्के मशीनगन की पहली खेप भेजी

यरुशलम। लाइट मशीनगन (एलएमजी) का निर्माण करने वाली इजराइल की एक प्रमुख कंपनी ने मेक इन इंडिया पहल के तहत भारत को प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के साथ हल्के मशीनगन की पहली खेप की आपूर्ति की है। इजराइल वेपन्स इंडस्ट्रीज (आईडब्ल्यूआई) ने एक विज्ञप्ति में कहा कि 41,000 इकाइयों के एक बड़े अनुबंध के तहत पिछले सप्ताहांत 2,000 नेगेव (7.62x51) एलएमजी की पहली खेप की आपूर्ति की गई तथा इस वर्ष के अंत में 4,000 और हल्के मशीनगन की आपूर्ति निर्धारित है।

यह आपूर्ति आईडब्ल्यूआई और अदाणी ग्रुप के संयुक्त उद्यम पीएलआर सिस्टम्स द्वारा की गई जो भारत में छोटे हथियार और गोला-बारूद का निर्माण करने वाली पहली निजी कंपनी है। यह उपलब्धि भारत की मेक इन इंडिया पहल के तहत प्रौद्योगिकी हस्तांतरण प्रक्रिया के सफल समापन के बाद हासिल हुई है। यह अनुबंध में तय की गयी समय-सारणी और उच्चतम गुणवत्ता मानकों के अनुसार उन्नत प्रणालियों की आपूर्ति करने की आईडब्ल्यूआई की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# खेती और तकनीक का संगम ही विकसित भारत का आधार

नयी दिल्ली, एक अप्रैल (भाषा) दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को खेती और तकनीक के संगम को विकसित भारत का आधार बताते हुए वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों से जल स्तर में सुधार, कृषि विकास और शहरी खेती को बढ़ावा देने में योगदान का आह्वान किया।

गुप्ता ने पर्यावरण संरक्षण को समय की सबसे बड़ी जरूरत बताते हुए अधिक वृक्षारोपण, वर्टिकल गार्डनिंग, (दीवार, जाली, स्टैंड या पाइप पर पौधे लगाना) जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन पर जोर दिया। गुप्ता ने भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर-आईएआरआई) के 122वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कि कहा कि उनकी सरकार ने पहली बार रिज क्षेत्र के लगभग 4200 हेक्टेयर को अधिसूचित कर हरित क्षेत्र बढ़ाने की दिशा में अहम कदम उठाया है और आईएआरआई से मिट्टी की उर्वरता, शहरी हरियाली व वैज्ञानिक पौधरोपण के लिए सहयोग मांगा है। उन्होंने प्राकृतिक संसाधनों के संतुलित उपयोग की आवश्यकता पर बल देते हुए वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और



विद्यार्थियों से जल स्तर में सुधार, कृषि विकास और शहरी खेती को बढ़ावा देने में योगदान का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान ने खेतों को प्रयोगशालाओं से जोड़ते हुए हरित क्रांति से लेकर आधुनिक तकनीकों तक भारत की खेती को नई दिशा दी है और खाद्य सुरक्षा व आत्मनिर्भरता को मजबूत किया है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने खाद्यान्न, पोषण और आजीविका सुरक्षा के लिए उन्नत फसल किस्में और प्रिसिशन फ्लोरिकल्चर व लैंडस्केप डिजाइन पर आधारित पुस्तकों का विमोचन भी किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने संस्थान में लगी प्रदर्शनी का दौरा भी किया। इस अवसर पर दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री रवीन्द्र इन्द्राज सिंह और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सचिव एवं महानिदेशक डॉ. मांगी लाल जाट समेत कई लोग उपस्थित थे। दिल्ली के समाज कल्याण, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री सिंह ने कहा कि दिल्ली के पारंपरिक जल स्रोतों को संरक्षित करना और पुनर्जीवित करना बेहद जरूरी है क्योंकि इससे दिल्ली के जल स्तर और पानी की गुणवत्ता में सुधार होगा।

# एक परिवार असम को लूट रहा है : प्रियंका गांधी

असम। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा पर बुधवार को निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि इस संसाधन संपन्न राज्य में केवल एक परिवार सब कुछ लूट रहा है जबकि आम लोगों के पास कुछ भी नहीं है।

वाद्रा ने यह भी आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार लोगों को डरा-धमकाकर काम कर रही है। विपक्ष के नेता और पार्टी के उम्मीदवार देबब्रत सैकिया के समर्थन में नाजिरा में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला किया और उन पर अमेरिका का गुलाम होने का आरोप लगाया। वाद्रा ने दावा किया, असम में एक परिवार सब कुछ लूट रहा है और जब वे लूटपाट नहीं कर रहे होते हैं तो खदानें, जमीनें और हर संपत्ति बड़े उद्योगपतियों को सौंप दी जाती है। उन्होंने असम में



भाजपा नीत सरकार के दौरान हर मोर्चे में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार होने का आरोप लगाते हुए शारदा, स्मार्ट सिटी और एनसी हिल्स जैसे कई पुराने घोटालों का मुद्दा उठाया। वाद्रा ने दावा किया, भाजपा ने कहा था कि उसने डबल इंजन वाली सरकार दी है। असल में यह दोहरी गुलामी वाली सरकार है। प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका की गुलामी में लगे हैं और हिमंत विश्व शर्मा मोदी की गुलामी कर रहे हैं। उन्होंने चाय बागान श्रमिकों की दैनिक मजदूरी बढ़ाने के वादे को पूरा करने में नाकाम रहने के लिए भाजपा सरकार पर हमला किया और इस बात पर जोर दिया कि बागानों के लोग संघर्ष कर रहे हैं। लोकसभा सदस्य ने कहा कि विभिन्न जनजातीय समुदाय के लोग अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिए जाने की वर्षों से मांग कर रहे हैं। भाजपा ने उन्हें अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने का वादा किया था लेकिन वे ऐसा करने में विफल रहे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि असम की महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं, विशेष रूप से प्रमुख गरीबी उन्मूलन योजना अरुणोदय से उनके नाम हटाने की धमकी देकर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की रैलियों में जबरन शामिल होने के लिए मजबूर किया जाता है।

# उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने राज्यसभा सदस्य सुधा मूर्ति की किताब का विमोचन किया

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने बुधवार को कहा कि भारत में लोकतांत्रिक परंपरायें निरंतर, समावेशी और समाज की गहराइयों में रची-बसी रही हैं। उन्होंने रेखांकित किया कि ये परंपराएं एक व्यापक सभ्यतागत लोकाचार का अभिन्न हिस्सा हैं, जो संवाद, सहमति और विविध मतों के सम्मान को सर्वोपरि मानता है।

राधाकृष्णन ने राज्यसभा सदस्य सुधा मूर्ति की किताब टाइड्स ऑफ टाइम : भारत्स हिस्ट्री थ्रू म्यूरल्स इन पार्लियामेंट का विमोचन करने के बाद संसद परिसर में अपने संबोधन में इस बात पर प्रकाश डाला कि उत्तर में वैशाली से लेकर दक्षिण में कुडावोलाई प्रणाली तक, भारत में लोकतांत्रिक परंपराएं हमेशा से चली आ रही हैं, जो समाज में गहराई से समाई हुई हैं और सभी को शामिल करती हैं। टाइड्स ऑफ टाइम : भारत्स हिस्ट्री थ्रू म्यूरल्स इन पार्लियामेंट का प्रकाशन लोकसभा सचिवालय ने किया है। इसके विमोचन कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भी मौजूद थे। राज्यसभा के सभापति राधाकृष्णन ने कहा कि ये परंपराएं एक व्यापक सभ्यतागत लोकाचार का हिस्सा हैं, जो संवाद, आम सहमति और विविध मतों का सम्मान करने पर जोर देता है। उन्होंने कहा कि यही बात भारत को लोकतंत्र की जननी बनाती है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि संविधान सदन (पुराना संसद भवन) में मौजूद भित्तिचित्र केवल कलाकृतियां ही नहीं हैं, बल्कि भारत की सभ्यतागत यात्रा को दर्शाने वाली दृश्य कथाएं हैं। महान तमिल कवि सुब्रमण्य भारती को उद्धृत करते हुए राधाकृष्णन ने भारत के समृद्ध ज्ञान, गरिमा, परोपकार और सांस्कृतिक गहराई पर प्रकाश डाला।

## इंटरटेनमेंट...

# फिल्म 'राजा शिवाजी' का टीजर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर रितेश देशमुख की फिल्म 'राजा शिवाजी' का पहला टीजर आज जारी कर दिया गया है। इस फिल्म में रितेश देशमुख मुख्य भूमिका निभाने के साथ-साथ डायरेक्शन की कमान भी संभाल रहे हैं। हाल ही में फिल्म 'धुरंधरः द रिवेंज' के साथ सिनेमाघरों में इसका एक्सक्लूसिव प्रिव्यू दिखाया गया।



अब इसे दुनिया भर के दर्शकों के लिए ऑनलाइन जारी कर दिया गया है। यह फिल्म 1 मई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसे मराठी के साथ-साथ हिंदी और तेलुगू भाषाओं में भी रिलीज किया जाएगा। फिल्म 'राजा शिवाजी' में रितेश देशमुख के साथ बॉलीवुड और मराठी सिनेमा के कई दिग्गज कलाकार नजर आएंगे। इनमें संजय दत्त, अभिषेक बच्चन, विद्या बालन, महेश मांजरेकर, सचिन खेडेकर, भाग्यश्री, फरदीन खान और जितेन्द्र जोशी जैसे नाम शामिल हैं। इसके अलावा बोमन ईरानी, अमोल गुप्ते और जेनेलिया देशमुख भी अहम किरदारों में दिखेंगे। मेकर्स ने इस फिल्म को एक बड़े पैन-इंडिया लेवल पर तैयार किया है। यह फिल्म छत्रपति शिवाजी महाराज की असाधारण विरासत और 'स्वराज्य' की स्थापना के उनके संकल्प पर आधारित है।

टीजर में फिल्म की भव्यता और इमोशनल गहराई की झलक मिलती है। रितेश देशमुख ने एक एक्टर और डायरेक्टर के तौर पर इस फिल्म में विजुअल ग्रैंड्योर और साहस की कहानी को पिरोने की कोशिश की है। फिल्म के एक्शन सीन्स और सिनेमैटोग्राफी को वर्ल्ड क्लास बनाने के लिए फेमस संतोष सिवन को बतौर सिनेमैटोग्राफर जोड़ा गया है। फिल्म को तकनीकी रूप से मजबूत बनाने के लिए बड़े नामों को जोड़ा गया है। फिल्म का जोड़ी अजय-अतुल ने तैयार किया है।

# सलमान खान की अगली फिल्म में नयनतारा की एंट्री

मुंबई। सलमान खान की अगली बड़ी फिल्म में एक्ट्रेस नयनतारा लीड रोल में नजर आएंगी। यह पहली बार होगा जब ये दो बड़े सितारे पर्दे पर एक साथ स्क्रीन शेयर करेंगे।



सलमान इस बार साउथ के फिल्ममेकर वामशी पेडिपल्ली और प्रोड्यूसर दिल राजू के साथ काम करे रहे हैं। इस फिल्म को अस्थायी नाम एसबीसी63 दिया गया है। यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म होगी। सोमवार को सलमान खान और प्रोडक्शन हाउस 'श्री वेंकटेश्वर क्रिएशन्स' ने सोशल मीडिया पर प्रोजेक्ट की घोषणा की थी। इस फिल्म में दर्शकों को एक्टिंग के दो अलग-अलग स्कूल देखने को मिलेंगे। सलमान खान जहां अपने खास स्वैग वाले अंदाज के लिए जाने जाते हैं, वहीं नयनतारा अपनी इंटेंस और कैरेक्टर-ड्रिवन परफॉर्मेंस के लिए फेमस हैं। मेकर्स का मानना है कि सलमान की स्टार पावर और नयनतारा की गहराई वाली एक्टिंग का यह मिश्रण पर्दे पर एक नई केमिस्ट्री पैदा करेगा।

**मेगा प्रोजेक्ट में पहली बार साथ दिखेंगे दोनों कलाकार, अप्रैल से शुरू होगी शूटिंग**

# अक्षय कुमार की वेलकम टू द जंगल का दुबई शूट कैंसिल



**मुंबई।** ईरान-इजरायल जंग के बीच कई देशों में तनाव है, जिससे कई बॉलीवुड फिल्मों की शूटिंग का शेड्यूल बदला जा रहा है। हाल ही में शाहरुख खान की मोस्ट अवेडेट फिल्म किंग का दुबई शूट कैंसिल किया गया है, जो 9 अप्रैल से होने वाला था। इसके बाद अब अक्षय कुमार की फिल्म वेलकम टू द जंगल की भी दुबई में होने वाली शूटिंग रद्द कर दी गई है। फिल्म के डायरेक्टर अहमद खान एक गाना दुबई में पूरी स्टारकास्ट के साथ शूट करना चाहते थे। डायरेक्टर ने हालात बेहतर होने का काफी दिनों तक इंतजार किया, लेकिन फिर दुबई शूट कैंसिल करने का फैसला लिया है। अब वो दुबई की जगह मुंबई में ही सेट तैयार करवाएंगे।

**तनाव के चलते मेकर्स अब मुंबई में बनायेंगे सेट, शाहरुख की किंग का भी शेड्यूल बिगड़ा**

# जुमानजी 3 पूरी, ड्वेन ने शेयर किए बीटीएस मोमेंट्स



**मुंबई।** फिल्म में डैनी डेविटो, निक जोनास, मारिन हिंकल, बेबे न्यूविर्थ, लैमोर्न मॉरिस और राइस डार्बी जैसे कलाकार एक बार फिर नजर आएंगे। हॉलीवुड स्टार ड्वेन जॉनसन, जिन्हें 'द रॉक' के नाम से भी जाना जाता है, उनकी अगली फिल्म पूरी हो गई है। ये खुशखबरी उन्होंने अपने फैंस को भी दी है। एडवेंचर फिल्म 'जुमानजी 3' के सेट से उन्होंने कुछ बिहाइंड द सीन्स तस्वीरें भी साझा की हैं, जो तेजी से वायरल हो रही हैं। ड्वेन ने तस्वीरें पोस्ट करते हुए लिखा कि यह उनके करियर के सबसे मजेदार और क्रिएटिव अनुभवों में से एक रहा है। उन्होंने पूरी टीम और कास्ट की जमकर तारीफ की और बताया कि पिछले 10 सालों से इस फ्रेंचाइज के साथ काम करना उनके लिए बेहद खास रहा है। फिल्म का निर्देशन जेक कासडन कर रहे हैं, जबकि इसे सोनी पिक्चर्स प्रोड्यूस कर रहा है। 'जुमानजी' फ्रेंचाइज की पिछली फिल्मों को दर्शकों से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था, जिसके बाद तीसरे पार्ट को लेकर एक्साइटमेंट पहले से ही हाई है। रिलीज की बात करें तो पहले यह फिल्म 11 दिसंबर 2026 को आने वाली थी लेकिन अब इसे क्रिसमस के मौके पर 24 दिसंबर 2026 के लिए शिफ्ट कर दिया गया है।

**ड्वेन ने लिखा - करियर के सबसे मजेदार और क्रिएटिव अनुभवों में से एक रहा है**




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com